नई दिल्ली

बुधवार 7 जनवरी 2026

माघ मास कृष्ण पक्ष,
चतुर्थी वर्ष : 29, अंक : 265
पृष्ठ 12 मूल्य 2.00

मौसम
अधि. 18
न्यून. 06

# हरिभूमि

दिल्ली, हरियाणा, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com


## बैठक में हुई विशेष चर्चा



**नई दिल्ली (ब्यूरो)।** हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने मंगलवार को नई दिल्ली में केंद्रीय जल शक्ति मंत्री सीआर पाटिल के साथ बैठक की। इस बैठक के दौरान प्रदेश के जल संसाधन प्रबंधन से जुड़े विषयों सहित अनेक समसामयिक एवं महत्वपूर्ण मुद्दों पर सार्थक चर्चा की गई। बैठक में राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा भी उपस्थित रहे।


SENSODYNE



दांतों में झनझनाहट?
पायें ₹20 में सुरक्षा





# अमेरिकी लॉबी फर्म के दावों पर दिल्ली के राजनयिक हलकों में हलचल, ऑपरेशन सिंदूर में अमेरिकी दखल पर फिर गरमाई बहस

हरिभूमि ब्यूरो ▸▸ नई दिल्ली

अमेरिका की एक लॉबी फर्म द्वारा किए गए हालिया फाइलिंग्स ने नई दिल्ली के राजनयिक और राजनीतिक हलकों में चर्चाओं को तेज़ कर दिया है। इन दस्तावेज़ों में फर्म ने दावा किया है कि उसने बीते एक वर्ष के दौरान भारत के कई शीर्ष अधिकारियों और ट्रंप प्रशासन के वरिष्ठ पदाधिकारियों के बीच बैठकों की व्यवस्था की थी। सभी बैठकें पाकिस्तान के खिलाफ भारत के सैन्य अभियान ऑपरेशन सिंदूर के कालखंड में आयोजित हुईं। फाइलिंग्स के अनुसार, जिन भारतीय अधिकारियों के नामों का उल्लेख किया गया है, उनमें विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर का भी नाम शामिल है। साथ ही विदेश सचिव विक्रम मिसरी, उप राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार पवन कपूर, और अमेरिका में भारत के राजदूत विनय क्वात्रा का नाम शुमार है। दावा किया गया है कि इन अधिकारियों की ट्रंप प्रशासन के उच्च पदस्थ अधिकारियों के साथ बैठकें कराई गईं। इसका खुलासा विदेश मामलों के जानकारों ने अमेरिका से इन खुलासों के बाद दिल्ली के राजनयिक समुदाय में कई सवाल




उठने लगे हैं, विशेषकर इस बात को लेकर कि एक निजी अमेरिकी लॉबी फर्म की भूमिका भारत-अमेरिका के आधिकारिक कूटनीतिक संवाद में किस हद तक रही है। जानकारों का कहना है कि इस तरह के दावे संवेदनशील माने जाते हैं, क्योंकि भारत की विदेश नीति और कूटनीतिक संपर्क सामान्यतः संस्थागत और सरकारी चैनलों के माध्यम से संचालित होते हैं। सूत्रों के अनुसार, अमेरिकी कानून के तहत लॉबी फर्मों को अपने कार्यों और संपर्कों का विवरण सार्वजनिक रूप से दर्ज कराना होता है। हालांकि, किसी बैठक की व्यवस्था किए जाने का दावा यह आवश्यक ▸▸ शेष पेज 5 पर

बेकाबू होते बांग्लादेश के हालात...

# अज्ञात हमलावरों ने धारदार हथियार से की हिंदू दुकानदार शरत मणि चक्रवर्ती की हत्या

***कट्टरपंथी उस्मान हादी की मौत के बाद से लेकर अब तक पड़ोसी देश में हुई किसी हिंदू की हत्या की यह छठी घटना है***



हरिभूमि ब्यूरो ▸▸ नई दिल्ली

बांग्लादेश में कट्टरपंथी भारत विरोधी छात्र नेता उस्मान हादी की मौत के बाद जैसे-जैसे आम चुनावों की तारीख नजदीक आ रही है। अल्पसंख्यकों खासकर हिंदुओं की एक के बाद एक बेहद निर्ममता के साथ की जा रही हत्याओं के मामले लगातार बढ़ते जा रहे हैं। ताजा मामला करीब 24 घंटे के अंदर हुई एक और हिंदू 40 वर्षीय शरत मणि चक्रवर्ती की हत्या से जुड़ा हुआ है। इससे पहले मणिरामपुर उपजिला के कोपलिया बाजार में 45 वर्षीय हिंदू राणा प्रताप की हमलावरों ने सिर में गोली मारकर हत्या कर दी थी। जबकि एक अन्य मामले में एक हिंदू विधवा महिला के साथ गैंगरेप की घटना भी सामने आ चुकी है। इन सभी मामलों को मिला लें तो बीते करीब एक पखवाड़े से कुछ अधिक (18 दिन) वक्त के भीतर पड़ोसी देश में किसी हिंदू अल्पसंख्यक के रूप में हुई शरत मणि की हत्या, छठी घटना के रूप में सबके सामने है। बताते चलें कि बांग्लादेश की मोहम्मद यूनुस की अगुवाई वाली अंतरिम सरकार हिंदू अल्पसंख्यकों की हत्या के इन तमाम मामलों पर फिलहाल मूक दर्शक की भूमिका में ही नजर आ रही है। जिसका प्रमाण किसी भी मामले में अब तक दोषियों की गिरफ्तारी से लेकर उन्हें किसी तरह की कोई कठोर सजा न दिए जाने के रूप में सबके ▸▸ शेष पेज 5 पर

### फेसबुक पोस्ट करना भारी पड़ा?

स्थानीय मीडिया रिपोर्ट की माने तो बीते सोमवार रात बांग्लादेश के पलाश उपजिला के चारसिंदूर बाजार में अपनी किराना दुकान चला रहे शरत मणि चक्रवर्ती पर अचानक अज्ञात हमलावरों ने धारदार हथियारों से हमला कर दिया और उसके बाद वो फरार हो गए। स्थानीय लोग आनन-फानन में शरत को अस्पताल ले जा रहे थे कि तभी बीच रास्ते में ही उनकी मौत हो गई। पुलिस फिलहाल मामले की तफ्तीश कर रही है। वहीं, मीडिया रिपोर्ट में यह भी कहा गया है कि शरत मणि चक्रवर्ती की अपनी दुकान के इलाके में किसी अन्य व्यक्ति से कोई विवाद या तनाव जैसी स्थिति भी नहीं थी। हां, इतना जरूर है कि पिछले साल के आखिरी दिसंबर महीने की 19 तारीख को शरत ने चर्चित सोशल मीडिया प्लेटफार्म फेसबुक पर एक पोस्ट की थी। जिसमें ▸▸ शेष पेज 5 पर

### सुरक्षा देने में नाकाम यूनुस सरकार

भारत ने बांग्लादेश में शांति और स्थिरता के माहौल की वकालत करते हुए वहां की आम जनता के साथ मजबूत संबंध बनाने को लेकर प्रतिबद्धता जताई है। साथ ही हाल ही में विदेश मंत्रालय ने एक चौंकाने वाली जानकारी साझा करते हुए बताया था कि पड़ोसी देश में पिछले साल अगस्त महीने में छात्रों के हिंसक विरोध-प्रदर्शन की वजह से जबरन देश छोड़ने पर मजबूर हुईं तत्कालीन प्रधानमंत्री शेख हसीना के मामले के बाद ▸▸ शेष पेज 5 पर


inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155 | airtel चैनल नं. 366


## खबर संक्षेप

### गर्लफ्रेंड सोफी शाइन से शादी करेंगे शिखर धवन

**नई दिल्ली।** भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व ओपनर बल्लेबाज शिखर धवन अगले महीने गर्लफ्रेंड सोफी शाइन से शादी करने जा रहे हैं। ये धवन की दूसरी शादी होगी और दोनों अगले महीने यानी फरवरी में शादी के बंधन में बंध सकते है। शिखर धवन और सोफी को पहली बार चैंपियंस ट्रॉफी के दौरान एक साथ देखा गया था और इसके बाद दोनों ने खुद ही इस रिश्ते पर मुहर लगाई थी। धवन जनवरी 2026 में 40 साल के हो गए और जब उन्होंने 40वां जन्मदिन मनाया था। तब सोफी ने सोशल मीडिया पर एक स्पेशल पोस्ट डाला था।



### सोनिया गांधी की तबीयत बिगड़ी, अस्पताल में भर्ती

**नई दिल्ली।** सांसद सोनिया गांधी को सांस संबंधी परेशानी के चलते अस्पताल में भर्ती कराया गया है। सर गंगा राम अस्पताल की ओर से जारी बयान के मुताबिक, उन्हें सोमवार रात करीब 10 बजे भर्ती कराया गया। उन्हें सांस लेने में तकलीफ हो रही थी। जांच में सामने आया कि ठंडे मौसम और प्रदूषण के संयुक्त असर के कारण उनका ब्रोंकियल अस्थमा हल्का बढ़ गया था। एहतियात के तौर पर डॉक्टरों ने उन्हें निगरानी में रखने का फैसला लिया।



नई दिल्ली में तैनात क्यूबा के राजदूत जुआन कार्लोस मार्सेन एगुइलेरा की अमेरिका को दो टूक

# वेनेजुएला पर हमला आतंकी कृत्य, ट्रंप का पागलपन ठीक करने के लिए भारत की मदद की दरकार

हरिभूमि ब्यूरो ▸▸ नई दिल्ली

वेनेजुएला पर अमेरिका के हालिया हमले और राष्ट्रपति निकोलस मादुरो के साथ की गई उनकी पत्नी की गिरफ्तारी के बेहद चिंताजनक वैश्विक घटनाक्रम के बीच नई दिल्ली में क्यूबा के राजदूत जुआन कार्लोस मार्सेन एगुइलेरा ने अमेरिका के सैन्य आक्रमण की कड़े शब्दों में निंदा करते हुए इसे 'एक अपराध' और 'आतंकवादी कृत्य' करार दिया है। साथ ही उन्होंने भारत को भी संकट की इस घड़ी में मदद के लिए आगे आने की अपील की है। एक न्यूज एजेंसी को दिए साक्षात्कार में एगुइलेरा ने कहा कि अमेरिका की ये हमला पूरी तरह से संयुक्त राष्ट्र (यूएन) के सिद्धांतों और उसके अलावा तमाम अन्य अंतरराष्ट्रीय कानूनों में शामिल सभी सिद्धांतों का खुला उल्लंघन है। इसके अलावा ये एक संप्रभु देश के खिलाफ की गई एकतरफा कार्रवाई है। ऐसी जटिल परिस्थिति के बीच वैश्विक दक्षिण समूह का एक अहम हिस्सा यानी भारत जैसे देशों को भी मदद देने के लिए आगे आना बेहद जरूरी है। जिससे समूह की आवाज को और अधिक ▸▸ शेष पेज 5 पर



### अमेरिका लगाता टैरिफ, देता धमकियां

उन्होंने राष्ट्रपति ट्रंप के नेतृत्व में अमेरिका के निंदनीय कदमों का उल्लेख करते हुए कहा कि उनके द्वारा दुनिया में टैरिफ युद्ध की शुरुआत से लेकर ईरान को दी गई सैन्य हमले की धमकी शामिल है। यह एक ऐसा अंतरराष्ट्रीय परिदृश्य है, जिसमें वैश्विक एकता की अनिवार्य रूप से आवश्यकता है। एक बार फिर से अपने पक्ष को दोहराते हुए राजदूत ने कहा कि किसी भी देश में अकेले इतना सामर्थ्य नहीं है कि वो अमेरिका को अलग-थलग कर सके या रोक सके। लेकिन अमेरिका के खिलाफ हम सभी को एक होना पड़ेगा और यही उपयुक्त समय है एक साथ खड़े ▸▸ शेष पेज 5 पर

### भारत की बेहद अहम केंद्रीय भूमिका

क्यूबा के राजदूत ने उभरते हुए अंतरराष्ट्रीय भू-राजनीतिक परिदृश्य के बीच कहा कि भारत की बेहद अहम भूमिका है और वो दुनिया की एक बड़ी शक्ति के रूप में जरूरी संतुलन स्थापित कर सकता है। जो कि सभी देशों के सतत भविष्य के लिए भी लाभप्रद साबित होगा। जुआन एगुइलेरा ने कहा कि मुझे पूरा विश्वास है कि वैश्विक दक्षिण की आवाज के रूप में भारत की बड़ी भूमिका है और यह भविष्य में लगातार मजबूत होती जा रही है। इस दृष्टिकोण से ▸▸ शेष पेज 5 पर

### आपसी सम्मान, सद्भावना पर टिका रिश्ता

उन्होंने भारत के साथ क्यूबा के संबंधों का आधार साझा सम्मान, सद्भावना और सहयोग को बताते हुए कहा, दोनों देश अपने द्विपक्षीय कूटनीतिक संबंधों की 66वीं वर्षगांठ मना रहे हैं। भारत ने अमेरिका की पाबंदियों के खिलाफ लाए गए क्यूबा के प्रस्ताव को 33 वर्षों से अधिक समय तक अपना समर्थन प्रदान किया।साथ ही हाल ही में तूफान के बाद राहत के रूप में वित्तीय मदद और दवाओं के लिए अनुदान भी दिया है। उन्होंने अमेरिका के नेताओं के ताजा बयानों की भी निंदा ▸▸ शेष पेज 5 पर

### भरोसेमंद भागीदार नहीं अमेरिका

राजदूत ने कहा कि अमेरिका के राष्ट्रपति द्वारा ग्रीनलैंड पर हमले की घोषणा ये दर्शाती है कि अमेरिका बिल्कुल भी भरोसेमंद भागीदार नहीं है। मेरी माने तो अमेरिका ने यह दिखा दिया है कि वो किसी के लिए भी भरोसेमंद साझेदार नहीं है। उन्होंने साफ कर दिया है कि उनके अपने हित हैं। जिसमें उन्हें आपसी सम्मान के हिसाब से वैश्विक संबंधों को विकसित करने में कोई रुचि नहीं है। अमेरिका-क्यूबा के बीच चले दीर्घकालिक तनाव का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि राज्य प्रायोजित आतंकवाद की सूची में क्यूबा को फिर से शामिल किया ▸▸ शेष पेज 5 पर

# भारतीय भाषाओं को खत्म करने के हुए कई प्रयास, लेकिन वो समय की कसौटी पर हमेशा खरी उतरीं: मंत्री प्रधान

- राजधानी में मंगलवार को भारतीय शास्त्रीय भाषाओं में 55 साहित्यिक कृतियां जारी करते हुए बोले केंद्रीय शिक्षा मंत्री

हरिभूमि ब्यूरो ▸▸ नई दिल्ली

केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने मंगलवार को नई दिल्ली में आयोजित किए गए एक समारोह के दौरान भारतीय शास्त्रीय भाषाओं की कुल 55 साहित्यिक कृतियां जारी कीं। जिसमें तमिल, ओड़िया, मलयालम, तेलुगु, कन्नड़ जैसी भाषाओं में भारतीय भाषा संस्थान (सीआईआईएल) के तहत शास्त्रीय भाषाओं के लिए सेंटर ऑफ एक्सीलेंस की ओर से तैयार की गई 41 पुस्तकें, केंद्रीय शास्त्रीय तमिल संस्थान की ओर से लाई गई 13 पुस्तकें और तिरुक्कुरल सांकेतिक भाषा संग्रह मुख्य है। इस अवसर पर अपने संबोधन में उन्होंने इतिहास में भारतीय भाषाओं को खत्म करने के लिए हुई कई प्रयासों का उल्लेख करते हुए कहा कि इसके बाद भी यह तमाम भाषाएं समय की कसौटी पर हमेशा खरी उतरी हैं। प्रधान ने कहा कि भारत लोकतंत्र ▸▸ शेष पेज 5 पर



# वायु प्रदूषण समस्या से निपटने के लिए राजस्थान एवं पंजाब की कार्य योजनाओं की हुई समीक्षा

***भूपेंद्र यादव ने दिल्ली-एनसीआर की वायु गुणवत्ता में सुधार लाने के लिए सार्वजनिक परिवहन, नगरपालिका ठोस अपशिष्ट प्रबंधन एवं फसल अवशेष प्रबंधन पर प्राथमिक उपायों का निर्देश दिया***



हरिभूमि ब्यूरो ▸▸ नई दिल्ली

केंद्रीय पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री भूपेंद्र यादव ने मंगलवार को दिल्ली-एनसीआर में वायु प्रदूषण समस्या से निपटने के लिए राजस्थान एवं पंजाब की राज्य सरकारों की कार्य योजनाओं की विस्तृत समीक्षा करने के लिए एक उच्च स्तरीय बैठक की अध्यक्षता की। यह अपनी तरह की समीक्षाओं की श्रृंखला में पांचवीं बैठक थी, जो मंत्री द्वारा तीन दिसंबर 2025 को आयोजित पिछली समीक्षा बैठक में दिए गए निर्देशों के अनुसार निर्धारित मापदंडों एवं प्रारूपों पर आयोजित की गई थी। दिल्ली-एनसीआर में पूरे वर्ष खराब रहने वाली वायु गुणवत्ता पर चिंता व्यक्त करते हुए मंत्री ने कहा कि जनवरी 2026 से कार्य योजनाओं की ▸▸ शेष पेज 5 पर

यूएई यात्रा के दौरान एनडीसी अधिकारियों को संबोधित करते हुए बोले जनरल उपेंद्र द्विवेदी

# क्षेत्रीय, वैश्विक सुरक्षा के लिए भारत-यूएई के बीच चाहिए मजबूत सहयोग: सेनाप्रमुख

हरिभूमि ब्यूरो ▸▸ नई दिल्ली

घरेलू और वैश्विक स्तर पर बनी हुई जटिल सुरक्षा चुनौतियों के बीच सेनाप्रमुख जनरल उपेंद्र द्विवेदी इन दिनों संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) की आधिकारिक यात्रा पर हैं। इसी के तहत उन्होंने मंगलवार को यूएई के राष्ट्रीय रक्षा महाविद्यालय (एनडीसी) के अधिकारियों को संबोधित किया। जिसमें सेनाप्रमुख ने भारत के इस मित्र देश में वरिष्ठ



सैन्य अधिकारियों की नेतृत्व भूमिका पर जोर देते हुए कहा कि सहजीवी परिणाम हासिल करने और उसके साथ ही क्षेत्रीय, वैश्विक शांति और ▸▸ शेष पेज 5 पर

### आधुनिक युग में प्रौद्योगिकी का बड़ा महत्व

यूएई के एनडीसी अधिकारियों को संबोधित करते हुए जनरल द्विवेदी ने तेजी से विकसित हो रहे अंतरराष्ट्रीय सुरक्षा परिदृश्य और आधुनिक संघर्षों के बदलते स्वरूप पर भी प्रकाश डाला। साथ ही आधुनिक युद्ध में प्रौद्योगिकी के महत्व को भी उन्होंने प्रमुखता के साथ रेखांकित किया।

सोमवार रात हुए विरोध प्रदर्शन का कथित वीडियो आया

उमर खालिद पर फैसले के बाद

# जेएनयू छात्रों ने मोदी, शाह के खिलाफ विवादास्पद नारे लगाए

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

उच्चतम न्यायालय द्वारा 2020 के दिल्ली दंगा साजिश मामले में उमर खालिद और शरजील इमाम को जमानत देने से इनकार किए जाने के बाद जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय (जेएनयू) के छात्रों के एक समूह ने विश्वविद्यालय परिसर के भीतर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के खिलाफ विवादास्पद नारे लगाए। सोमवार रात हुए विरोध प्रदर्शन के कथित वीडियो के अनुसार, मोदी और शाह की निंदा करते हुए नारे लगाए गए।



जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय छात्र संघ की अध्यक्ष अदिति मिश्रा ने कहा कि छात्र पांच जनवरी, 2020 को परिसर में हुई हिंसा की निंदा करने के लिए हर साल विरोध प्रदर्शन करते हैं। मिश्रा ने कहा कि विरोध प्रदर्शन के दौरान लगाए गए सभी नारे वैचारिक थे और वे किसी पर व्यक्तिगत हमला नहीं थे। वे किसी को लक्ष्य करके नहीं लगाए गए थे। इस बीच, एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने कहा कि नारों के संबंध में कोई शिकायत नहीं मिली है।

हालांकि, दिल्ली के मंत्रियों आशीष सूद एवं मनजिंदर सिंह सिरसा ने इस घटना की निंदा की और विपक्ष पर ऐसे कृत्यों में लिप्त लोगों का समर्थन करने का आरोप लगाया। सूद ने दिल्ली विधानसभा के शीतकालीन सत्र के दूसरे दिन की शुरुआत से ▸▸ शेष पेज 5 पर

### मोदी, शाह के खिलाफ जेएनयू परिसर में लगाए गए नारों पर कड़ी कार्रवाई होगी: विश्वविद्यालय

जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय (जेएनयू) ने जनवरी 2020 में परिसर में हुई हिंसा की निंदा करने के लिए आयोजित एक विरोध प्रदर्शन में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के खिलाफ नारे लगाने वाले छात्रों के विरुद्ध कठोरतम कार्रवाई का वादा मंगलवार को किया। सोमवार रात को, छात्रों के एक समूह ने जेएनयू परिसर में मोदी और शाह के खिलाफ नारे ▸▸ शेष पेज 5 पर

## हीटर में ब्लास्ट के बाद लगी आग

# डीएमआरसी क्वार्टर में आग लगने से इंजीनियर, पत्नी और बेटी की मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली



आदर्श नगर में सोमवार देर रात डीएमआरसी क्वार्टर में आग लगने से एक इंजीनियर, पत्नी और बेटी की मौत हो गई। रूम हीटर में शॉट सर्किट व ब्लास्ट से आग लगने की आशंका है। मृतकों के नाम डीएमआरसी के सहायक खंड अभियंता (सिग्नल एवं दूरसंचार) अजय विमल (42), पत्नी नीलम (38) और बेटी जाह्नवी बताये गये हैं।

पुलिस के अनुसार देर रात दो बजकर 39 मिनट पर मुकुंदपुर में मजलिस पार्क मेट्रो स्टेशन के सामने मेट्रो अपार्टमेंट की पांचवीं मंजिल पर भीषण आग लगने की सूचना मिली थी। इस अपार्टमेंट में दिल्ली मेट्रो के कर्मचारी रहते हैं। सोसाइटी की आंतरिक अग्निशमन प्रणाली चालू कर दी गई थी और दमकल कर्मियों के पहुंचने से पहले ही आग पर काबू पा लिया गया था। घटना के समय परिवार के तीनों सदस्य एक कमरे में थे और वे गंभीर रूप से झुलस गए, जिससे उनकी मृत्यु हो गई। आग लगने के कारण की जांच की जा रही है। हालांकि, प्रारंभिक संकेतों से पता चलता है कि रूम हीटर में शॉर्ट सर्किट हुआ होगा। मामले की जांच जारी है। डीएमआरसी ने एक आधिकारिक बयान में अपने एक कर्मी और उनके परिवार की मौत की पुष्टि की। डीएमआरसी के प्रधान कार्यकारी निदेशक (कॉर्पोरेट संचार) अनुज दयाल ने बताया कि यह घटना लगभग रात में दो बजकर 34 मिनट पर हुई। दयाल ने कहा, तत्काल कार्रवाई और प्रयासों के बावजूद परिवार को नहीं बचाया जा सका। पुलिस इस दुखद घटना की परिस्थितियों की जांच कर रही है। उन्होंने कहा कि डीएमआरसी पुलिस अधिकारियों को हर संभव सहयोग प्रदान कर रही है और शोक संतप्त परिजनों के साथ है। दिल्ली अग्निशमन सेवा के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि रात दो बजकर 39 मिनट पर सूचना मिलने पर दमकल की छह गाड़ियां मौके पर भेजी गई। दमकल अभियान के दौरान राकेश नामक एक कर्मी के हाथ में चोट लग गई। बीजेआरएम अस्पताल में इलाज के बाद राकेश को छुट्टी दे दी गई।

## आधा दर्जन नाबालिगों ने किशोर को पीट पीटकर उतारा मौत के घाट

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली



पूर्वी दिल्ली के त्रिलोकपुरी इलाके में किशोरों के एक समूह द्वारा कथित तौर पर किए गए हमले में 17 वर्षीय छात्र की मौत हो गई। मृतक किशोर का नाम मोहित बताया गया है। घटना सोमवार शाम को हुई और इस मामले में छह नाबालिगों को पुलिस ने पकड़ने का दावा किया है।

एडिशनल सीपी अभिषेक धानिया ने बताया कि कक्षा 11 में पढ़ने वाले मोहित को कई नाबालिगों ने घेर लिया और उस पर तब तक लात-घूंसे बरसाते रहे जब तक वह अचेत होकर जमीन पर नहीं गिर गया। एक प्रत्यक्षदर्शी ने जब बीच-बचाव करने का प्रयास किया तो समूह ने उस पर भी हमला किया। अधिकारी ने बताया कि सोमवार शाम सात बजकर 25 मिनट पर लाल बहादुर शास्त्री अस्पताल से पुलिस को सूचना मिली कि पिटाई के कारण बेहोश हुए किशोर को भर्ती करवाया गया है। प्राथमिक उपचार करने के बाद मोहित की चोटों की गंभीरता को देखते हुए उसे आगे के इलाज के लिए गुरु तेग बहादुर (जीटीबी) अस्पताल में रेफर कर दिया गया था। किशोर बयान देने की स्थिति में नहीं था। लेकिन एक प्रत्यक्षदर्शी ने पुलिस को बताया कि किशोर का इलाके के एक नाबालिग के साथ लंबे समय से विवाद था। पीड़ित और उस समूह के बीच सोमवार शाम कहासुनी हुई, जो जल्द ही हाथापाई में बदल गई। उपचार के दौरान किशोर ने दम तोड़ दिया और पुलिस को जीटीबी अस्पताल से रात लगभग एक बजकर 15 मिनट पर उसकी मौत की सूचना मिली। मौत के बाद पुलिस ने हत्या का मामला दर्ज किया और टीम गठित कर घटना में शामिल छह नाबालिगों को हिरासत में लिया।

## डेयरी कारोबारी की हत्या करने वाले दो शूटर दबोचे

**नई दिल्ली।** अपराध शाखा ने दक्षिण दिल्ली के फतेहपुर बेरी इलाके में डेयरी कारोबारी रतन लाल की ताबड़तोड़ गोलियां बरसाकर हत्या में वांछित दो शूटरों को मुठभेड़ के बाद पकड़ लिया गया। बदमाशों ने पुलिस कार्रवाई के दौरान टीम पर भी गोलियां चलाई, आत्मरक्षा में जवाबी कार्रवाई के बाद दोनों को दबोच लिया गया।

पुलिस के अनुसार इस दौरान दोनों आरोपी गोली लगने से घायल हो गए और उन्हें अस्पताल ले जाया गया। प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें अरेस्ट किया गया। मुठभेड़ के दौरान एक गोली एक पुलिसकर्मी की बुलेटप्रूफ जैकेट पर भी लगी। पुलिसकर्मी सुरक्षित है। पिछले साल 30 नवंबर को रतन लाल की उनके आवास के पास उस समय गोली मारकर हत्या कर दी गई थी, जब वह तड़के अपनी डेयरी जाने के लिए निकले थे। हमलावरों ने उन पर 69 गोलियां दागी थी। पुलिस सूत्रों के अनुसार, यह एक सुनियोजित हत्या थी और हमलावरों ने वारदात को अंजाम देने से पहले कई घंटों तक इलाके की रेकी की थी।

## युवक को अगवा कर यूपीआई से 40 हजार वसूले, तीन गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

उत्तर-पश्चिमी दिल्ली के मुखर्जी नगर इलाके में एक व्यक्ति को कथित रूप से अगवा करने के बाद उसके साथ मारपीट की गयी और पिस्तौल दिखा कर यूपीआई के माध्यम से 40 हजार रुपये ट्रांसफर करवा लिये। केस में सचिन उर्फ मोहित (24), अजय शर्मा (22) और दीपक उर्फ डीसी (22) को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस के अनुसार घटना दो जनवरी को उस वक्त की है जब शिकायतकर्ता कुलदीप मछली बाजार से अपनी झुग्गी लौट रहा था। उसे एक कमरे में बंधक बनाकर रखा गया और हाथ पैर बांधकर मारपीट की गई। आरोपियों ने उससे 50 हजार रुपये की मांग की और उसे अपनी कंपनी के प्रबंधक को फोन करने के लिए मजबूर किया। इसके बाद क्यूआर कोड के जरिये कई बार में 40 हजार रुपये ट्रांसफर करा लिये। पीड़ित ने अपने मकान मालिक की मदद से खुद को मुक्त कराया और पुलिस के पास पहुंचा। विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया है। पुलिस के अनुसार, आरोपियों के कब्जे से कारतूस, एक देसी पिस्तौल, बटन वाला चाकू और एक मोबाइल फोन बरामद हुआ है। पीड़ित से कथित तौर पर वसूली गई रकम में से 37,500 रुपये भी बरामद कर लिए गए हैं, जिनमें 27,500 रुपये नकद हैं। पुलिस ने बताया कि सचिन उर्फ मोहित आदतन अपराधी है और मुखर्जी नगर थाने में दर्ज बदमाशों की सूची में उसका नाम शामिल है। उस पर हत्या, लूट, झपटमारी, चोरी और हथियार अधिनियम सहित 18 आपराधिक मामले दर्ज हैं।

# बाहरी उत्तरी दिल्ली में 16 वांछित लुटेरे अरेस्ट

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली



दिल्ली पुलिस ने बाहरी उत्तरी दिल्ली के इलाकों में सरेराह होने वाले अपराधों पर लगाम लगाने के लिए चलाए गए एक व्यापक अभियान में 16 वांछित लुटेरों, झपटमारों और ऑटो-चोरों को गिरफ्तार किया है। इसके साथ ही पुलिस ने चोरी के वाहन, मोबाइल फोन, सोने के आभूषण और हथियार भी बरामद किए हैं। एक अधिकारी ने मंगलवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि समन्वित अभियान के परिणामस्वरूप नरेला औद्योगिक क्षेत्र पुलिस थाने में दर्ज डकैती के दो मामले, झपटमारी के आठ मामले, मोटर वाहन चोरी के सात मामले, हत्या के प्रयास का एक मामला और शस्त्र अधिनियम का एक मामला सुलझा लिया गया। पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि चोरी के दो ट्रक, सात दोपहिया वाहन, एक कार, 11 मोबाइल फोन, सोने की तीन वस्तुएं, दो चाकू और दस्तावेज भी बरामद वस्तुओं में शामिल हैं। उन्होंने बताया कि इस अभियान के दौरान 100 से अधिक आपराधिक मामलों में शामिल कई आदतन अपराधियों को पकड़ा गया। तीन जनवरी को मेट्रो विहार में एक व्यक्ति से मोबाइल फोन, नकदी और दस्तावेज लूटने के मामले में एक नाबालिग सहित चार आरोपियों को पकड़ा गया। पुलिस ने बताया कि आरोपियों में 20 वर्षीय एक युवक भी शामिल है जो छह आपराधिक मामलों में शामिल था। चार जनवरी को दर्ज डकैती के एक अन्य मामले में, बावना इलाके में एक स्कूटर सवार को चाकू दिखाकर उससे सोने के गहने, मोबाइल फोन, नकदी और स्कूटर लूटने के आरोप में तीन नाबालिगों को पकड़ा गया। चोरी हुए गहने, स्कूटर और अपराध में इस्तेमाल किया गया हथियार बरामद कर लिया गया। पुलिस ने सिरासपुर के एक कुख्यात लुटेरे और बदमाश को भलस्वा डेयरी से शस्त्र अधिनियम के तहत गिरफ्तार किया है। उसके पास से चाकू और चोरी की मोटरसाइकिल बरामद हुई है। पुलिस ने बताया कि आरोपी के खिलाफ पहले से 29 आपराधिक मामले दर्ज हैं। उसकी गिरफ्तारी से हत्या के प्रयास और छीना-झपटी समेत तीन और मामले सुलझाने में मदद मिली है। पुलिस ने बताया कि अलीपुर और समयपुर बादली इलाकों में भी झपटमारी के कई मामलों को सुलझाया गया, जिसमें आदतन अपराध करने वालों की गिरफ्तारी और अपराधों में इस्तेमाल किए गए चोरी के मोबाइल फोन और मोटरसाइकिलें बरामद की गईं। अधिकारी ने कहा कि अलग-अलग अभियानों में, पुलिस ने ऑटो-चोर गिरोह का भंडाफोड़ किया और नरेला औद्योगिक क्षेत्र और स्वरूप नगर पुलिस थानों के अंतर्गत आने वाले इलाकों से ट्रकों सहित चोरी के कई वाहन बरामद किए। पुलिस ने बताया कि अभियान के दौरान चोरी के कुल 10 वाहन बरामद किए गए, जिनमें सात दोपहिया वाहन, दो ट्रक और एक कार शामिल हैं।

# मादक पदार्थ तस्कर से 2.76 किलो चरस बरामद



हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

क्राइम ब्रांच ने हिमाचल प्रदेश से दिल्ली एनसीआर समेत विभिन्न राज्यों में चरस की सप्लाई करने के आरोप में एक शख्स को गिरफ्तार किया है। इसके पास से 2.76 किलो चरस बरामद हुई। आरोपी पहले साड़ियों के व्यापार में था लेकिन मादक पदार्थ तस्करी से होने वाली मोटी कमाई के लालच में आकर वह इस रैकेट का हिस्सा बन गया।

पुलिस के अनुसार महाराष्ट्र के ठाणे के निवासी आरोपी जमाल अख्तर अंसारी (39) को पूर्वी दिल्ली के अक्षरधाम के पास से गिरफ्तार किया गया। पुलिस से बचने के लिए अंसारी ने कथित तौर पर कई हथकंडे अपनाए। इनमें हिमाचल प्रदेश जाने से पहले कुछ दिनों तक दिल्ली में रुकना, लौटते समय चंडीगढ़ में ठहरना, निजी बसों से यात्रा न करना और फर्जी पहचान का इस्तेमाल कर ट्रेन से सफर करना शामिल है। आरोपी हिमाचल प्रदेश से दिल्ली, मुंबई और गोवा सहित विभिन्न राज्यों में चरस की आपूर्ति में शामिल था। वह नये साल के दौरान चरस वितरित करने की योजना बना रहा था। पूछताछ के दौरान अंसारी ने खुलासा किया कि वह पहले साड़ी का व्यवसाय करता था, लेकिन मादक पदार्थों की तस्करी से होने वाले भारी मुनाफे ने उसे आकर्षित किया जिसके बाद उसने अंतरराज्यीय स्तर पर चरस की आपूर्ति शुरू कर दी। पुलिस के अनुसार, बरामद खेप मुंबई स्थित एक मादक पदार्थ आपूर्तिकर्ता को पहुंचाई जानी थी। पुलिस मादक पदार्थ तस्कर के अन्य साथियों की पहचान करने की कोशिश कर रही है।

## मेट्रो अकादमी ने डीबी आरआरटीएस इंडिया के अधिकारियों को दी सफलतापूर्वक ट्रेनिंग





हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

दिल्ली मेट्रो रेल निगम अकादमी ने तीन बैच में डीबी आरआरटीएस इंडिया के 31 अधिकारियों के लिए ट्रेन ऑपरेशन के लिए वर्किंग कंप्लायंस पर एक सफल ट्रेनिंग प्रोग्राम आयोजित किया। यह प्रोग्राम हर बैच के लिए दो-दो दिन के सेशन में हुआ, जिसमें स्ट्रक्चर सेशन, केस स्टडी और इंटरैक्टिव चर्चाओं के ज़रिए कानूनी और ऑपरेशनल कंप्लायंस की समझ को मजबूत करने पर ध्यान दिया गया। इस पहल ने ट्रेन ऑपरेशन में सुरक्षा, विश्वसनीयता और ऑपरेशन दक्षता में बेहतरीन तरीकों को बढ़ावा दिया। इसे अकादमी ने शहरी रेल सिस्टम में क्षमता निर्माण और उत्कृष्टता के प्रति अपनी लगातार प्रतिबद्धता के तहत आयोजित और संचालित किया।

## दिल्ली वालों ने सर्दियों में बिजली की मांग का तोड़ा रिकॉर्ड, बनाया 5816 मेगावाट का नया इतिहास

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली



सर्दियों के मौसम में बिजली की मांग का दिल्ली वालों ने मंगलवार को पुराना रिकॉर्ड तोड़ते हुए 5816 मेगावाट बिजली खपत का नया इतिहास बना दिया है। स्टेट लोड डिस्पैच सेंटर (एसएलडीसी) दिल्ली पर दर्ज आंकड़ों के अनुसार 6 जनवरी 2026 मंगलवार को सुबह 10.26 बजे 5816 मेगावाट बिजली की खपत दर्ज हुई। यह आंकड़ा गत वर्ष 2024 में बने रिकॉर्ड 5655 मेगावाट से कहीं अधिक है। इससे पहले एक जनवरी 2026 को बिजली की मांग का आंकड़ा 5603 मेगावाट तक पहुंच गया था। वहीं 2 जनवरी 2026 को बिजली की मांग में गिरावट के बाद आंकड़ा रहा 5596 मेगावाट। जबकि 31 जनवरी 2025 काब जली की कुल खपत रही 5505 मेगावाट। मंगलवार को बिजली की रिकार्ड मांग के चलते दिल्ली में कई जगह बिजली कटौती की खबर है। लेकिन निजी बिजली वितरण कंपनियां इससे इंकार कर रही है। बीएसईएस व टाटा पावर डीडीएल के अधिकारियों का कहना है कि 6 जनवरी 2026 को दिल्ली ने सर्दी के मौसम में अब तक के पुराने सभी रिकॉर्ड तोड़ते हुए 5816 मेगावाट बिजली की खपत का नया रिकार्ड बनाया है। बावजूद इसके दिल्ली में निर्बाध बिजली आपूर्ति की गई। इन कंपनियों का दावा है कि छह हजार मेगावाट या इससे अधिक मांग को भी निर्बाध तरीके से पूरी करने में कोई दिक्कत नहीं है। जानकारी अनुसार बीएसईएस की इकाई बीआरपीएल अधिकृत क्षेत्र में बिजली की अधिकतम मांग 2532 मेगावाट और दूसरी इकाई बीवाईपीएल अधिकृत क्षेत्र में अधिकतम मांग 1158 मेगावाट दर्ज हुई। जबकि टाटा पावर डीडीएल प्रवक्ता के अनुसार मंगलवार को इस सीजन की अब तक की सबसे अधिक 1,806 मेगावाट की पीक लोड मांग को सफलतापूर्वक पूरा किया। दोनों कंपनियों का दावा है कि सर्दियों की अधिकतम मांग के अनुमान के तहत पहले से ही सभी तैयारियां की गई थी। इसमें विभिन्न स्तोत्रों से बिजली की आपूर्ति, लोकल फाल्ट को जल्द से जल्द ठीक करना, कॉल सेंटर टीमों को भी अलर्ट पर रखना व अन्य सभी तरीके अपनाए गए।

## 16.5 लाख की संपत्ति धोखाधड़ी में शामिल महिला दबोची

**नई दिल्ली।** क्राइम ब्रांच ने उत्तर-पश्चिम जिले के आदर्श नगर इलाके में 16.5 लाख रुपये की संपत्ति धोखाधड़ी के मामले में फरार महिला को गिरफ्तार किया गया है। आरोपी महिला का नाम मेहनाज है। इस पर एक घर का दो बार सौदा करने का आरोप है। धोखाधड़ी का केस 2023 में दर्ज किया गया था, जिसके बाद से महिला फरार चल रही थी।पुलिस के अनुसार इस संबंध में आदर्श नगर थाने में मामला दर्ज किया गया था। शिकायतकर्ता ने आरोप लगाया कि मेहनाज ने संपत्ति के लिए अग्रिम के रूप में 16.5 लाख रुपये लिए थे। जांच के दौरान पता चला कि वह संपत्ति पहले ही बेची जा चुकी थी। शिकायतकर्ता द्वारा धन वापसी की मांग करने पर महिला ने जवाब देना बंद कर दिया था। प्राथमिकी दर्ज कर जांच शुरू की गई। लेकिन बार-बार नोटिस दिए जाने के बावजूद आरोपी ने जांच में सहयोग नहीं किया, जिसके चलते स्थानीय अदालत ने 2024 में उसे भगौड़ा अपराधी घोषित करार दिया था। इसके बाद 2025 की शुरुआत में आरोप पत्र दाखिल किया गया। अपराध शाखा की एक टीम को एक जनवरी को उसके ठिकाने के बारे में सूचना मिली। सूचना के आधार पर पुरानी दिल्ली के दरियागंज इलाके में छापा मारा गया और उसे पकड़ लिया गया। आरोपी घनी आबादी वाले इलाके में किराए के मकान में रहकर पकड़े जाने से बचने की कोशिश कर रही थी।

**पूर्वोत्तर रेलवे**

**ई–निविदा**

निम्नलिखित कार्य के लिए ई–निविदा भारत के राष्ट्रपति की ओर से उप मुख्य विद्युत इंजीनियर, यॉत्रिक कारखाना, पूर्वोत्तर रेलवे, गोरखपुर द्वारा आमन्त्रित की जाती है :–

निविदा सं. एवं कार्य का विवरण: EL-MWS-GKP-2025-26-18, कोच अल्टरेशन इन इलेक्ट्रिकल सिस्टम इन 1000 कोचेज ऑफ 2–टियर एल०एच०बी०, एलॉटेड क्वांटिटी 50 नं० कोचेज। अनुमानित लागत : Rs. 70,35,486.50/-, बयाने की राशि : Rs. 1,40,700/-, निविदा प्रपत्र का मूल्य: शून्य, कार्य पूर्ण करने की समय/अवधि स्वीकार पत्र जारी होने के तिथि से – 12 महीना।

● आन लाइन ई–निविदा जमा करने की तिथि 27.01.2026 समय 11:00 बजे तक। ● पूर्ण विवरण एवं निविदा की प्रस्तुति करने के लिए भारतीय रेल के वेबसाइट www.ireps.gov.in पर देखे। ● यदि निविदा सूचना में हिन्दी एवं अंग्रेजी में अन्तर होता है तो निविदा सूचना में अंग्रेजी संस्करण ही मान्य होगा।

**उप मुख्य विद्युत इंजीनियर(कार.)/पू.उ.रे./गोरखपुर**

**मुजाधि/विद्युत – 235**

गाड़ियों की छतों व पायदान पर कदापि यात्रा न करें।

**अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

**धारा 82 CrPC / 84 भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता-2023 देखिए**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **सन्नी पुत्र** भूपेन्द्र, **निवासी** डी–249, जेजे कॉलोनी, रघुबीर नगर, ख्याला, पश्चिमी दिल्ली, ने **FIR No. 157/2021, Dt. 17.04.2021, U/S 33 Delhi Excise Act, पुलिस स्टेशन मोती नगर, पश्चिम जिला, नई दिल्ली,** के अधीन दंडनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किया गया गिरफ्तारी के वारंट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **सन्नी** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **सन्नी** फरार हो गया है (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **FIR No. 157/2021, Dt. 17.04.2021, U/S 33 Delhi Excise Act, पुलिस स्टेशन मोती नगर, पश्चिम जिला, नई दिल्ली,** के उक्त अभियुक्त **सन्नी** से अपेक्षा की जाती है कि वे इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **10.02.2026** को या इससे पहले हाज़िर हो।

**आदेशानुसार**
**श्री अंशुल सिंघल**
**न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी–04 (पश्चिम)**
**कमरा संख्या–268, तीस हजारी कोर्ट, दिल्ली**

**DP/208/WD/2026**
**(Court Matter)**

**अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

**धारा 82 Cr.PC / 84 भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता, 2023 देखें**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्तः **ओम प्रकाश शर्मा, पुत्र खेम चंद शर्मा, निवासीः डी–7463–64, जहांगीर पुरी, दिल्ली** ने अपराध किया है (या किए जाने का संदेह है) **FIR No. 420/2014 धारा 19(3) प्री–कॉन्सेप्शन, नेटल और प्री–नेटल डायग्नोस्टिक्स एक्ट** के तहत एक मामला **थाना जहांगीर पुरी, उत्तर पश्चिम जिला, दिल्ली** में दर्ज किया गया है और उसके बाद जारी गिरफ्तारी वारंट को यह कहते हुए वापस कर दिया गया कि अभियुक्त **ओम प्रकाश शर्मा** नहीं मिला या मेरी संतुष्टि के लिए दिखाया गया है कि अभियुक्त **ओम प्रकाश शर्मा** फरार हो गया है (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)।

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा कि **FIR No. 420/2014 धारा 19(3) प्री–कॉन्सेप्शन, नेटल और प्री–नेटल डायग्नोस्टिक्स एक्ट, थाना जहांगीर पुरी, उत्तर पश्चिम जिला, दिल्ली** के अभियुक्त **ओम प्रकाश शर्मा** को उक्त परिवाद का जवाब देने के लिए **दिनांक 06.02.2026** को या उससे पहले अदालत के समक्ष उपस्थित होना आवश्यक है।

**आदेशानुसार, श्रीमती ज्योति नैन,**
**न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी–07,**
**उत्तर–पश्चिम, कमरा नंबर 6, रोहिणी कोर्ट, दिल्ली।**

**DP/265/NW/2026**
**(अदालती मामला)**

## शिक्षा मंत्री ने पूर्व मुख्यमंत्री को लिखा पत्र

# कुत्तों की गिनती वाले दावे पर सार्वजनिक रूप से माफी मांगें केजरीवाल : सूद

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली



दिल्ली के शिक्षा मंत्री आशीष सूद ने मंगलवार को आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक और पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल पर आवारा कुत्तों की गणना के लिए सरकारी स्कूल के शिक्षकों की तैनाती के संबंध में गलत और भ्रामक बयान देने का आरोप लगाया और उनसे सार्वजनिक रूप से माफी की मांग की। आशीष सूद ने अरविंद केजरीवाल पर आरोप लगाते हुए कहा कि उनकी राजनीति 'झूठ बोलो और भाग जाओ' यानी 'शूट एंड स्कूट' की बन चुकी है, जिसे दिल्ली की जनता अब और स्वीकार नहीं करेगी। केजरीवाल को लिखे एक पत्र में मंत्री आशीष सूद ने कहा कि आपने सार्वजनिक रूप से आरोप लगाया है कि शिक्षकों को आवारा कुत्तों की गिनती से संबंधित ड्यूटी सौंपी जा रही है। ये दावे न केवल गलत हैं, बल्कि तथ्यों को गंभीर रूप से तोड़-मरोड़ कर पेश करने के समान हैं। उन्होंने कहा कि इस संबंध में शासकीय परिपत्र पहले से ही सार्वजनिक है। इस मामले पर आम आदमी पार्टी (आप) की ओर से फिलहाल कोई तत्काल प्रतिक्रिया नहीं आई है। केजरीवाल के प्रशासनिक अनुभव का हवाला देते हुए मंत्री ने कहा कि प्रशासन में आपकी पृष्ठभूमि और दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री होने के नाते, आपके बयानों को केवल गलतफहमी नहीं माना जा सकता। पत्र में कहा गया है कि इसके बजाय ए टिप्पणियां कि इस महत्वपूर्ण सुरक्षा पहल के सुचारू कार्यान्वयन को पटरी से उतारने के लिए जानबूझकर किए गए प्रयास का हिस्सा प्रतीत होती हैं। शिक्षा मंत्री ने आप को आड़े हाथों लेते हुए कहा कि वे आरोप लगाओ और भाग जाओ वाली राजनीति कर रहे हैं, जहां बिना किसी आधार के सनसनी फैलाई जाती है और फिर जिम्मेदारी से पल्ला झाड़ लिया जाता है। मंत्री ने कहा कि राजनीति की यह शैली अनावश्यक उथल-पुथल पैदा करती है, जनता के विश्वास को कम करती है और शासन में बाधा डालती है। जवाबदेही की मांग करते हुए मंत्री ने केजरीवाल से गलत सूचना फैलाने के लिए दिल्ली की जनता से सार्वजनिक रूप से माफी मांगने का आग्रह किया।

## ब्लॉक स्तर पर जनता से जुड़कर उठाए जा रहे दिल्ली के जल, सड़क और सुरक्षा के मुद्देः कांग्रेस



हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

दिल्ली कांग्रेस में देवेंद्र यादव के आने के बाद हर महीने ब्लॉक और जिला स्तरीय बैठकों का बनाया गया पेटर्न लगातार जारी है। जिसके चलते इस माह की ब्लॉक बैठकों में भी प्रदेश के शीर्ष नेताओं की उपस्थिति बनी रही। करावल नगर जिला कांग्रेस के अंतर्गत आने वाली विभिन्न ब्लॉक बैठकों में करावल नगर जिलाध्यक्ष आदेश भारद्वाज के अलावा जिला प्रभारी, सभी विधान सभाओं के प्रभारी आदि ने ब्लॉक कार्यकर्ताओं, रेजिडेंट वेलफेयर एसोसिएशन (आरडब्ल्यूए) के प्रतिनिधियों से मुलाकात कर गंदे पानी की सप्लाई, टूटी सड़को और पुलिस सुरक्षा जैसे क्षेत्रीय मुद्दों पर विस्तार से चर्चा की। बैठक में आरडब्ल्यूए प्रतिनिधियों ने गंदे पानी की आपूर्ति की शिकायत करते हुए कहा कि कई कॉलोनियों में नल से आने वाला पानी पीने योग्य नहीं है, जिससे स्वास्थ्य संबंधी खतरे बढ़ रहे हैं। उन्होंने बताया कि कई इलाकों में पानी की सप्लाई अनियमित है और जो आता है, वह दूषित होता है। इससे बच्चे और बुजुर्ग बीमार पड़ रहे हैं। इसी तरह, टूटी गलियों और सड़कों की समस्या पर जोर देते हुए कार्यकर्ताओं ने कहा कि ना सिर्फ बारिश के मौसम में बल्कि आज भी जलभराव और कीचड़ से महिलाओं और बुजुर्गों का आवागमन मुश्किल हो जाता है। क्योंकि सड़कें वर्षों से मरम्मत के इंतजार में हैं। पुलिस की कमी को लेकर भी गंभीर चिंता व्यक्त की गई। प्रतिभागियों ने बताया कि कई क्षेत्रों में पुलिस गश्त कम होने से चोरी, छिनतई और महिलाओं की सुरक्षा संबंधी घटनाएं बढ़ रही हैं। एक कार्यकर्ता ने कहा कि पुलिस थानों में स्टाफ की कमी है, जिससे शिकायतों का निपटारा देरी से होता है। दिल्ली की सुरक्षा व्यवस्था चरमरा रही है।₹कांग्रेस नेताओं ने पार्टी संगठन की एकता और अखंडता पर विशेष जोर दिया। उन्होंने कहा कांग्रेस पार्टी हमेशा जनता की आवाज रही है। इन सभी मुद्दों को हम हर बड़े मंच तक उठाएंगे। पार्टी कार्यकर्ताओं को एकजुट होकर इन समस्याओं के समाधान के लिए संघर्ष करना होगा। इस मौके पर ऑब्जर्वर अशिवनी भारद्वाज राम निवास राणा ब्लॉक अध्यक्ष खेमचंद सैनी, नेत्रपाल आर्य, सुजीत सिंह, , रेखा रानी, मुनिराज त्यागी प्रदीप चौहान आदि लोगो ने अपने अपने विचार भी साझा किए।

## कुत्तों की गिनती का मामला : झूठ फैलाने के लिए माफी मांगे विपक्ष

# विधानसभा में हंगामा : सदन की कार्यवाही दो बार करनी पड़ी स्थगित

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



दिल्ली विधानसभा के शीतकालीन सत्र के दूसरे दिन मंगलवार को सत्तापक्ष के सदस्यों ने आम आदमी पार्टी (आप) के नेताओं से शिक्षकों को आवारा कुत्तों की गिनती में लगाने वाला झूठ फैलाने के लिए माफी की मांग की। इस मुद्दे पर सत्ता पक्ष और विपक्ष के हंगामे को देखते हुए विधानसभा अध्यक्ष विजेंद्र गुप्ता को सदन की कार्यवाही दो बार स्थगित करनी पड़ी। गौरतलब है कि सदन की कार्यवाही मंगलवार सुबह 11 बजे जैसे ही शुरू हुई तो कुत्तों की गणना मामले को लेकर सत्तापक्ष और विपक्ष के सदस्यों के बीच तीखी नोकझोंक हुई और सदन में हंगामा होने लगा। विधानसभा अध्यक्ष विजेंद्र गुप्ता ने सदस्यों से सदन की कार्यवाही चलने देने की अपील की लेकिन हंगामा जारी रहने पर कार्यवाही आधे घंटे के लिए स्थगित कर दी। कार्यवाही दोबारा शुरू होने पर सत्ता पक्ष के सदस्यों ने माफी की मांग करते हुए पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल समेत आप नेताओं के खिलाफ फिर नारेबाजी शुरू कर दी। गुप्ता ने सदन में व्यवधान खत्म कराने की कोशिश की लेकिन विपक्षी सदस्यों ने भी विरोध में नारेबाजी शुरू कर दी। हंगामा नहीं थमने पर उन्होंने सदन की कार्यवाही अपराह्न एक बजे तक के लिए स्थगित कर दिया। इससे पहले दिल्ली के शिक्षा मंत्री आशीष सूद ने पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को पत्र लिखकर उन पर आवारा कुत्तों की गिनती के लिए सरकारी शिक्षकों की तैनाती को लेकर गलत और भ्रामक बयान देने का आरोप लगाया था। सूद ने पत्र में कहा कि इस मामले पर शासकीय परिपत्र पहले से ही सार्वजनिक है। उन्होंने इस मुद्दे पर पूर्व मुख्यमंत्री से सार्वजनिक रूप से माफी मांगने की मांग की। भोजनावकाश के बाद जब सदन की कार्यवाही दोबारा शुरू हुई, तो विधानसभा अध्यक्ष विजेंद्र गुप्ता ने भाजपा विधायक अजय महावर द्वारा उठाए गए मुद्दे को जांच के लिए शिक्षा विभाग से संबद्ध स्थायी समिति के पास भेज दिया। दिनभर की कार्यवाही के दौरान सत्तापक्ष और विपक्ष के सदस्यों ने सदन के बाहर भी प्रदर्शन कर नारेबाजी की।

जब दोबारा सदन की कार्यवाही शुरू हुई तो दिल्ली में गुरु तेग बहादुर के शहादत दिवस पर चर्चा हुई। जिसमें मंत्री मनजिंदर सिंह सिरसा सहित कई सदस्यों ने भाग लिया। अंत मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने इस विषय पर अपना वक्तव्य सदन में दिया। इसके बाद अंत में उपराज्यपाल के अभिभाषण पर चर्चा शुरू की गई। जिसमें कई सदस्यों ने भाग लिया।

## दिल्ली सरकार सभी धर्मों के त्योहार मना रही है पूरी भव्यता से : रेखा



नई दिल्ली

दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने मंगलवार को दिल्ली विधानसभा में 9वें सिख गुरु तेग बहादुर को भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित की। मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर कहा कि गुरु तेग बहादुर का जीवन, उनका त्याग और उनका चरित्र केवल किसी एक कालखंड या समुदाय की कहानी नहीं है।

यह मानव इतिहास में साहस, सत्य, धर्मनिष्ठा और मानवीय मूल्यों का शाश्वत आदर्श है। सीएम ने कहा कि गुरु तेगबहादुर को सिर्फ एक पंथ के गुरु के रूप में देखना उनके विराट व्यक्तित्व को सीमित करना होगा। वह भारत की साझा संस्कृति, चेतना और मूल्यों के सबसे बड़े रक्षक थे।

मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने सदन को बताया कि दिल्ली सरकार द्वारा गुरु तेग बहादुर के 350वें शहीदी वर्ष के अवसर पर लाल किला परिसर में आयोजित तीन दिवसीय भव्य और दिव्य समागम सिर्फ एक कार्यक्रम मात्र नहीं है, बल्कि इतिहास को वर्तमान पीढ़ी से जोड़ने का सशक्त प्रयास था। उन्होंने विनम्रता के साथ कहा कि इस आयोजन में उनका कोई व्यक्तिगत श्रेय नहीं है, जो कुछ हुआ, वह गुरु साहिब की कृपा और मेहरबानी से ही संभव हुआ। मुख्यमंत्री ने कहा कि गुरु तेग बहादुर ने धर्म और मानवता की रक्षा के लिए अपना शीश अर्पित कर दिया, लेकिन अपने सिद्धांतों और स्वाभिमान से कभी समझौता नहीं किया। उन्होंने मुगल शासक औरंगजेब के सामने झुकने से इनकार कर दिया। गुरु साहिब जी ने कश्मीरी पंडितों की धार्मिक स्वतंत्रता की रक्षा के लिए सर्वोच्च बलिदान दिया। उन्होंने कहा कि गुरु तेगबहादुर जी को 'हिंद की चादर' कहा जाता है, क्योंकि उन्होंने न सिर्फ अपने धर्म की, बल्कि दूसरों की आस्था की भी रक्षा की।

दिल्ली के गुरुद्वारा सीसगंज साहिब और रकाब गंज साहिब उनकी शहादत और बलिदान का प्रत्यक्ष उदाहरण है। मुख्यमंत्री ने अपने संबोधन में कहा कि जो समाज अपने इतिहास और जड़ों से कट जाते हैं, वे तेज हवाओं में तिनकों की तरह बिखर जाते हैं। अपनी संस्कृति पर गर्व करना, संस्कारों का सम्मान करना और अपने पुरखों के बलिदान को याद करना हम सभी का दायित्व है।

## प्रदूषण को लेकर भाजपा के खिलाफ 'आप' का प्रदर्शन




**नई दिल्ली।** प्रदूषण को लेकर विपक्षी दल आम आदमी पार्टी के सदस्यों ने मंगलवार को विधानसभा के अंदर और बाहर प्रदर्शन किया। नेता विपक्ष आतिशी ने कहा कि आम आदमी पार्टी प्रदूषण पर सवाल उठाती है और चर्चा की मांग करती है, तो भाजपा चर्चा से बचने के लिए बहाने बनाती है। देश के इतिहास में पहली बार हुआ होगा कि किसी सदन में सत्ता पक्ष, विपक्ष के खिलाफ विरोध प्रदर्शन कर रहा है और सदन छोड़कर चला गया।

यह तमाशा भाजपा सरकार को बचाने के लिए हो रहा है क्योंकि उनके पास कोई जवाब नहीं है। आतिशी ने कहा कि पूरी दिल्ली और देश ने देख लिया है कि किस तरह एक्यूआई मॉनिटर के साथ छेड़छाड़ की जा रही है और उन पर पानी का छिड़काव किया जा रहा है। पूरे देश ने देख लिया है कि दिल्ली के प्रदूषण में लोग मर रहे हैं, लेकिन भाजपा सरकार चर्चा से भागने की कोशिश कर रही है। आम आदमी पार्टी मांग करती है कि यह सब ड्रामेबाजी बंद की जाए और दिल्ली के सबसे महत्वपूर्ण मुद्दे प्रदूषण पर तुरंत चर्चा की जाए।

## विधानसभा में ड्रामेबाजी कर रही है आतिशी : सचदेवा

नई दिल्ली। दिल्ली वाले यह देख कर स्तब्ध हैं कि विगत 6 माह से दिल्ली से लापता विधानसभा में नेता विपक्ष आतिशी मार्लेना दो दिन से प्रदूषण को लेकर विधानसभा में ड्रामेबाजी कर रही हैं। दिल्ली भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष वीरेन्द्र सचदेवा ने मंगलवार को यह बयान जारी कर नेता विपक्ष आतिशी पर आरोप लगाए। सोमवार को आतिशी मार्लेना ने अपनी पार्टी के साथ गैस मास्क पहनकर विधानसभा में बैठने का प्रयास किया जबकि 16 जनवरी 2023 को जब प्रदूषण अपने पीक पर था तब भाजपा विधायकों को गैस मास्क पहन कर आने पर "आप" नेताओं इसे नौटंकी बताते हुए मात्र 8 भाजपा विधायकों को सदन से निलंबित कर दिया था। सचदेवा ने कहा है कि गत 6 माह से गोवा के मौसम का आनंद ले रही आतिशी मार्लेना को शायद ऐसा लगता है कि विधानसभा में रोज़ प्रदूषण पर चर्चा की मांग रख कर वह अपनी पार्टी के राष्ट्रीय एवं दिल्ली प्रमुखों के शिक्षकों को लेकर किए कुप्रचार के मुद्दे को दबाना चाह रहे हैं।

## आप और भाजपा पानी में बहा रहे लोगों की कमाई : यादव



**नई दिल्ली।** दिल्ली प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष देवेंद्र यादव ने कहा कि भाजपा व आम आदमी पार्टी की आपसी मिली भगत का नतीजा है कि दिल्ली विधानसभा सत्र को दूसरा कुत्तों की गिनती के झगड़े की भेंट चढ़ गया। जबकि सत्र का पहला दिन सामेवार भी आप पार्टी व भाजपा की मिली भगत के चलते प्रदूषण को लेकर हंगामे की भेंट चढ़ गया था।

इस मुददे पर यादव ने कहा कि सत्तापक्ष और मुख्य विपक्षी दल आम आदमी पार्टी मिलकर दिल्ली वालों की मेहनत की कमाई को पानी की तरह बहा रहे है। क्योंकि सत्र का एक एक मिनट बड़ा कीमती होता है जिस पर जनता के खून पसीने की कमाई के लाखों रूपए खर्च होते है। उन्होंने कहा कि सत्र का लगातार दूसरा दिन बीजेपी और आप के द्वारा अध्यापकों के द्वारा कुत्तों की गिनती के मामले पर झगड़े की भेंट चढ़ाया जाना दुर्भाग्यपूर्ण है। जबकि राजधानी में प्रदूषण के कारण बिगड़ते वातारण पर सुप्रीम कोर्ट द्वारा हस्तक्षेप करना रेखा गुप्ता की सरकार की निष्क्रियता को दर्शाता है। सुप्रीम कोर्ट ने मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता सरकार को साफ कहा है कि खुद विशेषज्ञ बनने की कोशिश न करे, प्रदूषण को कम करने पर तुरंत सकारात्मक कदम उठाने के लिए काम करें।

कोर्ट की टिप्पणी यह साबित करती है कि निर्वाचित सरकार को दिल्ली के लोगों के स्वास्थ्य की कोई चिंता नही है। यादव ने कहा कि दिल्ली के लोगों के लिए सुव्यवस्था, सुविधाओं और योजनाएं बनाने और उनको अमल में लाने के लिए बुलाए गए विधानसभा के 5 दिवसीय शीतकालीन सत्र को भाजपा और आम आदमी पार्टी ने लड़ाई का अखाड़ा बना दिया है।

## विधानसभा समिति ने की केजरीवाल के खिलाफ कार्रवाई की सिफारिश

**नई दिल्ली।** दिल्ली विधानसभा की विशेषाधिकार समिति ने विधानसभा परिसर में स्थित एक फांसी घर की प्रामाणिकता से संबंधित मामले में सदन के समक्ष पेश न होने पर पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल सहित आम आदमी पार्टी (आप) के चार नेताओं के खिलाफ उचित कार्रवाई करने की सिफारिश की है। समिति ने अपनी रिपोर्ट में कहा कि अरविंद केजरीवाल, पूर्व उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया, विधानसभा के पूर्व अध्यक्ष रामनिवास गोयल और पूर्व उपाध्यक्ष राखी बिड़ला ने जानबूझकर और स्वेच्छा से इस मामले की कार्यवाही से दूर रहने का विकल्प चुना। फांसी घर विवाद आप और भाजपा के बीच दिल्ली विधानसभा के एक पुनर्निर्मित हिस्से को लेकर है, जिसके बारे में आप ब्रिटिश काल का फांसीघर होने का दावा करती है, जबकि भाजपा का दावा है कि यह एक टिफिन कक्ष था। संबंधित स्थल का जीर्णोद्धार कराए जाने के बाद 2022 में सिसोदिया, राखी बिड़ला और गोयल की उपस्थिति में तत्कालीन मुख्यमंत्री केजरीवाल ने फांसी घर के हिस्से के रूप में इसका उद्घाटन किया था। इस साल अगस्त में विधानसभा के मानसून सत्र के दौरान, भाजपा ने अपने इस दावे को दोहराया कि संबंधित जगह को ऐतिहासिक फांसीघर बताकर लोगों को गुमराह किया गया, जबकि वास्तव में यह ब्रिटिश-युग के विधानसभा भवन में एक टिफिन कक्ष था। इस मुद्दे को विशेषाधिकार समिति को सौंप दिया गया, जिसने 9 सितंबर, 2025 को आम आदमी पार्टी के चार नेताओं को पत्र जारी कर उनसे फांसी घर के अस्तित्व की प्रामाणिकता के संबंध में अपनी लिखित टिप्पणियां भेजने का अनुरोध किया।

## निगम स्थायी समिति सदस्यों ने दूसरे दिन भी दिए बजट से जुड़े सुझाव



हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

दिल्ली नगर निगम (एमसीडी) के वित्तीय वर्ष 2025-26 के संशोधित बजट अनुमान एवं 2026-27 के बजट अनुमानों को लेकर स्थायी समिति की दूसरे दिन की बैठक आयोजित की गई। बैठक में स्थायी समिति सदस्यों ने एमसीडी बजट से जुड़े महत्वपूर्ण, सार्थक और व्यावहारिक सुझाव प्रस्तुत किए। भाजपा से निगम पार्षद राजपाल सिंह, जगमोहन मेहलावत, नीमा भगत, सुंदर सिंह तंवर, अंजू अमन डबास और आम आदमी पार्टी से पार्षद प्रवीण कुमार ने अपने अपने बेहतरीन सुझाव दिए ताकि निगम की माली हालत से निगम निजाद पा सके।

हालांकि इस दौरान सत्तापक्ष के पार्षदों ने सुझाव देते हुए निगम की माली हालात करने के पीछे आम आदमी पार्टी एंव पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल पर आरोप लगाये तो विपक्ष में बैठे आम आदमी पार्टी के नेता विपक्ष अंकुश नारंग और अन्य सदस्यों ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर भी जमकर निशाना साधा। इस दौरान सत्ता पक्ष और विपक्ष के बीच राजनीतिक कहासुनी भी देखने को मिली और माहौल भी गर्म हो गया। वहीं, बैठक की अध्यक्षता करते हुए स्थायी समिति की अध्यक्ष सत्या शर्मा ने कहा कि तीन वर्षों के बाद पहली बार स्थायी समिति में पार्षदों को बजट पर विस्तार से चर्चा करने का अवसर मिला है। उन्होंने कहा कि बैठक के दौरान सभी पार्षदों द्वारा बजट से जुड़े महत्वपूर्ण, सार्थक और व्यावहारिक सुझाव प्रस्तुत किए गए हैं, जिन्हें आगामी बजट में सम्मिलित किया जाएगा।

बैठक में स्थायी समिति के उपाध्यक्ष सुंदर सिंह ने भी अपने महत्वपूर्ण बजट को लेकर महत्वपूर्ण सुझाव रखे और कहा कि बजट को सम्मिलित करते हुए एक जनहितकारी और व्यावहारिक बजट तैयार किया जाएगा। बैठक में स्थायी समिति के सदस्यों राजपाल, प्रवीण कुमार, जगमोहन महलावत एवं नीमा भगत ने बजट प्रस्तावों पर अपने विचार रखे तथा निगम के राजस्व बढ़ाने के संभावित स्त्रोतों पर सुझाव प्रस्तुत किए। साथ ही आवारा पशुओं की समस्या के समाधान के लिए अलग बजटीय प्रावधान किए जाने तथा प्रदूषण नियंत्रण के लिए भी बजट व्यवस्था करने का सुझाव दिया गया।

## महापौर ने केशव पुरम क्षेत्र का किया निरीक्षण

नई दिल्ली। दिल्ली में नागरिकों की शिकायतों के निस्तारण में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं होगी। दिल्ली के महापौर सरदार राजा इक़बाल सिंह ने मंगलवार को केशव पुरम जोन स्थित बी-3 ब्लॉक के निरीक्षण के दौरान नागरिकों से मिली शिकायतों के आधार पर अधिकारियों को चेताते हुए यह बात कही। उन्होंने प्रत्येक शिकायत को गंभीरता से सुना और संबंधित विभागों के अधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी समस्याओं का समयबद्ध एवं प्रभावी समाधान सुनिश्चित किया जाए। महापौर ने शिक्षा समिति के अध्यक्ष व क्षेत्रीय पार्षद योगेश वर्मा के साथ निरीक्षण किया। इस अवसर पर निगम के वरिष्ठ अधिकारी भी उपस्थित रहे। शिक्षा समिति के अध्यक्ष योगेश वर्मा ने कहा कि क्षेत्र के समग्र विकास और नागरिक सुविधाओं के सुदृढ़ीकरण के लिए दिल्ली नगर निगम द्वारा लगातार प्रयास किये जा रहे है।

## दस महीनों में हर क्षेत्र में हुए विकास से विपक्ष में बौखलाहट : इंद्राज

**नई दिल्ली।** दिल्ली सरकार के समाज कल्याण मंत्री रविंद्र इंद्राज सिंह ने मंगलवार को दिल्ली विधानसभा में उपराज्यपाल अभिभाषण पर सरकार की ओर से धन्यवाद प्रस्ताव रखा। इस प्रस्ताव पर बोलते हुए रविंद्र इंद्राज सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता के नेतृत्व में विकसित दिल्ली और अन्त्योदय की दिशा में कई ऐतिहासिक पहलें हुई हैं। उन्होंने कहा कि दस माह में हर क्षेत्र में हुए विकास और बड़ी योजनाओं व व्यापक सुधारों से विपक्ष में बौखलाहट है, इसलिए सदन को सुचारू रूप से चलाने में बार-बार बाधा उत्पन्न की जा रही है। इंद्राज ने सरकार की उपलब्धियों को सदन में रखने और उचित मार्गदर्शन के लिए उपराज्यपाल का आभार जताया। इंद्राज ने कहा कि शिक्षा, आधारभूत संरचना, स्वास्थ्य, महिला कल्याण, जलापूर्ति, बिजली, सड़कें, औद्योगिक विकास, पर्यावरण और सामाजिक न्याय जैसे क्षेत्रों में सरकार ने विकास के नये आयाम स्थापित किये हैं।

## सरकार अपने कामों पर बहस के लिए तैयार है लेकिन विपक्ष भाग रहा : सिरसा

हरिभूमि न्यूज, नई दिल्ली। दिल्ली के पर्यावरण मंत्री मनजिंदर सिंह सिरसा ने विपक्ष पर दिए अपने तीखे बयान में कहा कि हमारी सरकार पिछले ग्यारह महीनों में किए गए कार्यों पर पूरी तरह से बहस के लिए तैयार है, लेकिन आम आदमी पार्टी लगातार बहस से भाग रही है। आज भी सदन छोड़कर निकल गए और मुझे पूरा भरोसा है कि कल भी प्रदूषण पर होने वाली चर्चा से भागेंगे। उन्होंने कहा कि सोमवार को आम आदमी पार्टी के विधायक दो-दो लाख रुपये के महंगे मास्क पहनकर आए थे और अपने चेहरे छुपाए हुए थे। जब दिल्ली के लोगों ने उनसे सवाल किया किया तो आज वे बिना मास्क के सामने आ गए। सिरसा ने कहा कि यह पूरी नौटंकी आम आदमी पार्टी की असलियत को उजागर करती है। ग्यारह वर्षों तक दिल्ली में शासन के बाद इनके नेताओं ने इतना धन इकट्ठा कर लिया है कि उनके विधायक दो-दो लाख रुपये के मास्क पहनकर आते हैं। लेकिन जैसे ही दिल्ली की जनता उनसे हिसाब मांगती है, वे अपने चेहरे से मास्क उतार लेते हैं। उन्होंने कहा कि यह अपने आप में एक रिकॉर्ड होगा, क्योंकि आम आदमी पार्टी की सरकार ने ग्यारह सालों में कभी प्रदूषण नियंत्रण पर ईमानदारी से कोई काम नहीं किया और दिल्ली की जनता को गुमराह किया।

### सोशल मीडिया मंच एक्स पर लोगों ने निकाला गुस्सा

# येलो मेट्रो लाइन पर तकनीकी खराबी से यात्री हुए परेशान

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



दिल्ली मेट्रो की येलो लाइन पर मंगलवार को आई तकनीकी खराबी के कारण यात्रियों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। शाम के पीक टाइम पर आई खराबी के चलते पूरी येलो लाइन समयपुर बादली से मिलेनियम सिटी सेंटर गुरुग्राम के अधिकांश स्टेशनों पर यात्रियों की भारी भीड़ लग गई। लोगों को लंबे समय तक मेट्रो के लिए इंतजार करना पड़ा। यात्रियों में इस बात को लेकर भी रोष था कि खराबी को लेकर सही समय पर और सटीक जानकारी क्यों नहीं दी जाती।

तकनीकी खराबी से बाधित यात्रा के चलते यात्रियों ने डीएमआरसी के सोशल मीडिया मंच एक्स पर जमकर अपना गुस्सा निकालते हुए तरह तरह की पोस्ट लिखी। खराबी को लेकर डीएमआरसी ने शाम 6 बजे के करीब एक्स पर पोस्ट डालते हुए लिखा कि सर्विस अपडेट, टेक्निकल दिक्कत के कारण साकेत से मालवीय नगर मेट्रो स्टेशन तक येलो लाइन पर ट्रेन सेवाओं में देरी हो रही है। जबकि बाकी सभी लाइनों पर सेवाएं सामान्य हैं। खबर लिखे जाने तक डीएमआरसी ने तकनीकी खराबी को ठीक करने की कोई जानकारी साझा नहीं की। वहीं खराबी से परेशान यात्री श्रीवास्तव जी ने जवाब में लिखा कि कोई दिक्कत नहीं है, टेक्निकल इश्यू की में आदत पड़ चुकी है। बिना टेक्निकल इश्यू के मेट्रो में सफर करने पर हमारी तबीयत खराब हो जाती है। इसलिए टेक्निकल इश्यू में यात्रा करने में ही अच्छा महसूस होता है। विश्व भर में हमें नाम कमाना है तो लेट और घटिया सर्विस के लिए। इंडियन नामक यात्री ने पोस्ट करते हुए लिखा कि हमेशा पीक आवर्स में ही क्यों? यह अब रेगुलर हो गया है। किराया बढ़ा रहे हैं और सर्विस खराब कर रहे हैं। ज्यादा कमर्शियलाइज़ेशन की वजह से स्टेशन कचरा घर बन गए हैं।

जल्द ही यह दिल्ली के लिए गर्व की नहीं, शर्म की बात होगी। वहीं नवीन शर्मा नामक यात्री ने लिखा कि सबसे पहले हमेशा पीक टाइम पर ही क्यों। दूसरा, सिकंदरपुर ब्रिज पर चेक इन में हमेशा देरी क्यों होती है। तीसरा, अगर रैपिड में एक बार चेक इन हो गया है तो आप दोबारा चेक क्यों करते हैं, रैपिड और सिकंदरपुर मेट्रो ब्रिज के बीच कौन कूदने वाला है। इसी प्रकार अनेक यात्रियों ने अपनी भड़ास डीएमआरसी को पोस्ट करके निकाली है।

**खबर संक्षेप**

### संभव की जनसुनवाई में 33 शिकायतें आईं



**गाजियाबाद।** नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक दने संभव के अंतर्गत निगम अधिकारियों के साथ जन समस्याओं को सुना ।संभव के दौरान 33 शिकायतें प्राप्त हुई।। जिसमें 7 निर्माण विभाग, उद्यान से 9, प्रकाश विभाग से 2, जलकल विभाग से 5, स्वास्थ्य विभाग से 6 पार्किंग से 2 सामान्य विभाग से संबंधित थी। आयुक्त ने तत्काल कार्रवाई के निर्देश दिए।

### नगर आयुक्त ने सफाई मित्रों को भेंट किए कंबल

**गाजियाबाद।** नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक ने निर्देश अनुसार स्वास्थ्य विभाग टीम द्वारा



अकबरपुर बहरामपुर स्थित ट्रांसफर स्टेशन पर सफाई मित्रों के सम्मान आयोजित कार्यक्रम में कंबल और पीपीई किट भेंट की, बल्कि उनके साथ सहभोज भी किया। उपस्थित 600 सफाई मित्रों के साथ नगर निगम टीम द्वारा स्वच्छता की शपथ भी ली गई। आयुक्त ने परिजनों से भेंट भी की।

### फंदे पर लटका मिला कर्मचारी का शव

**फरीदाबाद।** मुजेसर थाना क्षेत्र में एक दर्दनाक घटना सामने आई, सेक्टर-22 स्थित बिजली विभाग



के कंप्लेंट सेंटर में कार्यरत एक पक्के कर्मचारी ने पंखे से लटककर आत्महत्या कर ली। मृतक की उम्र लगभग 30 से 35 वर्ष बताई जा रही है। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को नीचे उतारकर पोस्टमॉर्टम के लिए सिविल अस्पताल की मॉच्यूरी में रखा।

### कार ने 10 वर्षीय बच्चे को मारी टक्कर, मौत

**फरीदाबाद।** सेक्टर-12 डिवाइडिंग रोड पर एक तेज रफ्तार कार ने 10 साल के बच्चे को टक्कर मार दी।



बच्चे की मौके पर ही मौत हो गई। टक्कर इतनी तेज थी कि बच्चा करीब 50 फुट दूर जाकर गिरा। चालक कार सहित मौके से फरार हो गया। पुलिस ने अज्ञात कार चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। बच्चे का नाम हसीन रिसलम है, वह सेक्टर-10 में सड़क किनारे झुग्गी में परिवार के साथ रहता था।

### आर्म्स मामलों में वांछित 5 हजार का इनामी काबू

**फरीदाबाद।** 5 जनवरी को अपराध शाखा एवीटीएस की टीम ने लंबे समय से फरार चल रहे 5000 रुपए



के इनामी बदमाश जलालुद्दीन उर्फ हंडू को राजस्थान से पुलिस प्रोडक्शन पर लेकर गिरफ्तार किया है। जलालुद्दीन उर्फ हंडू के विरुद्ध आर्म्स एक्ट, वाहन चोरी व अन्य आपराधिक मामलों में कई मुकदमे दर्ज हैं। आरोपी लंबे समय से फरार चल रहा था, जिस पर 5000 रुपए का इनाम घोषित था।

### देसी कट्टा सहित आरोपी को किया गिरफ्तार

**फरीदाबाद।** क्राइम ब्रांच बॉर्डर की टीम ने अवैध हथियार रखने के मामले में आरोपी अनूद उर्फ अन्नू



को गिरफ्तार किया है।पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि क्राइम ब्रांच बॉर्डर की टीम ने बॉर्डर अनूद उर्फ अन्नू फतेहपुर बेरी दक्षिण दिल्ली हाल तिलपत फरीदाबाद के पास से काबू कर एक देशी कट्टा बरामद किया गया है। जिसके खिलाफ थाना सराय ख्वाजा में अवैध हथियार रखने की धाराओं में मामला दर्ज किया गया।

# ठेकेदार का रक्त रंजित शव मिला, परिजनों ने लगाया हत्या का आरोप

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गुरुग्राम

सेक्टर-10 थाना एरिया के सेक्टर-37 में मंगलवार की सुबह सड़क पर एक कैंटिन के ठेकेदार का रक्त रंजित शव मिला है। मृतक के सिर पर चोट के निशान थे और सड़क पर काफी खून बिखरा हुआ था। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और घटनास्थल का निरीक्षण किया। मामले में परिजनों ने ठेकेदार की हत्या किये जाने का आरोप लगाया है।

जानकारी अनुसार, पलवल के विधावली गांव निवासी संजय शर्मा (55) गुरुग्राम के रमा गार्डन में अपने बेटे, पत्नी और माता-पिता के साथ रह रहे थे। उन्होंने अलग-अलग जगहों पर कैंटीन के ठेके लिए हुए थे। संजय शर्मा डीपीजी ग्रुप ऑफ कॉलेज के बाहर भी कैंटीन चलाते थे। मंगलवार सुबह करीब 7.15 बजे वे अपनी ब्रेजा कार लेकर घर से कॉलेज में कैंटीन के लिए निकले थे। घर से कुछ दूरी पर ही संजय शर्मा मृत अवस्था में मिले। राहगीरों ने सड़क पर शव देखा तो पुलिस कंट्रोल रूम पर सूचना दी। सूचना मिलने पर सेक्टर-10 थाने की पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने एफएसएल, फिंगरप्रिंट व क्राइम ऑफ सीन की टीमों को मौके पर बुलाकर घटनास्थल का निरीक्षण कराया। पुलिस इस मामले को दुर्घटना मान रही है।



**सीसीटीवी फुटेज न देने पर दी गई थी धमकी**

वहीं, मृतक संजय शर्मा के परिवार का आरोप है कि सोमवार को कैंटीन के बाहर कुछ युवकों का झगड़ा हुआ था। सीसीटीवी फुटेज नहीं देने पर कुछ युवकों ने संजय शर्मा को धमकी दी थी। संजय शर्मा (मृतक) के भाई पंकज शर्मा ने बताया कि उन्हे 8 बजे सूचना मिली की संजय का एक्सीडेंट हो गया है। हम वे मौके पर पहुंचे तो पता चला कि यह एक्सीडेंट नहीं, बल्कि हत्या है। पंकज शर्मा ने आरोप लगाया है कि बीते सोमवार को युवकों में कैंटीन के सामने झगड़ा हो गया था। इस झगड़े में एक के युवक संजय शर्मा से सीसीटीवी फुटेज मांगने आए तो उन्होंने फुटेज देने से मना कर दिया था। ऐसे में युवक संजय शर्मा को देख लेने की धमकी देकर गए थे। पंकज शर्मा ने आरोप लगाया कि सोमवार को ही कुछ युवकों ने संजय शर्मा का पीछा भी किया था।

**जांच के बाद मामले की सही जानकारी जुटा ली जाएंगी**

परिवार वालों की शिकायत पर अज्ञात के खिलाफ हत्या का मामला दर्ज किया गया है। इस मामले की विभिन्न बिंदुओं के आधार पर जांच की जा रही है। मामले की जांच में अपराध शाखा की टीमें भी लगी हैं। जांच के बाद जल्द ही मामले की सही जानकारी जुटा ली जाएंगी।

कुलदीप,
सेक्टर-10 थाना के प्रभारी

## महिला ने खुद ही खींचकर निकाल दिया

# 20 साल पहले कमर में लगी थी गोली, घाव होने से हुआ खुलासा

फरीदाबाद।

एक महिला 20 साल तक अपने कमर के निचले हिस्से में गोली लेकर घूमती रही। उसको किसी भी तरह के दर्द का अहसास नहीं हुआ। कुछ दिन पहले महिला के कमर के निचले हिस्से में फोड़ा हुआ। घाव धीरे-धीरे पक गया। पास में रहने वाली बुजुर्ग महिला की सलाह पर फोड़े वाले हिस्से पर लेप किया गया। लेप के बाद फोड़े के अंदर नुकीली चीज दिखी, जिसको महिला ने खुद ही खींचकर निकाल दिया। जिसके बाद सब हैरान हो गए क्योंकि वह बंदूक की गोली थी।

*फोड़े पर लेप किया अंदर नुकीली चीज दिखी*

*गोली लगने के बाद ब्लड वाली जगह पर घर पर बना तेल-हल्दी का लेप लगा दिया*

डबुआ कॉलोनी में रहने वाली महिला 20 साल तक अपने कमर के निचले हिस्से में गोली लेकर घूमती रही। उसको किसी भी तरह के दर्द का अहसास नहीं हुआ। कुछ दिन पहले महिला के कमर के निचले हिस्से में फोड़ा हुआ। घाव धीरे-धीरे पक गया। पास में रहने वाली बुजुर्ग महिला की सलाह पर फोड़े वाले हिस्से पर लेप किया गया। लेप के बाद फोड़े के अंदर नुकीली चीज दिखी, जिसको महिला ने खुद ही खींचकर निकाल दिया। जिसके बाद सब हैरान हो गए क्योंकि वह बंदूक की गोली थी।

डबुआ कॉलोनी में रहने वाली कविता के चार बच्चे हैं। पति ड्राइवरी का काम करता है। कविता के अनुसार उसको कभी अहसास नहीं हुआ कि उसको कमर के निचले हिस्से में गोली लगी है। मानेसर की रहने वाली कविता का कहना है कि 12 वर्ष की उम्र के दौरान स्कूल में पेपर देते समय उसको कमर के निचले हिस्से में काफी दर्द का अहसास हुआ था। दर्द होने पर देखा कि कमर के निचले हिस्से से खून निकल रहा है। उसको लगा कि किसी ने पत्थर मारा है।

**स्कूल के पास में था आर्मी ट्रेनिंग कैंप**

शिक्षक ने भी उसको घर जाकर आराम करने के लिए कहा। घर आकर डॉक्टर को दिखाया और दवाई ले ली। धीरे-धीरे जख्म ठीक हो गया। कविता के अनुसार उनके स्कूल के पास आर्मी का ट्रेनिंग कैंप था। शायद यह गोली वहीं से लगी थी। पिछले 20 साल से किसी प्रकार की कोई परेशानी नहीं हुई। पति प्रदीप के अनुसार कविता को शादी के बाद भी किसी तरह की परेशानी नहीं हुई।



**गोली बंदूक से निकलती है तो उसमें कोई जहर नहीं होता**

बादशाह खान सिविल अस्पताल के सर्जन डॉ. उपेंद्र भारद्वाज ने बताया कि ऐसा होना संभव है, क्योंकि बुलेट एक मैटेलिक ऑब्जेक्ट है। जब गोली बंदूक से निकलती है, तो उसमें कोई जहर नहीं होता। वह केवल एक गरम लोहे का टुकड़ा होती है। कई बार गोली शरीर के हड्डी वाले हिस्से में रुक जाती है। ऐसा गोली की रफ्तार कम होने पर होता है।

## खाने योग्य पाए न जाने पर सॉस को कराया नष्ट

# मुख्यमंत्री उड़नदस्ता ने पर्वतीय कालोनी में की रेड



हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद

मुख्यमंत्री उड़नदस्ता ने गुप्त सूचना प्राप्त हुई कि एनआईटी क्षेत्र में पर्वतीय कॉलोनी में रेड व सोया सॉस बनाई जाती है। जहां पर रेड व सोया सॉस बनाने में साफ -सफाई का कोई ध्यान नहीं रखा जाता। यदि सैंपल भरवाए जाए तो अन्य और भी अनियमितताएं सामने आ सकती है। इस सूचना के संबंध में मुख्यमंत्री उड़नदस्ता के डीएसपी साकिर हुसैन फरीदाबाद द्वारा टीम गठित कराई गई। संयुक्त टीम में पुनीत शर्मा खाद्य सुरक्षा अधिकारी फरीदाबाद के साथ गली नंबर 2 गांधी मोहल्ला नगला रोड पर्वतीय कॉलोनी फरीदाबाद का औचक निरीक्षण किया गया।

### वैध लाइसेंस पेश नही किया

निरीक्षण पर अशोक कुमार द्वारा मकान के एक साइड में रेड व सोया सोस बनाने का कार्य किया जाता मिला। मौका पर पुनीत शर्मा खाद्य सुरक्षा अधिकारी फरीदाबाद द्वारा अशोक कुमार से रेड व सोया सोस बनाने बारे पूछताछ की गई व वैध लाइसेंस पेश करने बारे कहा, लेकिन अशोक द्वारा कोई वैध लाइसेंस पेश नही किया गया। पूछताछ पर पाया कि अशोक द्वारा मक्के के आटे व कलर का उपयोग करते हुए सॉस बनाई जाती है, जिसे वेजिटेबल सॉस के नाम से छोटे दुकानदार स्वयं ही आकर ले जाते हैं और स्थानीय बाजार में सप्लाई की जाती है।

### रेड सॉस 130 व 140 ग्रीन लीटर

कार्रवाई करते हुए मौका पर रेड व सोया सॉस में से एक एक सैंपल लिया गया जिसे परीक्षण के लिए प्रयोगशाला भेजा जाएगा। सॉस बनाने में साफ सफाई नहीं बरती गई। मौके पर मिली, रेड सॉस 130 लीटर व ग्रीन सॉस 140 लीटर को खाने योग्य न पाए जाने पर नष्ट कराया गया। परीक्षण रिपोर्ट आने के बाद नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

### एआइएमआइएम के जिला अध्यक्ष गुलाब के फूल बांटने से पहले ही हाउस अरेस्ट

**गाजियाबाद।** हिन्दू रक्षा दल ने पिछले दिनों तलवार वितरित की थी। जिससे माहौल काफी गर्मा गया था। इसके विपरीत मंगलवार को एआइएमआइएम के कार्यकर्ताओं ने प्रेम भाईचारा एकता का संदेश देने के लिए शालीमार गार्डन स्थित विजय पार्क से बिजली घर स्थित शहीद स्थल तक गुलाब का फूल कलम बांटने ऐलान किया था, लेकिन पुलिस ने उन्हें ऐसा नहीं करने दिया, बल्कि एआईएमआईएम के जिला अध्यक्ष महताब अली को लोनी में हाउस अरेस्ट कर लिया, जबकि महानगर अध्यक्ष मनमोहन गामा को गिरफ्तार कर लिया। इस मनमोहन गामा ने कहा कि क्या यही लोकतंत्र है गाजियाबाद पुलिस अब तक तलवार बांटने वाले हिंदू रक्षा दल के अध्यक्ष पिंकी चौधरी को गिरफ्तार नहीं कर पा रही है जो जिला एवं उत्तर प्रदेश का माहौल खराब करने का प्रयास कर रहा है वह आजाद है और हम भाईचारा एकता का संदेश देने निकले तो पुलिस के द्वारा जबरन रोका जा रहा है।


**जीएसडी पांडु डिपो का जनवरी/2026 महीने के लिए ई-नीलामी कार्यक्रम**

निम्नलिखित विवरण के अनुसार **जनवरी/2026** महीने के लिए **जीएसडी पांडु डिपो** के अधिकार क्षेत्र के तहत ई-नीलामी के माध्यम से स्क्रैप लॉट की बिक्री के लिए आने वाले ई-नीलामी कार्यक्रम **निर्धारित** किया गया है :

| क्र. सं. | माह/वर्ष | नीलामी सूची सं. | नीलामी प्रारंभ तिथि/समय |
|---|---|---|---|
| 1 | जनवरी/2026 | GSDPNO25N2626 | 12-01-2026/11:00:00 |
| 2 | | GSDPNO25N2627 | 19-01-2026/11:00:00 |
| 3 | | GSDPNO25N2628 | 27-01-2026/11:00:00 |

इच्छुक बोलीदाताओं को ई-नीलामी में पंजीकरण, प्रशिक्षण, भागीदारी के लिए आईआरईपीएस वेबसाइट (**www.ireps.gov.in**) के माध्यम से बोली लगाने की सलाह दी जाती है।

उप मुख्य सामग्री प्रबंधक, पांडु

**पूर्वोत्तर सीमा रेल**
ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ


**अभियुक्त की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

धारा **82 Cr.PC./ 84 BNSS** देखिए

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त, **आशु, पुत्रः** सुभाष, **पताः** मकान न.– डी–13, सुदर्शन पार्क, मोती नगर, नई दिल्ली, ने **Case FIR No.: 264/2019, U/s: 12/9/55 Gambling Act,** थानाः मोती नगर, **नई दिल्ली,** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी के वारण्ट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त, **आशु,** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त, **आशु,** फरार हो गया है (या उक्त वारण्ट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)। इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **Case FIR No.: 264/2019, U/s: 12/9/55 Gambling Act,** थानाः मोती **नगर, नई दिल्ली,** के उक्त अभियुक्त, **आशु,** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **19.02.2026** को या इससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार
श्री अंशुल सिंघल, एलडी.
न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी–04
जिला पश्चिम, कमरा न.268
तीस हजारी न्यायालय, दिल्ली

DP/17625/WD/2025
(Court Matter)


**हरियाणा सरकार — निविदा सूचना**

| क्र. सं. | विभाग का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि / बंद होने की तिथि | राशि/ईएमडी (लगभग) रु. में | विभाग की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | लोनिवि भ व प करनाल | आईटीआई पुरखास जिला सोनीपत में वैद्युत उपकरणों की रिवायरिंग और प्रावधान + 2 कार्य। | 06.01.2026 12.01.2026 | 23.56 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1842265696 pwd-eeed-karnal@hry.nic.in |
| 2 | लोनिवि भ व प करनाल | सोनीपत में सिविल हस्पताल के परिसर में 100 बिस्तर वाले एमसीएच भवन का निर्माण (सम्पदा ईआई और ईएलवी सेवाओं का प्रावधान)। | 06.01.2026 15.01.2026 | 263.65 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1842265696 pwd-eeed-karnal@hry.nic.in |
| 3 | लोनिवि भ व प हिसार | हिसार जिले में हिसार बाईपास से गांव हिंदवान मोर आरडी 3.700 से 11.000 तक हिसार बालसमंद रोड (एमडीआर-107) की 4 लेनिंग (रोड आईडी 4873) (नल्वा निर्वाचन क्षेत्र) (चंदन नगर साइड सेंट्रल वर्ज में आरसीसी रोड के गड्ढे की खुदाई) बकाया कार्य + 1 कार्य। | 02.01.2026 08.01.2026 | 8.10 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1662225651 pwd-eeed-hissar@hry.nic.in |
| 4 | लोनिवि भ व प हिसार | चरखी दादरी में नये लघु सचिवालय के निर्माण कार्य हेतु आकलन (स्ट्रीट लाइट और 400 केवीए डीजी सैट का प्रावधान)। | 02.01.2026 08.01.2026 | 74.54 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1662225651 pwd-eeed-hissar@hry.nic.in |
| 5 | राज्य परिवहन निदेशालय हरियाणा चण्डीगढ़ | सिटी बस सेवा हेतु सेक्टर-12, रेवाड़ी में बस डिपो के विकास के लिए ऑनलाइन निविदा। | 07.01.2026 28.01.2026 | 13.96 करोड़ | https://etenders.hry.nic.in | 1722710371 dtcpndhr@gmail.com |
| 6 | राज्य परिवहन निदेशालय हरियाणा चण्डीगढ़ | हरियाणा रोडवेज के डिपो में आवश्यकता के लिए 5.00 करोड़ (लगभग) मैनुअल बस टिकटों के मुद्रण हेतु दो वर्षीय दर अनुबंध के लिए निविदा सूचना। | 12.01.2026 11.02.2026 | 30 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 0172-2709809 dtcstore-dst@hry.gov.in |
| 7 | जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी हांसी | पीएचईएसडी नं. 1 हांसी (हांसी-I ब्लॉक) के तहत विभिन्न स्थानों पर 3 माह के ट्रायल रन, एक वर्ष की त्रुटि जिम्मेवारी अवधि और उसके पश्चात सभी प्रकार से पूर्ण 5 वर्ष हेतु व्यापक रखरखाव सहित विभिन्न स्थापनाओं पर ऑनलाइन एनालाइजर, वेक्यूम ऑपरेटेड ऑटोमेटिक स्विचओवर, ड्राई मीडिया स्क्रबर ऑटोमेटिक शट ऑफ वॉल्व की डिजाइनिंग, प्रावधान, फिक्सिंग, परीक्षण और प्रचालन और उससे सम्बद्ध अन्य सभी कार्य। | 04.01.2026 19.01.2026 | 991.30 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1663256145 eehansi@gmail.com |
| 8 | वन विभाग सिरसा | विभिन्न ब्लॉक्स में नर्सरी कार्यों की रेजिंग + 1 अन्य कार्य। | बंद होने की तिथि 12.01.2026 | 26.25 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9416029545 forest_sirsa@yahoo.com |
| 9 | पंचायती राज करनाल | हथलाना का बकाया कार्य - गांव हथलाना में तालाब का विकास और आरसीसी पाइप लाइन बिछाना (एनजीटी स्कीम) + 1 कार्य। | 03.01.2026 13.01.2026 | 98.29 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1842262916 prexeeng.krl@hry.nic.in |
| 10 | पंचायती राज रोहतक | गांव लाखनमाजरा में बीपीएचयू का निर्माण। | 02.01.2026 08.01.2026 | 42.02 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9813604629 prexeeng.roh@hry.nic.in |
| 11 | बागवानी विभाग हरियाणा पंचकूला | खजूर ताड़ उत्कृष्टता केन्द्र, बरवाला हिसार में टीशू कल्चर खजूर ताड़ पौधों महिला पुरुष की आपूर्ति। | 08.01.2026 10.02.2026 | ईएमडी 2 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9414790174 hiteshagarwal.hort@hry.gov.in |
| 12 | बागवानी विभाग हरियाणा पंचकूला | लीची उत्कृष्टता केन्द्र, नबीपुर अम्बाला में धुंध चेम्बर की आपूर्ति व स्थापना। | 08.01.2026 10.02.2026 | ईएमडी 1 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9414790174 hiteshagarwal.hort@hry.gov.in |
| 13 | बागवानी विभाग हरियाणा पंचकूला | बेर उत्कृष्टता केन्द्र, छाछरौली, यमुनानगर में स्वचालन इकाई और सूक्ष्म सिंचाई प्रणाली की आपूर्ति व स्थापना। | 08.01.2026 10.02.2026 | ईएमडी 1 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9414790174 hiteshagarwal.hort@hry.gov.in |
| 14 | बागवानी विभाग हरियाणा पंचकूला | लीची उत्कृष्टता केन्द्र, नबीपुर अम्बाला में स्वचालन इकाई और सूक्ष्म सिंचाई प्रणाली की आपूर्ति व स्थापना। | 08.01.2026 10.02.2026 | ईएमडी 1 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9414790174 hiteshagarwal.hort@hry.gov.in |
| 15 | बागवानी विभाग हरियाणा पंचकूला | वर्टिकल एवं मल्टीलेअर फार्मिंग उत्कृष्टता केन्द्र, चीका, कैथल में स्वचालन इकाई और सूक्ष्म सिंचाई प्रणाली की आपूर्ति व स्थापना। | 08.01.2026 10.02.2026 | ईएमडी 1 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9414790174 hiteshagarwal.hort@hry.gov.in |
| 16 | बागवानी विभाग हरियाणा पंचकूला | खजूर ताड़ उत्कृष्टता केन्द्र, बरवाला हिसार में पॉलीनेट हाउस की आपूर्ति व स्थापना। | 08.01.2026 10.02.2026 | ईएमडी 2 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9414790174 hiteshagarwal.hort@hry.gov.in |
| 17 | बागवानी विभाग हरियाणा पंचकूला | बेर उत्कृष्टता केन्द्र, छाछरौली, यमुनानगर में टीशू कल्चर बेर प्लांट्स की आपूर्ति। | 08.01.2026 10.02.2026 | ईएमडी 1 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9414790174 hiteshagarwal.hort@hry.gov.in |
| 18 | बागवानी विभाग हरियाणा पंचकूला | लीची उत्कृष्टता केन्द्र, नबीपुर अम्बाला में शेड नेट हाउस की आपूर्ति व स्थापना। | 08.01.2026 10.02.2026 | ईएमडी 2 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9414790174 hiteshagarwal.hort@hry.gov.in |
| 19 | बागवानी विभाग हरियाणा पंचकूला | बेर उत्कृष्टता केन्द्र, छाछरौली, यमुनानगर में संरक्षित संरचनाओं की आपूर्ति व स्थापना। | 08.01.2026 10.02.2026 | ईएमडी 2 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9414790174 hiteshagarwal.hort@hry.gov.in |
| 20 | बागवानी विभाग हरियाणा पंचकूला | वर्टिकल एवं मल्टीलेअर फार्मिंग उत्कृष्टता केन्द्र, चीका, कैथल में संरक्षित संरचनाओं की आपूर्ति व स्थापना। | 08.01.2026 10.02.2026 | ईएमडी 2 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9414790174 hiteshagarwal.hort@hry.gov.in |
| 21 | एसएचकेएम राजकीय चिकित्सा महाविद्यालय नल्हार नूह | वैद्युत एवं अग्निशमन प्रणाली के सीएमसी हेतु निविदा। | 09.01.2026 27.01.2026 | ईएमडी 4.80 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1267282007 dirshkmnuh.med-hry@gov.in |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.etenders.hry.nic.in

पीआरडीएच-11/2026/420/41804/I/88/7 दि. 06.01.26

## खबर संक्षेप

### 11 सीटों पर एमएलसी चुनाव, वोटर लिस्ट जारी




**लखनऊ।** यूपी विधान परिषद के पांच स्नातक और 6 शिक्षक निर्वाचन क्षेत्रों की अंतिम मतदाता सूची जारी हो गई। यह सूची 01 नवंबर 2025 को निर्धारित अहर्ता तिथि के आधार पर तैयार की गई है। मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग के निर्देश पर यह प्रक्रिया शुरू की गई थी, क्योंकि संबंधित निर्वाचित सदस्यों का कार्यकाल 6 दिसंबर 2026 को समाप्त हो रहा है।

### 6 साल की मासूम से हैवानियत दरिंदे को फांसी



**बांदा।** एक गांव में मासूम बच्ची के साथ दरिंदगी और हैवानियत के मामले में अदालत ने दोषी को फांसी की सजा सुनाई है। घटना छह माह पुरानी कालिंजर थाना क्षेत्र की है। अमित रैकवार नामक युवक ने गुटखा के बहाने 6 साल की बच्ची को घर बुलाया। उसके साथ दुष्कर्म किया। इतना ही नहीं उसका हाथ तोड़ दिया और जीभ काट ली। दांतों से उसका सीना व नाजुक अंग जख्मी कर दिया।

### नसबंदी के बाद गर्भवती हो गईं 64 महिलाएं



**अलीगढ़।** परिवार नियोजन कार्यक्रम के तहत 2025 में नसबंदी के बावजूद 64 महिलाएं दोबारा गर्भवती हो गईं। इन मामलों में विभाग ने मुआवजे की प्रक्रिया शुरू कर दी है, हालांकि नियमों की अनदेखी के कारण आठ के दावे निरस्त भी कर दिए गए हैं। स्वास्थ्य विभाग के अनुसार गर्भवती हुई महिलाओं द्वारा अपील किए जाने पर 62 केसों की मुआवजा राशि आ गई है।

# योगी सरकार ने पर्यटन को मिशन शक्ति और सुशासन से जोड़ा

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश पर्यटन अब सुशासन और महिला सुरक्षा से जुड़ रहा है। 7 जनवरी से लखनऊ में 'लखनऊ दर्शन' इलेक्ट्रिक डबल डेकर बस सेवा शुरू होगी। यह सेवा 1090 चौराहे से शुरू होकर शहर की विरासत, कानून-व्यवस्था और महिला सुरक्षा की झलक दिखाएगी। यूपीएसटीडीसी द्वारा संचालित यह बस पर्यावरण-अनुकूल और सुरक्षित यात्रा का अनुभव प्रदान करेगी, जिसमें रेजीडेंसी का लाइट एंड साउंड शो विशेष आकर्षण होगा।

एजेंसी ▶▶ लखनऊ

## अब नए अंदाज में होगा 'लखनऊ दर्शन'

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश का पर्यटन अब केवल ऐतिहासिक व धार्मिक स्थलों के दर्शन तक सीमित नहीं रहा, बल्कि यह सुशासन, महिला सुरक्षा और सामाजिक सरोकारों का प्रभावी माध्यम बनता जा रहा है। इसी कड़ी में राजधानी लखनऊ में 7 जनवरी से 'लखनऊ दर्शन' इलेक्ट्रिक डबल डेकर बस सेवा की शुरुआत की जा रही है, जो पर्यटकों को शहर की समृद्ध विरासत के साथ प्रदेश की मजबूत कानून-व्यवस्था और महिला सुरक्षा व्यवस्था की झलक भी दिखाएगी। पर्यटन मंत्री जयवीर सिंह 06 जनवरी को 'लखनऊ दर्शन' इलेक्ट्रिक डबल डेकर बस को हरी झंडी दिखाकर करेंगे रवाना।

## पर्यटन को सामाजिक जागरूकता से जोड़ा गया

'लखनऊ दर्शन' की शुरुआत महिला सुरक्षा के प्रतीक बन चुके 1090 चौराहे से की जा रही है। यह चयन संयोग नहीं, बल्कि सरकार की उस दूरदर्शी रणनीति का हिस्सा है, जिसके तहत पर्यटन को सामाजिक जागरूकता से जोड़ा गया है। आज 1090 चौराहा न सिर्फ लखनऊ की पहचान है, बल्कि मिशन शक्ति और महिला सशक्तिकरण की सफलता का प्रतीक भी बन चुका है। यहां से यात्रा शुरू करने का उद्देश्य पर्यटकों को यह संदेश देना है कि उत्तर प्रदेश में विकास के साथ-साथ महिलाओं की सुरक्षा सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में शामिल है।




### इलेक्ट्रिक डबल डेकर बस से प्रदूषण मुक्त यात्रा

उत्तर प्रदेश राज्य पर्यटन विकास निगम (यूपीएसटीडीसी) द्वारा संचालित यह सेवा पर्यावरण संरक्षण, आधुनिक शहरी पर्यटन और सुरक्षित यात्रा की अवधारणा पर आधारित है। इलेक्ट्रिक डबल डेकर बस न केवल प्रदूषण-मुक्त यात्रा का अनुभव देगी, बल्कि लखनऊ की ऐतिहासिक विरासत को नए और आकर्षक अंदाज में प्रस्तुत करेगी। दो सफल मॉक ड्रिल के बाद अब यह सेवा 7 जनवरी से नियमित रूप से शुरू की जा रही है।

### योगी कैबिनेट की अहम बैठक में 13 प्रस्ताव को मिली अनुमति

# परिवार के बीच संपत्ति दान हुआ सस्ता जीसीसी नीति की एसओपी को भी मंजूरी

योगी कैबिनेट ने परिवार के बीच संपत्ति दान पर बड़ी राहत दी है। अब कृषि, आवासीय के साथ व्यावसायिक और औद्योगिक संपत्तियों के दान पर भी अधिकतम पांच हजार रुपए स्टाम्प शुल्क लगेगा। साथ ही जीसीसी नीति 2024 की एसओपी को मंजूरी देकर प्रदेश में निवेश और रोजगार बढ़ाने का रास्ता साफ किया गया है।

एजेंसी ▶▶ लखनऊ

मंगलवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में हुई कैबिनेट बैठक में उत्तर प्रदेश सरकार ने दो अहम फैसले लिए। पहला फैसला पारिवारिक संपत्ति हस्तांतरण को आसान बनाने से जुड़ा है, जबकि दूसरा फैसला प्रदेश को ग्लोबल सर्विस हब बनाने की दिशा में जीसीसी नीति से संबंधित है। इन दोनों निर्णयों को आम जनता, निवेश और रोजगार के लिहाज से महत्वपूर्ण माना जा रहा है। कैबिनेट ने परिवार के सदस्यों के बीच निष्पादित अचल संपत्ति के दान विलेख पर स्टाम्प शुल्क में दी जा रही छूट के दायरे को और व्यापक करने के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है। अब पारिवारिक सदस्यों के बीच व्यावसायिक और औद्योगिक संपत्तियों के दान पर भी अधिकतम पांच हजार रुपए ही स्टाम्प शुल्क देना होगा। इससे पहले यह छूट केवल कृषि और आवासीय संपत्तियों तक सीमित थी।

भारतीय स्टाम्प अधिनियम 1899 के तहत दान विलेख पर संपत्ति के मूल्य के अनुसार स्टाम्प शुल्क देय होता है और रजिस्ट्रेशन अधिनियम 1908 के अनुसार अचल संपत्ति के दान का पंजीकरण अनिवार्य है। स्टाम्प एवं रजिस्ट्रेशन अनुभाग की तीन अगस्त 2023 की अधिसूचना के जरिए पारिवारिक दान पर स्टाम्प शुल्क को अधिकतम पांच हजार रुपए तक सीमित किया गया था। अब योगी कैबिनेट के फैसले से यह राहत व्यावसायिक और औद्योगिक संपत्तियों पर भी लागू कर दी गई है।



### शहर में 7% और गांव में 5% स्टाम्प शुल्क से मिली राहत

स्टांप तथा पंजीयन मंत्री रवींद्र जायसवाल ने बताया कि वर्ष 2022 से पहले पारिवारिक रिश्तों में संपत्ति दान करने पर पूरे सर्किल रेट के अनुसार स्टाम्प शुल्क देना पड़ता था( मुख्यमंत्री के नेतृत्व में यह तय किया गया कि पारिवारिक दान पर केवल पांच हजार रुपए स्टाम्प शुल्क लिया जाएगा। पहले शहरों में कॉमर्शियल प्रॉपर्टी पर सात प्रतिशत और गांवों में पांच प्रतिशत स्टाम्प शुल्क लगता था, लेकिन अब गांव या शहर कहीं भी पारिवारिक दान पर केवल पांच हजार रुपए ही देने होंगे। कैबिनेट के निर्णय में रिश्तेदारों की परिभाषा और अन्य प्रावधानों को भी स्पष्ट किया गया है, ताकि नियमों के क्रियान्वयन में किसी तरह का भ्रम न रहे। यह छूट अधिसूचना के राजपत्र में प्रकाशित होने की तिथि से तत्काल प्रभाव से लागू होगी। सरकार का मानना है कि इससे पारिवारिक संपत्ति का वैधानिक हस्तांतरण बढ़ेगा और विवादों में कमी आएगी।

### जीसीसी नीति की एसओपी को भी मंजूरी, निवेश और रोजगार को मिलेगा बढ़ावा

इसी कैबिनेट बैठक में स्टाम्प एवं रजिस्ट्रेशन विभाग से जुड़े दो अन्य प्रस्तावों को भी मंजूरी दी गई। कुशीनगर के कप्तानगंज तहसील में उप निबंधक कार्यालय भवन के निर्माण के लिए 0.0920 हेक्टेयर भूमि निःशुल्क हस्तांतरित की जाएगी। वर्तमान में कार्यालय जर्जर भवन में संचालित है। इसके अलावा झांसी में उप निबंधक कार्यालय सदर और अभिलेखागार के निर्माण के लिए 0.0638 हेक्टेयर भूमि आवंटित करने को भी स्वीकृति दी गई है। दोनों मामलों में भूमि पर स्टाम्प और पंजीकरण शुल्क से पूरी तरह छूट दी जाएगी। कैबिनेट ने दूसरा बड़ा फैसला उत्तर प्रदेश वैश्विक क्षमता केंद्र नीति 2024 की नियमावली 2025 को मंजूरी देकर लिया।

### एसटीईटी का पेपर लीक कराया था

# संजीव मुखिया गैंग का मेंबर विपुल कुमार पटना से अरेस्ट

एजेंसी ▶▶ पटना

आर्थिक अपराध इकाई (ईओयू) ने नीट पेपर लीक कांड के मास्टर माइंड संजीव मुखिया गिरोह के वांछित अभियुक्त विपुल कुमार उर्फ विपुल शर्मा को पटना से गिरफ्तार किया है। विपुल औरंगाबाद जिले के दाऊदनगर का रहने वाला है और उस पर प्रतियोगी परीक्षाओं में शामिल अभ्यर्थियों को झांसा देकर तथा परीक्षा में सफल कराने का आश्वासन देकर मोटी रकम वसूलने का आरोप है।

इसने 2023 में संजीव मुखिया गिरोह के साथ मिल कर हरियाणा एसटीईटी का प्रश्न पत्र लीक कराया। साथ ही बीपीएससी टीआरई तीन परीक्षा के पहले अभ्यर्थियों को प्रश्न पत्र रटवाने से संबंधित मामले का भी आरोपित है।

### संजीव गिरोह के सदस्य चंदन कुमार पहले ही गिरफ्तार हो चुका



इससे पहले ईओयू ने संजीव मुखिया गिरोह के सदस्य चंदन कुमार को गिरफ्तार किया था। चंदन कुमार पटना के अगमकुआं इलाके में प्रतियोगी परीक्षाओं में सेटिंग कराने के लिए परीक्षार्थियों की तलाश कर रहा था। वह पूर्व में प्रतियोगी परीक्षाओं में सेटिंग कराने के मामले में भी वांछित था। इन सभी कांडों की जांच चल रही है। चंदन 2017 में टीईटी में सेटिंग कराने के आरोप में कंकड़बाग थाने से जेल जा चुका है।

### पेपर लीक होने से परीक्षा हो गई थी रद्द

इसके अलावा उसने एलडीसी एवं एमटीएस की परीक्षा में संजीव मुखिया के साथ मिलकर परीक्षार्थियों की सेटिंग की थी। वर्ष 2017 में आयोजित नीट में वह संजीव मुखिया और उसके बेटे शिव के साथ सेटिंग कराने में शामिल था। इस मामले में पत्रकारनगर थाने में प्राथमिकी भी दर्ज की गई थी। वर्ष 2024 में बिहार लोक सेवा आयोग (बीपीएससी) की टीआरई-3 परीक्षा के पेपर लीक में भी चंदन आरोपित है। उसने संजीव मुखिया को कुछ अभ्यर्थी भी उपलब्ध कराए थे। हालांकि पेपर लीक होने के कारण बाद में यह परीक्षा रद्द हो गई थी।

## पेज एक का शेष

### अमेरिकी लॉबी फर्म के ...

नहीं दर्शाता कि उन बैठकों में नीति-निर्धारण या औपचारिक समझौते भी हुए हों। फिलहाल भारत सरकार या संबंधित अधिकारियों की ओर से इन दावों पर कोई औपचारिक प्रतिक्रिया नहीं आई है। लेकिन कूटनीतिक जानकारों का मानना है कि ऐसे खुलासे भारत-अमेरिका संबंधों की पारदर्शिता और प्रक्रियाओं को लेकर नई बहस को जन्म दे सकते हैं। विपक्ष को मौका है जब से ही मिला जयराम रमेश ने लपक लिया। उन्होंने कहा कि 10 मई 2025 को बहुत कुछ ऐसा घटित हुआ, जिसे नज़रअंदाज़ नहीं किया जा सकता। जयराम रमेश ने अपने पोस्ट में लिखा कि उसी दिन शाम 5 बजकर 37 मिनट पर अमेरिका के विदेश मंत्री मार्को रूबियो ने सबसे पहले 'ऑपरेशन सिंदूर' को रोकने की घोषणा की। उन्होंने सवाल उठाया कि जब भारत सरकार की ओर से कोई औपचारिक बयान सामने नहीं आया था, उससे पहले एक विदेशी सरकार द्वारा इस तरह की घोषणा होना कई गंभीर प्रश्न खड़े करता है। कांग्रेस नेता ने संकेत दिया कि इस पूरे घटनाक्रम में पर्दे के पीछे कूटनीतिक गतिविधियाँ हुईं, जिन पर अब तक पूरी तरह से प्रकाश नहीं डाला गया है। जयराम रमेश के अनुसार, यह स्पष्ट किया जाना ज़रूरी है कि ऑपरेशन रोकने का निर्णय किस स्तर पर लिया गया, इसमें किस-किस देश की भूमिका रही, और अमेरिकी विदेश मंत्री को इसकी जानकारी सबसे पहले कैसे और किस माध्यम से मिली!

### वेनेजुएला पर हमला ...

मजबूत किया जा सके। यहां बता दें कि भारत की तरह ही क्यूबा भी वैश्विक दक्षिण का एक देश है। उनके राजदूत का ये बयान एक ऐसे समय में सामने आया है, जब राष्ट्रपति ट्रंप और उनकी सरकार के कुछ नेताओं द्वारा वेनेजुएला की तर्ज पर भविष्य में क्यूबा में भी सैन्य कार्रवाई को अंजाम दिए जाने की मंशा जाहिर की गई है।

**अकेले अमेरिका को रोकना असंभव :** क्यूबा के राजदूत ने कहा कि अकेले दुनिया का कोई देश अमेरिका या उसकी इस तरह की एकतरफा सैन्य कार्रवाई को नहीं रोक सकता है। इसलिए यही सही वक्त है, जब पूरी दुनिया को अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा पागलपन के साथ लागू की जा रही अपनी अंतरराष्ट्रीय नीति को रोकने के लिए एकजुट होना बेहद आवश्यक है। उन्होंने कहा, मेरे विचार में अमेरिका की सेना का वेनेजुएला पर किया गया यह हमला एक अपराध के समान है और इसे आतंकी कृत्य कहना भी किसी लिहाज से गलत नहीं होगा। क्योंकि हम सभी ने देखा है कि किस तरह से अमेरिका ने संयुक्त राष्ट्र समेत तमाम अंतरराष्ट्रीय कानूनों को ताक पर रखकर वेनेजुएला पर आधी रात को हमला किया और उनके देश के प्रमुख यानी राष्ट्रपति मादुरो और उनकी पत्नी को अगवा कर गिरफ्तार कर लिया।

### भारत की बेहद ...

बतौर दुनिया का एक बड़ा देश होने के नाते भारत समस्त विश्व में जरूरी संतुलन कायम कर सकता है। भारत के पास वर्तमान समय में ब्रिक्स की अस्थायी अध्यक्षता की जिम्मेदारी है। उन्होंने समूह के संस्थापक सदस्यों और ग्लोबल साउथ देशों के बीच सहयोग को मजबूत बनाने को लेकर उम्मीद जतायी।

### आपसी सम्मान ...

की। जिसमें उन्होंने कहा है कि वाशिंगटन सार्वजनिक रूप से लैटिन अमेरिका को अपने घर का पिछवाड़ा समझता है और क्षेत्र में ऐसी सरकारों के गठन को अपना अधिकार समझता है। जो अमेरिका के हितों के पक्ष में हों।

### भरोसेमंद भागीदार ...

गया है। हमने अमेरिका के करीब दर्जनभर सरकारों के कार्यकाल में अमेरिका की आक्रामकता का सामना किया है। ये क्यूबा ही है, जिसने 65 वर्षों से अधिक समय तक अपने लोगों के खिलाफ अमेरिकी प्रतिबंधों की कड़ी नीति का सामना किया है।

### अज्ञात हमलावरों ...

सामने है। औपचारिकता के रूप में कुछ गिरफ्तारियां की गई हैं और अल्पसंख्यकों की सुरक्षा को प्राथमिकता बताया गया है। बांग्लादेश में अगले महीने 12 फरवरी को आम चुनाव कराने की घोषणा की गई है। जिसे लेकर भारत ने पहले ही समावेशी आधार पर निष्पक्ष और पारदर्शी चुनाव कराने पर जोर दिया है।

### फेसबुक पोस्ट...

बांग्लादेश समेत अपने स्थानीय इलाके में अल्पसंख्यकों के खिलाफ बढ़ती हिंसा की घटनाओं पर चिंता प्रकट की थी। इसी के कुछ दिनों के अंदर अज्ञात हमलावरों ने उनकी निर्ममता के साथ हत्या कर दी।

### सुरक्षा देने में नाकाम

से लेकर आज तक वहां पर अल्पसंख्यकों और उसमें भी मुख्य रूप से हिंदुओं के खिलाफ हिंसा के कुल करीब 2 हजार 900 मामले सामने आ चुके हैं। दो दर्जन से ज्यादा हिंदू हिंसा की इन घटनाओं में अपनी जान गंवा चुके हैं। भारत ये भी साफ कर चुका है कि बांग्लादेश में हिंदुओं व अन्य अल्पसंख्यकों को सुरक्षा प्रदान करने की जिम्मेदारी मोहम्मद यूनुस की सरकार की है।

### भारतीय भाषाओं को ...

की जननी है और उसके साथ ही बहुत अधिक विविधता वाला देश भी है। ऐसे में समाज की यह जिम्मेदारी बनती है कि भारत की इस ऐतिहासिक, सांस्कृतिक और साहित्यिक विरासत को संरक्षित करने के साथ ही भावी पीढ़ियों को इसके प्रति जागरूक किया जाए। यह प्रकाशन देश के बौद्धिक साहित्य में एक मूल्यवान योगदान है।

**सभी भारतीय भाषाएं हैं 'राष्ट्रीय भाषाएं':** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के एक कथन का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि उन्होंने हमेशा इस बात पर जोर दिया है कि सभी भाषाएं भारत की राष्ट्रीय भाषाएं हैं। भाषाओं को हम जोड़ने वाली शक्ति के रूप में भी जानते हैं। औपनिवेशिक युग की मैकाले की मानसिकता के विपरीत भारतीय सभ्यता ने हमेशा भाषाओं को संवाद और सांस्कृतिक सद्भाव के पुल के रूप में देखा है। केंद्र सरकार द्वारा सभी भाषाओं को सुदृढ़ करने और प्रोत्साहन देने के लिए बड़े पैमाने पर शेड्यूल सूची में शामिल करने, शास्त्रीय ग्रंथों का भारतीय भाषाओं में अनुवाद करने और भारतीय भाषाओं में शिक्षा को बढ़ावा देने का काम किया गया है। समारोह में मंत्रालय में उच्च-शिक्षा के सचिव विनीत जोशी, भारतीय भाषा समिति के अध्यक्ष चामु कृष्ण शास्त्री, सीआईआईएल निदेशक प्रो.शैलेंद्र मोहन, सीआईसीटी निदेशक प्रो.आर.चंद्रशेखरन सहित मंत्रालय के कई अन्य वरिष्ठ अधिकारी शामिल हुए।

**मजबूत होता समावेशी दृष्टिकोण :** केंद्रीय शिक्षा मंत्री ने कहा, सांकेतिक भाषा के रूप में तिरुक्कुरल के सार को शामिल करना एक समावेशी भारत के दृष्टिकोण को मजबूत करता है। जिसमें सभी के लिए ज्ञान तक पहुंच सुनिश्चित की जाती है। इस संग्रह में कन्नड़, तेलुगु, मलयालम, ओड़िया और तमिल भाषाओं में महत्वपूर्ण विद्वानों के काम शामिल हैं। इसके अलावा तिरुक्कुरल की भारतीय सांकेतिक भाषा में व्याख्या भी है। ये प्रकाशन भारत की भाषाई विरासत को शिक्षा और अनुसंधान के केंद्र में रखने, सांस्कृतिक गौरव को प्रोत्साहन देने के लिए एक बड़े राष्ट्रीय प्रयास का हिस्सा हैं। शास्त्रीय ज्ञान परंपरा के साथ जुड़ाव को भी ऐसे प्रयास सुदृढ़ करते हैं। उन्होंने अपने संबोधन में ये भी जोड़ा कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 (एनईपी) भारतीय भाषाओं में शिक्षा के विजन को आगे बढ़ाती है। हमारा देश विविधता में एकता का एक जीवंत उदाहरण पेश करता है, जहां भाषाएं समाज को जोड़ने का एक माध्यम बनी हुई हैं।

### वायु प्रदूषण समस्या ...

समीक्षा हर महीने मंत्री स्तर पर की जाएगी। मंत्री ने निर्देश दिया कि क्षेत्रवार लक्षित कार्य योजनाएं तैयार की जाएं एवं संबंधित विभागों को इनको कार्यान्वयित करने की स्पष्ट जिम्मेदारी सौंपी जाए। चूंकि कार्य योजनाएं आठ महीने पहले ही तैयार की जा रही हैं इसलिए उनके कुशल कार्यान्वयन से अगले मौसम में सकारात्मक परिणाम प्राप्त होंगे। मंत्री ने आश्वासन दिया कि सभी कार्यान्वयन संबंधी बाधाओं को उच्च स्तरीय अंतर-राज्यीय समन्वय बैठकों के माध्यम से दूर किया जाएगा। यादव ने राजस्थान की विस्तृत कार्य योजना की समीक्षा करते हुए अलवर, भिवाड़ी, नीमराना एवं भरतपुर में सार्वजनिक परिवहन की कमियों को दूर करने की आवश्यकता पर बल दिया। इलेक्ट्रिक बसों को प्राथमिकता के आधार पर खरीदा जाएगा, और एक समय-सीमा अनुसार प्रस्ताव प्रस्तुत किया जाएगा। शहरी क्षेत्रों के साथ-साथ राजमार्गों और एक्सप्रेसवे पर भी चार्जिंग संरचना को मिशन मोड में बढ़ाया जाएगा। भिवाड़ी और नीमराना में राष्ट्रीय राजमार्ग के किनारे अनियोजित ट्रक पार्किंग की समस्या को एक गंभीर मुद्दा बताया गया, जिसके लिए तुरंत कार्रवाई की आवश्यकता है, जिसमें पार्किंग स्थल की पहचान एवं भीड़भाड़ से बचने के लिए पार्किंग योजना तैयार करना शामिल है। मंत्री ने इच्छा व्यक्त किया कि अलवर, भिवाड़ी, नीमराना और भरतपुर के लिए शहर-विशिष्ट सड़क पुनर्विकास योजनाएं प्रस्तुत की जाएं। ट्रैफिक जाम वाले स्थानों की पहचान होनी चाहिए और अल्पकालिक एवं दीर्घकालिक यातायात अवरोधन निवारण योजनाएं तैयार करनी चाहिए। परंपरागत अपशिष्ट निवारण के लिए एक व्यापक योजना विकसित करनी चाहिए और जहां भी अंतराल पहचाने गए हैं, वहां त्वरित रूप से मैकेनिकल रोड स्वीपिंग मशीनें (एमआरएसएम) तैनात की जानी चाहिए। यह जानकारी प्रदान की गई कि सामुदायिक भागीदारी के साथ सड़क किनारे हरियाली को बढ़ावा देने के प्रयासों के अंतर्गत अलवर एवं भिवाड़ी में वृक्षारोपण के लिए 600 स्थानों की पहचान की गई है। यादव ने पंजाब की प्रस्तुति का अवलोकन करते हुए इस बात पर बल दिया कि सभी फसल अवशेष प्रबंधन (सीआरएम) मशीनों की कार्यशील स्थिति सुनिश्चित करना चाहिए और उनका कुशलतापूर्वक उपयोग करना चाहिए। इसे सुनिश्चित करने के लिए, उन्होंने मशीनों की कार्यशील स्थिति को प्रमाणित करने के लिए मानक परिचालन (एसओपी) तैयार करने की बात की। मंत्री ने कृषि मंत्रालय से हितधारकों एवं वैज्ञानिकों के परामर्श से फसल अवशेषों का प्रभावी प्रबंधन और पराली जलाने पर रोक लगाने के लिए नवीन उपायों पर विचार-विमर्श करने का आग्रह किया। मौजूदा उपायों की प्रभावशीलता पर आत्म-परीक्षण की आवश्यकता को रेखांकित किया गया। पेलेटाइजेशन संयंत्रों को प्रोत्साहित करना चाहिए और फसल अवशेषों का उपयोग तापीय विद्युत संयंत्रों एवं ईंट भट्टों में किया जाना चाहिए। फसल अवशेष प्रबंधन के लिए सबसे पर्यावरण-अनुकूल समाधान के रूप में संपीड़ित जैव गैस संयंत्रों की स्थापना पर बल दिया गया। फसल अवशेष को जलाने से रोकने के लिए ड्रोन आधारित निगरानी को भी प्रोत्साहित किया गया।

### क्षेत्रीय, वैश्विक सुरक्षा ...

सुरक्षा को आगे बढ़ाने के लिए भारत, यूएई व अन्य क्षेत्रीय भागीदारों के बीच मजबूत द्विपक्षीय-बहुपक्षीय रक्षा सहयोग की आवश्यकता है। मामले में सभी पक्षों के बीच सहयोगात्मक जुड़ाव का भी अच्छा-खासा महत्व है। भारतीय सेना ने एक्स पर एक पोस्ट के जरिए यह जानकारी दी है।

### जेएनयू छात्रों ने मोदी ...

पहले पत्रकारों से कहा कि शरजील इमाम ने पूर्वोत्तर भारत को अलग करने की बात कही थी। उमर खालिद ने 'भारत के टुकड़े-टुकड़े हो जाएंगे' के नारे लगाए थे और 2020 के दंगों में उसकी संलिप्तता पाई गई थी। ऐसे लोगों के प्रति सहानुभूति इसलिए दिखाई जाती है क्योंकि इस विधानसभा में ऐसे लोग हैं जिन्होंने शरजील इमाम के साथ मंच साझा किया था। उन्होंने कहा कि जब ऐसे लोगों को संरक्षण दिया जाता है, तो ऐसी बातें होना तय है। सूद ने कहा कि जेएनयू में शरजील इमाम और उमर खालिद का समर्थन किया गया। वहां जो हुआ है, वह निंदनीय है और राष्ट्र के खिलाफ है। आप नीतिगत मुद्दों पर लड़ सकते हैं, लेकिन लोकतंत्र में हिंसा के लिए कोई जगह नहीं है। सिरसा ने भी इसी तरह के विचार व्यक्त करते हुए आरोप लगाया कि नारे लगाने वालों के मन में संविधान या कानून के प्रति कोई सम्मान नहीं है। उन्होंने कहा कि ये अलगाववादी लोग हैं। प्रधानमंत्री और गृह मंत्री के खिलाफ ऐसे नारे लगाना बेहद शर्मनाक है। आम आदमी पार्टी (आप) और कांग्रेस ने हमेशा ऐसे लोगों का समर्थन किया है। परिसर में पांच जनवरी, 2020 को उस समय हिंसा भड़क गई थी जब नकाबपोश लोगों की एक भीड़ ने परिसर में घुसकर तीन छात्रावासों में छात्रों को निशाना बनाया था और लाठियों, पत्थरों एवं लोहे की छड़ों से हमला कर खिड़कियां, फर्नीचर और निजी सामान तोड़ दिया था। परिसर में करीब दो घंटे तक अराजकता का माहौल रहा और इस दौरान जेएनयू छात्र संघ की अध्यक्ष आइशी घोष सहित कम से कम 28 लोग घायल हो गए थे। परिसर में भीड़ के हिंसा करने के दौरान कार्रवाई न करने और परिसर में तोड़फोड़ से संबंधित दो प्राथमिकियों में घोष समेत छात्र संघ के नेताओं का नाम शामिल करने को लेकर दिल्ली पुलिस की आलोचना हुई थी।

### मोदी, शाह के खिलाफ ...

लगाए। यह विरोध प्रदर्शन उच्चतम न्यायालय द्वारा 2020 के दिल्ली दंगों की साजिश के मामले में जेएनयू के पूर्व छात्रों उमर खालिद और शरजील इमाम को जमानत देने से इनकार करने के कुछ घंटों बाद आयोजित किया गया था। सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर एक पोस्ट में विश्वविद्यालय ने कहा, "इस घटना के संबंध में प्राथमिकी दर्ज की जा चुकी है। प्रशासन ने प्रधानमंत्री और गृह मंत्री के खिलाफ आपत्तिजनक नारे लगाने वाले छात्रों के खिलाफ कठोरतम कार्रवाई करने का वादा किया है।" विश्वविद्यालय ने कहा कि हालांकि बोलने और अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता एक मौलिक अधिकार है, लेकिन विश्वविद्यालय सीखने और नवाचार के केंद्र हैं और उन्हें नफरत फैलाने का स्थान नहीं बनने दिया जा सकता। उसने कहा कि किसी भी प्रकार की हिंसा, गैरकानूनी आचरण या राष्ट्रीय एकता को कमजोर करने वाली गतिविधियों को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। प्रशासन ने कहा कि इस घटना में शामिल छात्रों के खिलाफ अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाएगी, जिसमें तत्काल निलंबन, निष्कासन या स्थायी रूप से प्रतिबंधित करना शामिल हो सकता है। सामने आए कथित विरोध प्रदर्शन के वीडियो में, छात्रों ने प्रधानमंत्री और गृह मंत्री की आलोचना करते हुए नारे लगाए। 'ए नाइट ऑफ रेसिस्टेंस विद गुरिल्ला ढाबा' नामक कार्यक्रम का आयोजन साबरमती ढाबा में पांच जनवरी, 2020 की हिंसा की याद में किया गया था, जिसमें नकाबपोश लोगों की भीड़ परिसर में घुस गई थी और उन्होंने लाठियों और रॉड से छात्रों और शिक्षकों पर हमला किया था।

### कांग्रेस दफ्तर में बवाल

## राजेश राम के सामने ही भिड़े कार्यकर्ता, जमकर चले लात-घूंसे



एजेंसी ▶▶ मधुबनी

बिहार कांग्रेस में आतंरिक कलह अब खुलकर सामने आने लगा है। मधुबनी में कांग्रेस दफ्तर में उस वक्त हड़कप मच गया। जब पार्टी कार्यकर्ता आपस में भिड़ गए। इस दौरान जमकर लात-घूंसे चले। पार्टी का झंडा लेकर ही एक-दूसरे पर टूट पड़े। हैरानी की बात ये कि हंगामा वक्त हुआ जब कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष राजेश राम भी मौजूद थे। इसके अलावा वरिष्ठ नेता शकील अहमद खान भी मौजूद थे। बताया जा रहा है कि चुनाव में मिली हार की समीक्षा बैठक चल रही थी। जब ये हंगामा हुआ।

### लाठीबाजी भी होने लगी

इसी दौरान संगठन और चुनावी रणनीति को लेकर कार्यकर्ताओं के बीच कहासुनी शुरू हो गई। देखते ही देखते हाथापाई शुरू हो गई। नौबत मारपीट की आ गई। इस दौरान लाठीबाजी भी होने लगी। किसी तरह वहां मौजूद अन्य लोगों ने मामले को संभालने की कोशिश की। लेकिन तब तक हालात बेकाबू हो चुके थे। घटना के बाद कांग्रेस कार्यालय में तनाव का माहौल बना हुआ है।

### टिकट बंटवारे में अनियमितता का आरोप

बताया जा रहा है कि बैठक में टिकट बंटवारे में अनियमितता का आरोप लगाते हुए कांग्रेस कार्यकर्ताओं के दो गुट आपस में भिड़ गए थे। जिसके बाद दोनों पक्षों के बीच मार-पिटाई होने लगी। आपको बता दें इससे पहले पार्टी विरोधी गतिविधियों के चलते कई नेताओं को बाहर का रास्ता दिखा दिया गया था।



# कार्तिक की जिंदगी में आई नई मिस्ट्री गर्ल

**मुंबई।** कार्तिक आर्यन का नाम पिछले कुछ समय से एक्ट्रेस श्रीलीला के साथ जोड़ा जा रहा है। लेकिन, हाल ही में सोशल मीडिया पर कुछ तस्वीरें वायरल हुईं, जिसके बाद यह अटकलें तेज हो गईं कि कार्तिक आर्यन की जिंदगी में नई मिस्ट्री गर्ल की एंट्री हो चुकी है। कार्तिक आर्यन इन दिनों गोवा में छुट्टियां मना रहे हैं। उन्होंने सोमवार को कुछ तस्वीरें अपनी इंस्टाग्राम स्टोरी पर पोस्ट कीं, जिसमें वह बीच (समंदर) किनारे आराम फरमा रहे हैं। सामने एक बीचबॉल गेम का नेट लगा है। बिल्कुल इसी तरह की लोकेशन की फोटो करीना नाम की एक लड़की ने भी इंस्टाग्राम पर पोस्ट कीं। वह भी गोवा में छुट्टियां मना रही हैं।

लाइफ Style

# तारा

## 15 साल में शुरू की थी एक्टिंग

एजेंसी ⏭ मुंबई

तारा सुतारिया बॉलीवुड की उन खूबसूरत अदाकाराओं में से एक हैं जिन्होंने छोटे पर्दे से अपना कॅरियर शुरू किया है। तारा ने काफी छोटी उम्र से ही पर्दे पर लोगों का दिल जीता है। इन दिनों तारा 'केजीएफ' स्टार यश के साथ अपनी अपकमिंग फिल्म 'टॉक्सिक' को लेकर काफी चर्चा में हैं।

हाल ही में तारा सिंगर एपी ढिल्लन के कॉन्सर्ट को लेकर काफी विवादों में रहीं। यश की फिल्म 'टॉक्सिक' में तारा अहम भूमिका में नजर आनेवाली हैं। इस फिल्म में तारा के किरदार का नाम रेबेका है। पोस्टर सामने आते ही तारा सुतारिया के किरदार की जबरदस्त चर्चा है जिसमें उनके हाथ में गन भी दिख रहा है। तारा का इंटेंस लुक काफी इंप्रेसिव है। वैसे तारा उन दर्शकों के दिलों में सालों से हैं जो डिज्नी इंडिया देखकर बड़े हुए हैं।मुंबई में पली-बढ़ीं तारा सुतारिया ने बहुत छोटी उम्र से ही म्यूजिक, डांस और थिएटर की ट्रेनिंग लेकर एक्टिंग करना शुरू कर दिया था। तारा ने साल 2010 में डिज्नी चैनल के शो 'बिग बड़ा बूम' में से में छोटे पर्दे पर कदम रखा था। इसके बाद साल 2011 में आई थी 'एंटरटेनमेंट के लिए कुछ भी करेगा।' साल 2012 में 'बेस्ट ऑफ लक निक्की' का भी हिस्सा रहीं तारा सुतारिया। साल 2012 कॉमेडी शो 'द सूट लाइफ ऑफ करण एंड कबीर' में भी तारा नजर आईं। इस शो में तारा विन्नी मिश्रा यानी विनीता के किरदार में दिखीं और काफी सुर्खियां भी बटोरीं। उन्होंने साल 2013 में 'ओए जस्सी' में भी एक्टिंग की थी। इस शो में तारा ने जसप्रीत का किरदार निभाया था।



हॉलीवुड मसाला



# जिमी ने ट्रंप का उड़ाया मजाक

**लॉस एंजिल्स।** जिमी किमेल को 'बेस्ट टॉक शो' होस्ट के लिए क्रिटिक्स चॉइस अवॉर्ड 2026 मिला है। इस दौरान जब वह स्टेज पर अवॉर्ड लेने पहुंचे तो अपने अंदाज में अमेरिकी राष्ट्रपति पर चुटकी लेने से बाज नहीं आए। 4 जनवरी को क्रिटिक्स चॉइस अवॉर्ड 2026 के मंच पर जिमी किमेल ने डोनाल्ड ट्रंप को पब्लिकली धन्यवाद दिया। लेकिन, उनका अंदाज कुछ ऐसा था कि वहां ठहाके गूंजने लगे। उन्होंने अपने अवॉर्ड जीतने और टॉक शो की सफलता का श्रेय पूर्व राष्ट्रपति के कामों को दिया।



# ओडेलिया की प्रिंस से जबरदस्ती हुई शादी

**लॉस एंजिल्स।** मॉडल मनोहरा ओडेलिया ने मलयेशिया के प्रिंस से अपनी शादी को लेकर अब एक ऐसा बयान जारी किया है जिसे सुनकर हर कोई हैरान रह गया है। मॉडल ने बताया कि उनकी शादी उनकी मर्जी के खिलाफ थी। इंडोनेशियन-अमेरिकन मॉडल मनोहरा ओडेलिया ने अपनी जिंदगी के उस सच को दुनिया के सामने रखा है जिसने सभी को झकझोर दिया है। वर्षों तक खामोशी में जीने के बाद मनोहरा ने अब खुलकर कहा है कि उनका नाम जिस 'शाही शादी'से जोड़ा गया, वह न तो उनकी मर्जी से थी और न ही कानूनी रूप से सही थी। साल 2008 में जब उनकी शादी मलयेशिया के केलंतान राज्य के शाही परिवार से जुड़े तेंगकु फाखरी से हुई, तब मनोहरा महज 16 साल की थीं। उस उम्र में जब किसी किशोरी को अपने सपने गढ़ने चाहिए होते हैं।



# फिल्मों में जबरस्त वापसी की तैयारी में...

**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेत्री कंगना रनौत ने हाल ही में फिल्मों में जबरदस्त कमबैक करने की तैयारी कर ली है। कंगना ने फैंस के साथ वीडियो साझा करते हुए बताया है कि वो नई फिल्म की शूटिंग शुरू कर चुकी हैं। बॉलीवुड अभिनेत्री और सांसद कंगना रनौत फिल्मों में जबरदस्त वापसी करने के लिए तैयार हैं। लंबे समय से राजनीतिक जिम्मेदारियों और फिल्मों के बीच संतुलन बनाती नजर आ रहीं कंगना ने अपनी अगली फिल्म 'भारत भाग्य विधाता' की शूटिंग शुरू कर दी है। हाल ही में उन्होंने सोशल मीडिया के जरिए इस बात की पुष्टि की और फिल्म के सेट से कुछ झलकियां भी साझा कीं, जिसे देखकर उनके प्रशंसकों में उत्साह साफ नजर आया। कंगना ने अपने इंस्टाग्राम स्टोरी पर अपनी प्रोडक्शन कंपनी की ओर से शेयर किए गए एक वीडियो को रीपोस्ट किया।



# हार्दिक की गर्लफ्रेंड से मिले बिग बी...

**मुंबई।** हार्दिक पांड्या और उनकी गर्लफ्रेंड महिका शर्मा का एक वीडियो वायरल हो रहा है। इसमें वो अमिताभ बच्चन के साथ नजर आ रहे हैं। हार्दिक ने बिग बी से अपनी गर्लफ्रेंड का परिचय करवाया। सभी 'यूनाइटेड इन ट्रायम्फ' इवेंट में शामिल हुए थे, जो बीती रात को मुंबई में आयोजित हुआ था। मुंबई में रिलायंस फाउंडेशन की तरफ से बीती रात को 'यूनाइटेड इन ट्रायम्फ' प्रोग्राम का आयोजन हुआ। नीता अंबानी की अध्यक्षता में आयोजित इस इवेंट में क्रिकेट जगत सहित अन्य मशहूर हस्तियों ने भी शिरकत की। अब एक वीडियो सामने आया है, जिसमें हार्दिक पांड्या अपनी गर्लफ्रेंड महिका शर्मा का परिचय अमिताभ बच्चन से करवा रहे हैं। बिग बी ने क्रिकेटर की तरफ इशारा करते हुए कुछ कहा और तीनों हंस पड़े। ये वीडियो खूब वायरल हो रहा है।

टीवी मसाला




# स्पेस जेन चंद्रयान सीरीज में भारत का चांद तक का सफर

**नई दिल्ली।** टीवीएफ इस बार एकदम अलग हटकर वेब सीरीज लेकर आ रहा है, जो इसरो, चंद्रयान, भारत के चांद तक के पहुंचने के मुश्किल सफर को दिखाती है। ये उन वैज्ञानिकों की अनकही कहानी है, जिन्होंने भारत के सपनों को इतिहास में बदल दिया। इस शो में नकुल मेहता से लेकर श्रिया सरन सहित कई सितारे नजर आएंगे। टीवीएफ अपनी पंचायत, कोटा फैक्ट्री, एस्पिरेंट्स सहित अन्य फेमस वेब सीरीज के लिए जाना जाता है। अब ये एक नई सीरीज लेकर आ रहा है, जिसमें भारत के चांद पर पहुंचने का एक मुश्किल सफर दिखाया जाएगा। मंगलवार, 6 जनवरी को इसका टीजर रिलीज कर दिया गया है। शो में श्रयि सरन, नकुल मेहता, प्रकाश बेलावाड़ी और सौरभ द्ववदी सहित कई जाने-माने चेहरे नजर आएंगे। इसकी रिलीज डेट का भी ऐलान कर दिया गया है। 'स्पेस जेन चंद्रयान' के टीजर में दिखाया गया है कि जो चीज किसी ने नहीं देखी, वहां तक लिमिटेड रिसोर्स तक पहुंचना, इसरो से बेहतर किसी को नहीं आता। दुनिया को दिखाने की एक जिद कि ल्यूनर साउथ पोल तक पहुंचने वाला पहला देश भारत होगा। पर साइंटिस्टों को विफलता मिलती है। ऐसे में सवाल उठने लगते हैं कि इस नाकामयाबी के बाद चंद्रयान 3 कैसे बनाएंगे? पर आखिरी में दिखाया गया है कि इसरो भारत को एक स्पेस पावर बनाकर रहेगा। इस वीडियो को शेयर करते हुए मेकर्स ने कैप्शन में लिखा- चांद तक का सफर आसान तो नहीं था, पर भारत के लिए नामुमकिन भी नहीं था। उन वैज्ञानिकों की अनकही कहानी देखिए, जिन्होंने भारत के सपनों को इतिहास में बदल दिया। इसे अरुनभ कुमार ने क्रिएट किया है। डायरेक्टर अनंत सिंह हैं। कहानी को शुभम शर्मा, प्रशांत कुमार और नितिन तिवारी ने लिखा है।

## हटके होगी इस बार मास्टर शेफ की थीम

**नई दिल्ली।** मास्टरशेफ इंडिया 9 ने पहले ही काफी एक्साइटमेंट पैदा कर दी है, क्योंकि इस सीजन में सबसे ज्यादा पसंद किए जाने वाला जजिंग पैनल वापस आ गया है। शेफ विकास खन्ना, शेफ कुणाल कपूर और शेफ रणवीर बरार जज के तौर पर वापसी करने वाले हैं। इस बार शो की थीम सुनकर आप खुश होने वाले हैं क्योंकि इस बार शो में सिर्फ भारतीय व्यंजनों की ही खुशबू आने वाली है। भारत के अलग-अलग राज्यों और क्षेत्रों की डिशेज जजों के सामने परोसी जाएगी। इस बार शो की थीम 'भारत का गौरव' है। ऑडियंस को कई भारतीय क्विजिन के बारे में जानने को मिलेगा। वहीं, विदेशों में भारतीय खाने की खूबियां बताई जाएंगी। मास्टरशेफ इंडिया सीजन 9, 5 जनवरी से सोनी एंटरटेनमेंट टेलीविजन पर प्रीमियर हो रहा है। लंबे इंतजार के बाद यह पॉपुलर कुकिंग रियलिटी शो टैलेंट और इमोशन्स से भरे एक बिल्कुल नए सीजन के साथ वापस आने के लिए तैयार है।



# मस्ती भरा राहु-केतु का ट्रेलर रिलीज...

मुंबई। पुलकित सम्राट, वरुण शर्मा और शालिनी पांडे स्टारर 'राहु केतु'का फाइल ट्रेलर आज सामने आया है। ट्रेलर पूरा मस्ती से भरा हुआ है। जिसमें पुलकित और वरुण मस्ती करते नजर आ रहे हैं। ट्रेलर में शालिनी पांडे भी अपनी हॉट अदाएं दिखाते दिख रहे हैं। 3 मिनट 7 सेकंड के इस ट्रेलर की शुरुआत पीयूष मिश्रा की आवाज के साथ होती है। जिसमें वो लोगों को दो लोगों के बारे में बताते हैं। जिनका परिचय देते हुए वो कहते हैं हिमाचल के शहर कुल्लू और वहां के दो उल्लू जिनका नाम राहु-केतु है। फिर पर्दे पर दिखते हैं वरुण शर्मा और पुलकित सम्राट। इसके बाद दोनों की कॉमडी शुरू होती है, जिसे देखकर आपको कई मौकों पर 'फुकरे' की याद आती है। फिल्म के नाम से ही पता चलता है कि वरुण और पुलकित पनौती हैं, जहां जाते हैं कुछ न कुछ गड़बड़ कर देते हैं। हालांकि, ट्रेलर को देखकर ऐसा लगता है कि इसी दौरान ये कुछ ऐसा करते हैं, जिससे भ्रष्टाचारियों का खुलासा हो जाता है। जाहिर है कि मेकर्स ने कॉमेडी के साथ-साथ एक संदेश भी देने की कोशिश की है। ट्रेलर में वरुण शर्मा, पुलकित सम्राट और शालिनी पांडे के अलावा बाकी कास्ट भी नजर आती है। जिसमें पीयूष मिश्रा के अलावा अमित सियाल, चंकी पांडे और मनु ऋषि जैसे कलाकारों के नाम शामिल हैं। पीयूष मिश्रा का लुक आपको 'तमाशा'में उनके किरदार की याद दिलाता है।




# धुरंधर ने आरआरआर को भी चटाई धूल वर्ल्डवाइड कलेक्शन में मारी बाजी...

**मुंबई।** धुरंधर ने कमाई के मामले में कई फिल्मों को अब तक पछाड़ दिया है। हाल ही में आरआरआर को भी कलेक्शन के मामले में इसने पीछे छोड़ दिया है। धुरंधर को बॉक्स ऑफिस पर 32 दिन हो चुके हैं। फिल्म ने भारतीय बॉक्स ऑफिस पर 800 करोड़ रुपए से अधिक की कमाई कर ली है। वहीं, वर्ल्डवाइड कलेक्शन में इस फिल्म ने हाल ही में आरआरआर जैसी सुपरहिट फिल्म को पीछे छोड़ दिया है। फिल्म धुरंधर के मेकर्स ने मंगलवार को सोशल मीडिया पर एक पोस्ट शेयर किए, जिसमें बताया कि फिल्म ने वर्ल्डवाइड 1,240 करोड़ रुपए कलेक्शन कर लिया है। साथ ही मेकर्स ने यह जानकारी भी साझा की कि भारतीय बॉक्स ऑफिस पर यह फिल्म 820.30 करोड़ रुपए कमा चुकी है। फिल्म धुरंधर ने वर्ल्डवाइड कलेक्शन के मामले में आरआरआर को भी पीछे छोड़ दिया है। सैकनिल्क के अनुसार एसएस राजामौली निर्देशित की फिल्म आरआरआर ने वर्ल्डवाइड 1230 करोड़ रुपए की कमाई थी। यह फिल्म साल 2022 की सबसे बड़ी हिट फिल्म थी। इस फिल्म ने आस्कर अवॉर्ड में भी अपना जलवा चलाया था, इस फिल्म के गाने 'नाटू नाटू' को बेस्ट ओरिजनल सॉन्ग का अवॉर्ड मिला। फिल्म धुरंधर इस साल रिलीज हुई फिल्मों से भी वर्ल्डवाइड कलेक्शन के मामले में आगे निकल चुकी है। फिल्म कांतारा चैप्टर 1 और छावा को भी इसने पछाड़ दिया है। कांतारा चैप्टर 1 ने वर्ल्डवाइड सिर्फ 900 करोड़ रुपए कमाए, वहीं छावाने वर्ल्डवाइड 809 करोड़ रुपये की कमाई थी। फिल्म धुरंधर अब वर्ल्डवाइड पुष्पा 2 के कलेक्शन को पार करने पर अपनी नजर टिकाए है। अल्लू अर्जुन की फिल्म पुष्पा 2 साल 2024 में रिलीज हुई थी। इसने वर्ल्डवाइड 1742 करोड़ रुपए का कलेक्शन किया था। अगर फिल्म धुरंधर 500 करोड़ रुपए की कमाए और करती है तो शायद फिल्म पुष्पा 2 के वर्ल्डवाइड कलेक्शन को पार सके।

## धुरंधर ने वर्ल्डवाइड पार किया 1200 करोड़ का आंकड़ा



## ऑस्कर में भारत की उम्मीदें बरकरार, 22 जनवरी को होगी पुरस्कारों की घोषणा

# अंतरराष्ट्रीय फीचर फिल्म श्रेणी के अगले दौर में पहुंची होमबाउंड

***लॉस एंजिल्स।*** *ऑस्कर के लिए भारत की ओर से भेजी गई ऑफिशियल फिल्म 'होमबाउंड' भारत की उम्मीदों को बनाए हुए है। क्योंकि, फिल्म अकादमी पुरस्कारों में अंतरराष्ट्रीय फीचर फिल्म श्रेणी के अगले दौर के मतदान में पहुंच गई है। ऑस्कर की ओर से घोषणा की गई कि अंतर्राष्ट्रीय फीचर फिल्म श्रेणी में दुनिया भर की पंद्रह फिल्में वोटिंग के अगले दौर में पहुंच गई हैं। इनमें भारत की 'होमबाउंड' के अलावा अर्जेंटीना, ब्राजील, फ्रांस, जर्मनी, इराक, जापान, जॉर्डन, नॉर्वे, फिलिस्तीन, दक्षिण कोरिया, स्पेन, स्विट्जरलैंड, ताइवान और ट्यूनीशिया की फिल्में शामिल हैं।*



### 98 साल के इतिहास में भारत की पांचवीं फिल्म

हाल ही में ऑस्कर के लिए शॉर्टलिस्ट होने के साथ 'होमबाउंड' ने एक उपलब्धि हासिल कर ली है। यह अकादमी पुरस्कारों के 98 साल के इतिहास में सर्वश्रेष्ठ अंतर्राष्ट्रीय फीचर फिल्म के लिए शॉर्टलिस्ट होने वाली भारतीय सिनेमा की पांचवीं फिल्म बन गई है। ईशान खट्टर और विशाल जेठवा स्टारर 'होमबाउंड' को ऑस्कर 2026 के अंतर्राष्ट्रीय फीचर फिल्म श्रेणी में आखिरी नामांकन के लिए 15 फिल्मों में चुना गया है।

### नीरज घेवान ने किया है फिल्म का निर्देशन

नीरज घेवान द्वारा निर्देशित और करण जौहर के धर्मा प्रोडक्शंस द्वारा निर्मित 'होमबाउंड' बचपन के दोस्तों शोएब (ईशान खट्टर) और चंदन (विशाल जेठवा) की कहानी है। जिनका पुलिस बल में शामिल होने का सपना उनके जीवन को आकार देता है। जाह्नवी कपूर ने दोस्ती, कर्तव्य और युवा भारत के सामने आने वाले दबावों पर आधारित इस कहानी में अहम भूमिका निभाई है।

### ये फिल्में भी हुईं चयनित

'मबाउंड के अलावा चयनित हुई फिल्मों में बेलेन (अर्जेंटीना), द सीक्रेट एजेंट (ब्राजील), इट वाज जस्ट एन एक्सीडेंट (फ्रांस), साउंड ऑफ फॉलिंग (जर्मनी), द प्रेसिडेंट्स केक (इराक), कोकुहो (जापान), ऑल दैट्स लेफ्ट ऑफ यू (जॉर्डन), सेंटीमेंटल वैल्यू (नॉर्वे), पैलेस्टाइन 36 (फिलिस्तीन), नो अदर चॉइस (दक्षिण कोरिया), सिरात (स्पेन), लेट शिफ्ट (स्विट्जरलैंड), लेफ्ट-हैंडेड गर्ल (ताइवान) और द वॉइस ऑफ हिंद रजब (ट्यूनीशिया) शामिल हैं। इस बारे में अकादमी अवॉर्ड्स ने अपने आधिकारिक सोशल मीडिया हैंडल पर जानकारी साझा की। अकादमी पुरस्कारों के लिए आखिरी नामांकन की घोषणा गुरुवार 22 जनवरी को की जाएगी।

# अपने आइडिया को जमीन पर उतारिए, हमारी सरकार है निवेशकों के साथ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि मप्र विकास के सभी सेक्टर्स में लगातार आगे बढ़ रहा है। प्रदेश को राष्ट्रीय स्तर पर कई बड़े पुरस्कार मिले हैं। पिछले दो साल में मप्र में दो नए टाइगर रिजर्व बनाए हैं। मप्र टाइगर और वल्चर स्टेट तो है ही, हमारी धरती पर चीता भी तेजी से अपना कुनबा बढ़ा रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार निवेशकों और उद्योगपतियों को प्रोत्साहित करने के लिए शासकीय कामकाज को और भी सरल, सहज, पारदर्शी, आसान और सहयोगी बना रही है। उन्होंने कहा कि आप सभी आइडिया को जमीन पर उतारिए, हमारी सरकार हमेशा आपके साथ है।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव सोमवार को पिंक सिटी जयपुर में राजस्थान डिजीफेस्ट-टाई ग्लोबल समिट 2026 में मप्र सेशन में बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि मप्र सरकार इस प्रतिष्ठित ग्लोबल समिट में 'स्टेट पार्टनर' के रूप में सहभागिता कर रही है।

उन्होंने कहा कि मप्र, देश का सबसे युवा राज्य है। मप्र टाइगर स्टेट है, चीता स्टेट है, फारेस्ट स्टेट है, मिनरल स्टेट है, बिजली सरप्लस स्टेट है। अब देश का सबसे बेहतर इन्वेस्टमेंट फ्रेंडली स्टेट भी बन गया है। उन्होंने कहा कि मप्र वर्ष 2025 में सबसे ज्यादा निवेश पाने वाला देश का तीसरा राज्य बना है। मुख्यमंत्री ने कहा कि मप्र अनंत अवसर और संभावनाएं लिए हुए है। देश के मध्य में होने के कारण मप्र व्यापार, व्यवसाय, उद्योग-धंधे और स्टार्ट-अप्स लगाने से लेकर अपने उत्पाद को निर्यात करने के लिए एक अनुपम केंद्र बन रहा है। इससे पहले मुख्यमंत्री एवं अन्य अतिथियों ने राजस्थान डिजिफेस्ट-टाई ग्लोबल समिट के मप्र सेशन का शुभारंभ किया। अपर मुख्य सचिव, विज्ञान एवं तकनीकी संजय दुबे ने मप्र की बेजोड़ खूबियों पर प्रकाश डाला।

### खास बातें

- मुख्यमंत्री ने जयपुर में निवेशकों को मप्र में निवेश के लिए किया आमंत्रित
- देश का सबसे बेहतर इन्वेस्टमेंट फ्रेंडली स्टेट है मध्यप्रदेश
- देश के दिल से जुड़ें, मध्यप्रदेश है अनंत संभावनाओं का केंद्र
- हम निवेशकों के लिए स्थापित कर रहे हैं आदर्श

### निवेशकों के साथ दीर्घकालिक साझेदारी के लिए पूर्णतः प्रतिबद्ध



सीएम ने राजस्थान डिजीफेस्ट-टीआईई ग्लोबल समिट-2026 के मप्र राज्य सत्र को संबोधित किया।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि राज्य सरकार ने पीपीपी मोड पर मेडिकल कॉलेज और अस्पताल खोलने की शुरुआत की है। इससे प्रदेश में स्वास्थ्य सुविधाओं को गति मिलेगी और हमें पर्याप्त संख्या में डॉक्टर्स भी मिलेंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि रिन्यूएबल एनर्जी, ऑटोमोबाइल, टेक्सटाइल, फूड प्रोसेसिंग, फार्मा, आईटी और पेट्रो केमिकल्स जैसे सभी प्रमुख सेक्टर्स में निवेश के व्यापक अवसर उपलब्ध हैं। उन्होंने निवेशकों को औद्योगिक सहयोग के साथ-साथ शिक्षा, अनुसंधान, संस्कृति, कौशल विकास, अवसंरचना और पर्यटन में साझेदारी के लिए आमंत्रित किया। मुख्यमंत्री ने निवेशकों को विश्वास दिलाया कि वे निवेशकों के साथ दीर्घकालिक साझेदारी के लिए पूर्णतः प्रतिबद्ध है।

### उद्योग जगत के प्रतिनिधियों के साथ व्यक्तिगत बैठक की

सीएम ने सीईओ, निवेशकों तथा वैश्विक उद्योग जगत के प्रतिनिधियों के साथ बैठक कर प्रदेश में रणनीतिक निवेश के अवसरों की संभावनाओं पर चर्चा की। दुबई के टेलीकॉम ग्रुप के कार्यकारी उपाध्यक्ष अम्मार अल मलिक के साथ चर्चा संस्थागत सहयोग पर केंद्रित रही। विशेष रूप से प्रस्तावित भोपाल एआई नॉलेज सिटी के विकास तथा मध्यप्रदेश स्थित टेक्नोलॉजी कंपनियों को वैश्विक बाजारों तक पहुंच प्रदान करने पर विस्तृत विचार-विमर्श हुआ।

### निवेश और विकास के लिए अत्यंत अनुकूल वातावरण



निवेशकों व उद्योगपतियों से मिलते मुख्यमंत्री।

सीईओ इम्पेटस टेक्नोलॉजीज संजीव अग्रवाल ने कहा कि वे पिछले 32 वर्षों से मप्र में कार्यरत हैं। उस समय राज्य में आईटी इको सिस्टम की शुरुआत हो रही थी। मप्र सरकार का व्यावहारिक सहयोग, लागत-प्रभावशीलता पर जोर और गुणवत्तापूर्ण प्रतिभा पर ध्यान, ये सभी कारक मिलकर निवेश और विकास के लिए अत्यंत अनुकूल वातावरण का निर्माण करते हैं। अग्रवाल ने कहा कि आज राज्य वैश्विक ग्राहकों के साथ सफलतापूर्वक कार्य कर रहा है और निरंतर प्रगति के पथ पर अग्रसर है। यदि कोई निवेशक सतत विकास, सरकारी सहयोग और विश्वसनीय पारिस्थितिकी तंत्र की तलाश में है, तो मप्र इसके लिए सबसे उपयुक्त और आदर्श स्थान है।

### मप्र के तेजी से विकसित हो रहे स्टार्ट-अप

समिट में एक विशेष एमपी पेवेलियन स्थापित किया गया, जिसमे राज्य के प्रमुख स्टार्ट-अप्स एवं कंपनियों को प्रदर्शित किया गया। इस पेवेलियन में किंट्सुगी बिजनेस लैब्स प्राइवेट लिमिटेड, थ्रीवे स्टूडियो प्राइवेट लिमिटेड, कॉमन स्कूल एसए डिजिटल, यंगोवेटर एजुकेशन प्राइवेट लिमिटेड तथा ज़ांगोह सहित कई प्रदर्शक शामिल थे। प्रौद्योगिकी, शिक्षा, डिजिटल प्लेटफॉर्म्स और उभरते क्षेत्रों में अपने अभिनव समाधानों का प्रदर्शन किया।

## सुरक्षा बलों को मिली बड़ी कामयाबी नक्सलियों का एक बड़ा डम्प बरामद

**सुकमा** । केरलापाल थाना अंतर्गत नवीन कैंप गोगुंडा क्षेत्र में सुरक्षाबलों ने नक्सल विरोधी अभियान के दौरान एक बड़ी सफलता हासिल की है। वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशानुसार चलाए जा रहे एंटी नक्सल ऑपरेशन के तहत, पुलिस बल की टीम ने जंगल और पहाड़ी इलाकों में छिपाकर रखे गए नक्सलियों के एक बड़े डम्प को बरामद किया है।

यह डम्प सुरक्षाबलों को नुकसान पहुंचाने की नीयत से छुपाया गया था। पांच जनवरी 2026 को जिला पुलिस बल की टीम ने नवीन कैंप गोगुंडा से सर्च ऑपरेशन शुरू किया था। दुर्गम जंगल और पहाड़ी क्षेत्रों की तलाशी के दौरान, सुरक्षाबलों ने नक्सलियों द्वारा छिपाए गए हथियारों, गोला-बारूद, विस्फोटकों और दैनिक उपयोग की सामग्री का एक बड़ा जखीरा बरामद किया। खतरनाक और घातक हथियार बरामद सामग्री में देशी कट्टा, .315 राइफल के जिंदा राउंड, .303 के जिंदा राउंड चार्जर सहित, 12 बोर के जिंदा राउंड, टेलिस्कोप (डे-विजन एसएसआर), गन पाउडर काला व सफेद, जिलेटिन रड, इलेक्ट्रॉनिक डेटोनेटर, नकली वर्दी, कॉर्डेक्स वायर, बिजली तार, सेट चार्जर, मोटोरोला वॉकी-टॉकी बैटरी, वायरलेस एंटीना, मल्टीमीटर, कैलकुलेटर, स्विच, राइफल स्लिंग, पिट्ठू, पोच, नक्सल साहित्य, स्टील टिफिन, ड्रम, काला कपड़ा तथा अन्य भारी मात्रा में दैनिक उपयोगी सामग्री शामिल है।

## प्री बजट मंथन में सीएम सैनी का आम नागरिकों से आग्रह

# 'जनभागीदारी पोर्टल' पर दें हरियाणवी में बजट सुझाव

हरिभूमि

**बजट निर्माण की प्रक्रिया संवाद से परिपूर्ण होगी**

न्यूज ▶▶ गुरुग्राम

प्री बजट सेशन के दौरान गुरुग्राम में मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने हरियाणा विजन 2047 के मद्देनजर एआई आधारित हरियाणा बजट जनभागीदारी पोर्टल का शुभारंभ किया। इस पोर्टल के माध्यम से आम नागरिकों को राज्य के बजट निर्माण प्रक्रिया में प्रत्यक्ष रूप से सहभागी बनने का अवसर मिलेगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि इस पोर्टल पर हरियाणवी, हिंदी और अंग्रेजी तीनों भाषाओं में अपने सुझाव दिए जा सकते हैं। जिससे समाज के हर वर्ग की सहभागिता सुनिश्चित हो सके। यह प्लेटफॉर्म हमारी पारदर्शिता, नागरिक सहभागिता और सहभागी शासन की प्रतिबद्धता का प्रतीक है। इस पोर्टल के माध्यम से नागरिक, विशेषज्ञ और हितधारक सीधे सरकार से जुड़ सकेंगे।



**गुरुग्राम।** मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी, विजन 2047 और 2026-27 के लिए इसके रोडमैप के बारे में आयोजित बजट पूर्व परामर्श बैठक के दौरान उपस्थित जन को संबोधित करते हुए। *फोटो : हरिभूमि*

### पोर्टल लॉन्च

- आम नागरिकों को बजट निर्माण प्रक्रिया में भागीदारी का मिलेगा अवसर
- समाज के हर वर्ग की सहभागिता होगी सुनिश्चित

### उद्यमियों ने दिए सुझाव

मुख्यमंत्री ने वित्त वर्ष 2026- 27 के लिए इंडस्ट्री, हेल्थ, आईटी और एजुकेशन सेक्टर से संबंधित हितधारकों के साथ आयोजित बजट पूर्व परामर्श बैठक (प्री बजट कंसलटेशन) में हर पहलू पर विस्तार से चर्चा की। बैठक में उद्योग जगत एवं मैन्यूफैक्चरिंग इकाइयों से जुड़े विभिन्न संगठनों के प्रतिनिधियों ने आगामी बजट के लिए अपने सुझाव रखे।

### सोवाका लैब का उद्घाटन

सैनी ने सोवाका लैब का उद्घाटन किया। सीएम ने कहा कि एक स्वस्थ व्यक्ति से न केवल उसके परिवार बल्कि समाज का भी विकास होता है। स्वस्थ नागरिक ही सशक्त समाज, मजबूत अर्थव्यवस्था और आत्मनिर्भर राष्ट्र की नींव रखते हैं। हरियाणा सरकार ने इसी सोच के साथ आधुनिक जांच और उपचार सुविधाओं को आमजन तक सुलभ बनाया है और प्रदेश में पब्लिक-प्राइवेट पार्टनरशिप मॉडल के तहत सीटी स्कैन, एमआरआई, हैमो डायलिसिस और कैथ लैब जैसी उन्नत सेवाएं उपलब्ध करवाई जा रही हैं।

### मेडिकल व हेल्थ हब बना गुरुग्राम, तेजी से बढ़ रहा

मुख्यमंत्री ने कहा कि आज गुरुग्राम तेजी से विकास की दिशा में आगे बढ़ रहा है। मेडिकल और हेल्थ हब के रूप में गुरुग्राम की अपनी विशिष्ट पहचान बन रही है और सेहत सुरक्षा की दिशा में आज एक और मील का पत्थर इस लैब के रूप में स्थापित होने से मजबूत सुरक्षा चक्र बन रहा है। उन्होंने कहा कि यह लैब हेल्थ क्षेत्र में सेवाओं को अधिक गुणवत्तापूर्ण बनाएगी। उन्होंने गरीब और जरूरतमंद लोगों को भी विशेष सुविधाएं देने का आह्वान किया।

## वरिष्ठ पत्रकार सरदाना को पंडित मदन मोहन मालवीय 'पत्रकार भूषण सम्मान'



हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली।

प्रख्यात वरिष्ठ पत्रकार, स्तंभकार, कवि, फिल्म समीक्षक और टीवी पैनलिस्ट प्रदीप सरदाना को पंडित मदन मोहन मालवीय 'पत्रकार भूषण सम्मान' से सम्मानित किया गया। श्री सरदाना को यह सम्मान पत्रकारिता क्षेत्र में किए गए उनके विशिष्ट और उल्लेखनीय कार्यों के लिए दिया गया। पुरस्कार वरिष्ठ पत्रकार और इंदिरा गांधी राष्ट्रीय कला केंद्र के अध्यक्ष राम बहादुर राय, मेवाड़ विश्वविद्यालय के अध्यक्ष विनोद कुमार गदिया और निदेशिका अलका अग्रवाल ने प्रदान किया। इस अवसर पर पदमभूषण राम बहादुर राय ने कहा- ''पंडित मदन मोहन मालवीय सांस्कृतिक राष्ट्रवाद के बड़े व्यक्तित्व थे। उन्होंने स्वतंत्रता आंदोलन के साथ शिक्षा, समाज सेवा और पत्रकारिता जैसे विभिन्न क्षेत्रों के लिए अनेक उल्लेखनीय कार्य किए।'' उधर पत्रकार भूषण प्रदीप सरदाना ने पंडित मालवीय के कई असाधारण कार्यों को उल्लेख करते हुए, एक आदर्श और श्रेष्ठ पत्रकार के 5 मूल मंत्र भी बताए। श्री सरदाना ने कहा- ''पत्रकारिता का सबसे बड़ा सिद्दांत यह है कि जो भी लिखा या बोला जाए उसके तथ्य पूरी तरह सही होने चाहिएं। इसलिए समाचारों में प्रामाणिकता सबसे बड़ी आवश्यकता है। इसी के साथ हर अच्छे पत्रकार को कर्मठता, निष्पक्षता, निष्कपटता और निर्भीकता के साथ कार्य करने चाहिएं, तभी पत्रकार के साथ उनके मीडिया संस्थान की भी विश्वसनीयता बनेगी। महामना ने भी मुंडक उपनिषद के 'सत्यमेव जयते' को अत्यंत महत्व देते हुए इसे इतना लोकप्रिय किया कि भारत सरकार ने भी इसे ही राष्ट्र का आदर्श वाक्य बनाया।'' 'मेवाड़ ग्रुप ऑफ इन्स्टीट्यूशंस', वसुंधरा, प्रतिवर्ष महामना पंडित मदन मोहन मालवीय की जयंती के मौके पर एक पत्रकार को पत्रकार भूषण और एक साहित्यकार को साहित्यकार भूषण के साथ 4 पत्रकारों को 'पत्रकार गौरव' सम्मान से सम्मानित करता है। यह इस आयोजन का 21 वां वर्ष है। इस बार जहां प्रदीप सरदाना को पत्रकार भूषण प्रदान किया गया गया।

# जी राम जी पर आर-पार की लड़ाई: भाजपा का जनजागरण अभियान, कांग्रेस ने विरोध में ग्राम पंचायत तक दी दस्तक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

दो दशक पुराने महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम (मनरेगा) को निरस्त करने और उसकी जगह विकसित भारत-जीरामजी (गारंटी फार रोजगार एंड आजीविका मिशन, ग्रामीण) को लेकर प्रदेश में भाजपा और कांग्रेस विरोध और समर्थन में अपने-अपने स्तर पर अभियान चलाने जा रही है। भाजपा जहां हर स्तर पर जनजागरण चलाएगी, वहीं कांग्रेस इसके विरोध में व्यापक आंदोलन करने की तैयारी में हैं। भाजपा जीरामजी को लेकर सक्रिय है। केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज अपने बयानों में इस योजना को बेहतर बता रहे हैं।

### दिग्विजय की यात्रा आज

पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह भी सक्रिय हो गए हैं। सोमवार सुबह वे सीहोर जिले के इछावर के गांव खेरी के लोगों से मिले और इस अधिनियम में किए गए बदलावों की जानकारी दी। वहीं प्रदेश भाजपा जीरामजी के लिए व्यापक पैमाने पर जनजागरण चलाने की तैयारी कर रही है। जनजागरण अभियान हर एक पंचायत तक चलाने की योजना है। जिसमें वह बताएगी कि इसमें मनरेगा से बेहतर और मजदूरों के लिए क्या-क्या फायदे हैं। साथ ही यह भी बताएगी कि अब इसमें किसानों को लेबर नहीं मिलने की परेशानी नहीं होगी।

### कांग्रेस घर-घर जाकर देगी जानकारी



जीतू पटवारी

जीरामजी में 40 प्रतिशत हिस्सेदारी राज्य सरकारों की कर दी है। प्रदेश सरकार हर दिन 200 करोड़ रुपए कर्ज ले रही है। मध्य प्रदेश की अर्थ व्यवस्था क्या इसका 40 प्रतिशत भार उठा पाएगी। कांग्रेस यह बात ग्रामीण क्षेत्रों में घर-घर जाकर बताएगी।

**- जितेंद्र जीतू पटवारी, प्रदेश अध्यक्ष कांग्रेस**

### राम का नाम आने से विरोध



रजनीश अग्रवाल।

इसमें भगवान राम का नाम आ गया इसलिए कांग्रेस इसका विरोध कर रही है। जबकि कांग्रेस के नेता जानते हैं कि अब यह योजना और प्रभावी होगी। भाजपा भी जनजागरण करेगी और गांव-गांव में जाकर बताएगी कि यह योजना पहले से कितनी प्रभावी है।

**रजनीश अग्रवाल, प्रदेश मंत्री भाजपा**

## भाजपा प्रदेश प्रभारी ने दतिया एवं ग्वालियर में की बैठकें

# बूथ की मजबूती से संगठन सशक्त और चुनावी विजय सुनिश्चित : डॉ. महेन्द्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश प्रभारी डॉ. महेन्द्र सिंह ने सोमवार को दतिया में दतिया, भाण्डेर, सेवढ़ा एवं ग्वालियर ग्रामीण जिले के डबरा में भितरवार, डबरा व ग्वालियर ग्रामीण विधानसभाओं की अलग-अलग संयुक्त बैठके की। प्रदेश प्रभारी डॉ. महेन्द्र सिंह ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी केवल सत्ता प्राप्ति का माध्यम नहीं, बल्कि राष्ट्र निर्माण का एक वैचारिक और सामाजिक आंदोलन है। इस आंदोलन की आत्मा उसका समर्पित कार्यकर्ता है, जो अनुशासन, सेवा और संगठन के मूल मंत्र को लेकर समाज के प्रत्येक वर्ग तक पहुंचता है। कार्यकर्ता को भाजपा की विचारधारा का संवाहक बनकर सरकार की योजनाओं, संगठन के संदेश और राष्ट्रहित के संकल्प को जन-जन तक पहुंचाना होगा। बूथ की मजबूती और संगठन की शक्ति से ही चुनावों में ऐतिहासिक विजय सुनिश्चित होती है, इसलिए आप सभी कार्यकर्ता अपने-अपने बूथों में संगठन को और मजबूती देने के लिए कार्य करें।

### भाजपा की सबसे बड़ी ताकत अनुशासन, आपसी समन्वय

भाजपा प्रदेश प्रभारी डॉ. महेन्द्र सिंह ने बूथ स्तर की भूमिका को संगठन की सबसे मजबूत कड़ी बताते हुए कहा कि मजबूत बूथ ही मजबूत संगठन की पहचान है और वही चुनावी विजय की आधारशिला भी है। प्रत्येक कार्यकर्ता को बूथ, शक्ति केंद्र, मंडल और विधानसभा स्तर पर नियमित संपर्क, बैठक, संवाद और सेवा गतिविधियों के माध्यम से संगठन को और अधिक मजबूत बनाना होगा। भाजपा प्रदेश प्रभारी डॉ. महेन्द्र सिंह ने कहा कि संगठनात्मक अनुशासन और आपसी समन्वय के साथ कार्य करना ही भाजपा की सबसे बड़ी ताकत है।

## तेज रफ्तार ट्रक ने पीछे से मारी पिकअप को टक्कर

# सड़क हादसे में तीन ग्रामीणों की मौत, चार घायल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बस्तर

जिले के दरभा थाना क्षेत्र के जीरम घाटी में मंगलवार की सुबह एक भीषण सड़क दुर्घटना हुई। तेज रफ्तार ट्रक ने सामने चल रहे पिकअप को पीछे से जोरदार टक्कर मार दी, जिसमें तीन ग्रामीणों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि चार अन्य घायल हो गए। घायलों को बेहतर उपचार के लिए दरभा स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया है।

जानकारी के अनुसार दुर्घटना सुबह करीब 11 बजे जीरम घाटी के पास हुई। जगदलपुर की ओर से लगभग सात ग्रामीण सवार होकर पखनार बाजार जा रहे थे। इसी मार्ग पर सुकमा की ओर जा रहे एक ट्रक ने अपना नियंत्रण खो दिया और पिकअप को पीछे से टक्कर मार दी। इस भीषण भिड़ंत में तीन ग्रामीणों की तत्काल मृत्यु हो गई, जबकि चार अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना के बाद घाटी में यातायात जाम हो गया। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शवों को पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया।

### हादसे के बाद लोगों में गुस्सा




**जीरम घाटी में हादसा**

मृतकों के परिजनों से संपर्क कर उन्हें घटना की जानकारी दी गई है। इस दुर्घटना के बाद इलाके के लोगों में नाराजगी देखी जा रही है। जीरम घाटी में अक्सर तेज रफ्तार वाहनों के कारण दुर्घटनाएं होती रहती हैं, लेकिन इस बार की दुर्घटना ने तीन जानें लील लीं। स्थानीय प्रशासन से सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम करने की मांग की जा रही है ताकि भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो। पुलिस मामले की जांच कर रही है और ट्रक चालक की तलाश जारी है। दुर्घटना के कारणों का पता लगाने के लिए आगे की जांच की जा रही है। यह घटना एक बार फिर सड़क सुरक्षा के प्रति लापरवाही का गंभीर मुद्दा उठाती है।

**राजपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम लडुवा का मामला, पुलिस कर रही मामले की जांच**

# खेत से बच्चों ने मटर तोड़ी तो हाथ-पैर बांधकर पीटा, वीडियो हुआ वायरल

▶▶ बलरामपुर-रामानुजगंज

राजपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम लडुवा से मानवता को झकझोर देने वाला मामला सामने आया है, जहां खेत से मटर तोड़ने के आरोप में गांव के छोटे बच्चों के साथ अमानवीय व्यवहार किया गया।


आरोप है कि बच्चों के हाथ-पैर बांधकर उनके साथ मारपीट की गई और इस दौरान सजा देने का वीडियो भी बनाया गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार, गांव के कुछ बच्चों पर खेत से मटर तोड़ने का आरोप लगाया गया था। इसी बात को लेकर कुछ लोगों ने बच्चों को पकड़कर उनके हाथ और पैर बांध दिए तथा उनके साथ मारपीट की। इस पूरी घटना का वीडियो बनाकर उसे प्रसारित भी किया गया, जो सामने आने के बाद तूल पकड़ने लगा। घटना से आहत पीड़ित बच्चे के पिता ने राजपुर थाने में इसकी लिखित शिकायत दर्ज कराई है। शिकायत में बच्चों के साथ की गई मारपीट और अमानवीय सजा का उल्लेख किया गया है। मामले के सामने आने के बाद गांव में आक्रोश का माहौल है और लोगों ने दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है। राजपुर थाना पुलिस ने शिकायत के आधार पर मामले की जांच शुरू कर दी है। पुलिस का कहना है कि वीडियो की भी जांच की जा रही है और तथ्यों के आधार पर संबंधित आरोपियों के खिलाफ विधिसम्मत कार्रवाई की जाएगी। पुलिस अधिकारियों ने स्पष्ट किया है कि बच्चों के साथ इस तरह का व्यवहार किसी भी स्थिति में स्वीकार्य नहीं है। प्रशासन और पुलिस की ओर से लोगों से अपील की गई है कि किसी भी विवाद की स्थिति में कानून अपने हाथ में न लें और कानूनी प्रक्रिया का पालन करें। साथ ही बच्चों के अधिकारों की रक्षा करना समाज की सामूहिक जिम्मेदारी है।



चिंतन

# शरीर पर टैटू गुदवाते समय संयम बरतें युवा

अगर युवा भारतीय सेना, पैरामिलिट्री फोर्स और पुलिस में भर्ती होने का सपना देख रहे हैं तो शौक भी जरा संभलकर करें। कहीं ऐसा न हो कि आपका एक शौक आपके सपनों को कुचल दे और हुनरमंद होते हुए भी आप आर्म्ड सर्विसेज में भर्ती की दौड़ से बाहर हो जाएं। पिछले काफी समय से ऐसी चीजें देखने को मिल रही हैं, जिसमें हुनर और क्षमता होने के बावजूद नौजवानों को सिर्फ अपने शौक के चलते सेना, अर्धसैनिक बल और पुलिस में भर्ती की दौड़ से बाहर होना पड़ा है। ऐसा ही एक शौक युवाओं के बीच आजकल काफी लोकप्रिय है। वह है शरीर पर टैटू गुदवाना। जो शरीर को दर्द देने के साथ-साथ सेना में भर्ती के समय उन्हें मेडिकली रूप से अनफिट कर गंभीर पीड़ा दे रहा है। हाल ही में कलकत्ता हाईकोर्ट ने फैसला सुनाया है कि विस्तृत चिकित्सा परीक्षण में अयोग्य घोषित होने के बाद और फिट घोषित होने के लिए पुनरीक्षण चिकित्सा परीक्षण में उपस्थित होने से पहले उम्मीदवार अपने टैटू नहीं हटवा सकते। यदि ऐसा करते हैं तो उन्हें चिकित्सा परीक्षण के दौरान चिकित्सकीय रूप से अयोग्य घोषित कर दिया जाएगा। हालांकि, उम्मीदवार को केवल चिकित्सा मूल्यांकन में कथित त्रुटि या अनियमितता को चुनौती देने के लिए पुनरीक्षण चिकित्सा परीक्षण का अनुरोध करने की अनुमति है। लेकिन पहले परीक्षण के बाद शारीरिक स्थिति में कोई बदलाव करने की अनुमति नहीं है। यह फैसला सीआरपीएफ के एक जवान की याचिका पर आया है। ऐसे में युवाओं को शरीर पर टैटू गुदवाते समय संयम बरतना चाहिए, ताकि बाद में परेशानियों का सामना न करना पड़े। बता दें कि भारतीय सेना, पैरामिलिट्री फोर्स और पुलिस में एक खास वर्ग और शरीर के चुनिंदा हिस्सों पर ही टैटू गुदवाने की इजाजत देता है। इजाजत वाली जगहों पर कुछ खास तरह के ही टैटू गुदवाए जा सकते हैं। साथ ही, इन टैटू के बारे में आवेदन के समय संबंधित फोर्स के भर्ती बोर्ड को जानकारी देना अनिवार्य होता है। सेना के तीनों अंगों यानी थल सेना, वायु सेना और नौसेना के अलावा पैरामिलिर्टी एवं पुलिस भर्ती की नियमावली के अनुसार, कोई भी अभ्यर्थी सिर्फ धार्मिक चिन्ह और अपने नाम से जुड़े टैटू ही गुदवा सकता है। ये टैटू हथेली के बाहरी हिस्से में हो सकते हैं। इसके अलावा, हाथ के अंदरूनी हिस्से में कोहनी से नीचे और हथेली के ऊपर के हिस्से में भी टैटू गुदवाने की इजाजत है। हालांकि, नियमावली में यह स्पष्ट नहीं है कि इन टैटू का साइज कितना होना चाहिए। इन दोनों हिस्सों के अलावा शरीर के किसी भी हिस्से में टैटू गुदवाने की इजाजत नहीं है। लिहाजा, नौजवानों को सलाह है कि वह यदि सैन्य बलों में अपना भविष्य देख रहे हैं, तो बेहतर होगा कि टैटू के शौक से परहेज ही करें। दूसरी तरफ, कई एंट्री लेवल भर्ती में शादीशुदा उम्मीदवारों को अनुमति नहीं होती है। खासकर अग्निवीर या सिपाही स्तर की भर्ती में अविवाहित होना जरूरी शर्त है। अगर ट्रेनिंग के दौरान शादी की जानकारी छिपाई जाती है और बाद में सामने आती है, तो भर्ती रद्द भी हो सकती है। अग्निवीर सैनिक जो आर्मी में स्थायी सैनिक बनने का सपना देख रहे हैं, उनके लिए भी सेना ने नया नियम बनाया है। इसके तहत जब तक अग्निवीर स्थायी नौकरी प्राप्त नहीं कर लेते हैं, तब तक वे शादी नहीं कर पाएंगे। हालांकि सेना ने इसके पीछे कोई ठोस कारण नहीं बताया है। सेना ने कहा कि अग्निवीर पद से सेवामुक्त होने के 4 से 6 महीने का इंतजार करना होगा। सेना में स्थायी नियुक्ति के बाद में आसानी से शादी कर सकेंगे।



विदेश नीति
अखिलेश आर्येन्दु

# वेनेजुएला को ही गुनहगार क्यों माना

वेनेजुएला पर अमेरिकी कार्रवाई को किसी भी अंतरराष्ट्रीय नियम-कानून के तहत उचित नहीं ठहराया जा सकता है। संयुक्त राष्ट्र संघ ने अमेरिका की इस ताबड़-तोड़ कार्रवाई पर गहरी चिंता जताते हुए इसे अंतरराष्ट्रीय नियम-कानूनों के खिलाफ बताया है और गहरी चिंता जाहिर की है। अमेरिका की वेनेजुएला पर इस कार्रवाई को लेकर राष्ट्रपति ट्रंप ने इसे मादुरो द्वारा अमेरिका में मादक पदार्थों को लगातार बढ़ावा देने और पेट्रोलियम भंडारों पर कब्जा करने के संदर्भ में बताया है। बताया यह भी जा रहा है कि वेनेजुएला के राष्ट्रपति ने ट्रंप को उनकी तानाशाही नीति को चुनौती दी थी, जिससे चिढ़कर ट्रंप ने ऐसा अनाधिकार कदम उठाया।

अमेरिका की शक्ति व सत्ता का तकाज़ा है कि वह जो भी करता है या कहता है, उसे वह सही ठहराता है। उसकी विदेशी नीति 'समरथ को नहि दोष गुंसाई' पर आधारित रही है और आज भी वह मेमने और भेड़िये की कथा के अनुरूप अपने हर कदम को सही ठहराने में कोई गुरेज नहीं करता। वहीं भारत की विदेशी नीति या विदेशी मामलों में अपनाई जाने वाली नीति हमेशा संतुलित और देशहित में रही है। दुनिया में घटने वाली घटनाओं को भारत बहुत बारीक नजरों से देखता ही नहीं, बल्कि उन घटनाओं को भारतीय विदेश नीति और संयुक्त राष्ट्र संघ के नियमों के बरक्स में देखकर अपनी बेहतर नीति (मानवता के हित में) या भूमिका तय करता है। आजादी के बाद भारत गुटनिरपेक्षता की नीति पर चलता आया है, लेकिन पिछले एक दशक से वह 'गुटनिरपेक्षता' से आगे बढ़कर विकसित देशों, यूरोपीय देशों और वैश्विक दक्षिण में स्थित देशों के साथ अलग-अलग मुद्दों पर अलग-अलग तरीके से रुख अपनाता रहा है। इसे दुनिया के हर देश के साथ मैत्रीपूर्ण संबंध और यथायोग्य व्यवहार के बरक्स में संतुलित और आदर्श नीति मानी जा सकती है।

रूस-यूक्रेन, इजराइल-फिलीपींस युद्ध हो या अब वेनेजुएला-अमेरिका का मामला हो, भारत ने अपनी सूझ-बूझ वाली नीति अपनाते हुए दोनों पक्षों को बात-चीत से मसले को सुलझाने, क्षेत्र में और शांति व स्थिरता बनाए रखने की अपील की है। जबकि इस मामले में दुनिया दो धड़ों में बंटी नजर आती है। भारत किसी धड़े में शामिल होने के बजाय अपनी संतुलित नीति बनाकर, आगे बढ़ रहा है। जाहिर तौर पर भारत आने वाले वक्त में अपने राष्ट्रीय हितों को ध्यान में रखते हुए आगे की रणनीति पर बारीकी से विचार करते हुए, हर मुद्दे पर बारीकी नजर रखकर राष्ट्ररक्षा को प्राथमिकता दी है। पिछले एक दशक से मोदी सरकार इस संतुलित और मैत्रीपूर्ण नीति पर ही चलती आ रही है। इससे वह दुनिया में अपनी बेहतरीन नीतियों और कदमों से अपने सूझ-बूझ सर्वहितैषी के रूप में सर्वोपरि दिखाने में सफल रहा है। यह मोदी सरकार की विदेश नीति का बेहतरीन नीतिगत निर्णय कहा जाना चाहिए।

यूक्रेन-रूस युद्ध के मामले में भी भारत ने दोनों देशों से युद्ध खत्म करने और शांति का रास्ता अपनाने की अपील की थी, जिससे किसी तरह का वैश्विक स्तर पर मानवीय संकट न पैदा होने पाए। इस नए घटनाक्रम में भारत की नीति एकदम स्पष्ट और संतुलित है। यह नीति भारत के वैश्विक स्तर पर उभरती छवि को ही बेहतर बनाने का काम ही नहीं कर रही है, बल्कि दुनिया की नजरों में भी एक तीव्र गति से विकास कर रहे आर्थिक रूप से समृद्ध और मानवीय देश के रूप में बन गई है। अमेरिका मामले में यह पहली बार नहीं है जब किसी देश पर अपनी दादागीरी दिखाते हुए उस पर सीधा हस्तक्षेप किया हो और उस देश के शासन को अपदस्थ किया हो। इसके पहले वर्ष 1965 में अमेरिका ने डोमेनिकल गणराज्य में बड़ी तादाद में अपने सैनिक भेंजे, ताकि 1963 में तख्तापलट के तहत हटाए गए पूर्व राष्ट्रपति जुआन बोश की वापसी को रोका जा सके। इसी तरह अपनी दादागीरी दिखाते हुए अमेरिका ने 1989 में पनामा पर धावा बोला, जिसका मकसद तत्कालीन जर्नल मैनुअल नोरिएगा को अपदस्थ करना था, जिन पर मादुरो



की तरह ही मादक पदार्थों के तस्करी के आरोप थे। इराक पर अमेरिका के नेतृत्व वाली सेनाओं का हमला आज भी दुनिया को याद है, जब इराक पर लम्बे शासक के रूप में काबिज सद्दाम हुसैन को हटा दिया गया था। इसी तरह 2004 में हैती पर अमेरिका ने आक्रमण कर वहां के तत्कालीन राष्ट्रपति को अपदस्थ कर अफ्रीका भेज दिया था। ये कुछ घटनाएं हैं जो अमेरिका की तानाशाही या एकल दादागीरी को बताने के लिए नमूने के तौर पर देखी जा सकती हैं। संयुक्त राष्ट्र संघ का निर्माण इसलिए किया गया था कि देशों के मध्य जो भी समस्याएं या शिकायत हों, उसे इस मंच के बैनर तले बातचीत के जरिए हल किया जा सके। जब से इसकी स्थापना हुई है, तब से अब तक, इस स्वतंत्र वैश्विक संस्था पर अमेरिका का ही एकाधिकार रहा है। अमेरिका जैसा चाहता है संयुक्त राष्ट्र संघ उसी तरह की नीति मानने के लिए मजबूर रहता है। हां, एक दूसरे देश पर हमला करने के ऐसे कारण तो होने ही चाहिए जो बातचीत या एकतरफा अन्याय के खिलाफ जायज हों। यदि दुनिया के किसी भी हिस्से में मानव सुरक्षा के गंभीर संकट हों, तो किसी दूसरे देश के हस्तक्षेप को तभी उचित ठहराया जा सकता है, जब यह सब अंतरराष्ट्रीय नियम-कानूनों के दायरे में किया जाए।

पिछले कुछ दशकों में कुछ शक्तिशाली देश वैश्विक मानवहित के बजाय अपने निजी स्वार्थों के लिए, किसी भी हद तक जाने को तैयार रहते हैं। ऐसी ही ताजा घटना वेनेजुएला की है। वेनेजुएला पर अमेरिकी कार्रवाई को किसी भी अंतरराष्ट्रीय नियम-कानून के तहत उचित नहीं ठहराया जा सकता है। संयुक्त राष्ट्र संघ ने अमेरिका की इस ताबड़-तोड़ कार्रवाई पर गहरी चिंता जताते हुए इसे अंतरराष्ट्रीय नियम-कानूनों के खिलाफ बताया है और गहरी चिंता जाहिर की है।

अमेरिका की वेनेजुएला पर इस कार्रवाई को लेकर राष्ट्रपति ट्रंप ने इसे मादुरो द्वारा अमेरिका में मादक पदार्थों को लगातार बढ़ावा देने और पेट्रोलियम भंडारों पर कब्जा करने के संदर्भ में बताया है। जो लोग या देश राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की इस कार्रवाई को जायज ठहराते हैं, उनका बचाव करते हुए वे कह रहे हैं कि यदि वेनेजुएला के राष्ट्रपति बहुत बड़े पैमाने पर अत्यंत खतरनाक मादक पदार्थों को तस्करी के जरिए अमेरिका ना भिजवाते जिससे अमेरिकी हितों पर कुठाराघात हो रहा है, तो राष्ट्रपति मादुरो और उनकी पत्नी को गिरफ्तार करके न्यूयार्क न लाया जाता। जब बात मादक पदार्थों की हो, जिनमें सबसे खतरनाक मादक पदार्थ फेंटानिल की तस्करी का आरोप लगे हों, ऐसे में यह जानने की जरूरत है कि क्या फेंटालिन का निर्माण या तस्करी वेनेजुएला में ही होती है या दुनिया के दूसरे देशों में यह मानव-अहितैषी धंधा हो रहा है? सवाल यह भी है कि वेनेजुएला को ही इसके आरोप में क्यों अमेरिका का कोप-भाजन बनना पड़ा? दुनिया में सबसे ज्यादा मौतें आज की तारीख में नशीले मादक पदार्थों से होती है। अमेरिकी लोग इससे 75 प्रतिशत प्रभावित हैं।

इस खतरनाक नशीले पदार्थ के जरिए बनने वाले नशीले पदार्थों में मिलाए जाने वाले रसायनों का चीन में संपादन किया जाता है जो लेटिन अमेरीकी देशों में बहुत बड़े पैमाने पर बेचा जाता है और उन देशों में चीन द्वारा लाए गए रसायनों के जरिए फेंटानिल बनाया जाता है। अमेरिका ने कभी भी चीन को इसके लिए दोषी नहीं ठहराया, जबकि चीन में बने फेंटालिन के कच्चे रसायन बहुत बड़ी तादाद में चोरी-छिपे अमेरिका में लाए जाते हैं और अमेरिका में इनके जरिए फेंटालिन बनाया जाता है। सवाल यह है कि अमेरिका ने चीन को कभी इसके लिए कठघरे में क्यों नहीं खड़ा किया? बताया यह भी जा रहा है कि वेनेजुएला के राष्ट्रपति ने ट्रंप को उनकी तानाशाही नीति को चुनौती दी थी, जिससे चिढ़कर ट्रंप ने ऐसा अनाधिकार कदम उठाया।

(लेखक चिंतक और पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **haribhoomi@gmail.com** पर दे सकते हैं।

विचार
राजेंद्र बज



# चिंतनीय मसलों का तुरंत समाधान जरूरी

आमतौर पर यह देखा गया है कि समय-समय पर कार्यपालिका, व्यवस्थापिका एवं न्यायपालिका से संबद्ध तमाम विसंगतियों एवं समस्याओं को लेकर अधिकार संपन्न वर्ग द्वारा चिंता जाहिर की जाती है। इसके चलते आम नागरिकों के मन में यह विश्वास उत्पन्न होने लगता है कि अब बहुत शीघ्र ही उल्लेखित समस्या का निवारण हो ही जाएगा। उनका यह विश्वास भी समय के साथ तार-तार होता चला जाता है। चूंकि यह अधिकार संपन्न वर्ग किसी संदर्भ विशेष के चलते किसी आयोजित कार्यक्रम के मुख्य आकर्षण के रूप में ही ऐसा दर्शाता रहा है कि जो विसंगतियां या समस्याएं हैं, वह सब उनके संज्ञान में हैं। ऐसे में आम नागरिक को जो राहत मिलती है वह क्षणिक होती है। यह सिलसिला हर किसी क्षेत्र में स्थापित हो गया है, ऐसा प्रतीत होता है, लेकिन अहम सवाल यह है कि किसी अधिकार संपन्न शख्सियत ने किसी अवसर विशेष पर किसी समस्या या विसंगति विशेष का उल्लेख किया है तो उसका पूर्ण निदान करने की दिशा में कोई ठोस कदम कब उठाया जाएगा? इसकी जानकारी आम आदमी को कतई नहीं होती। हालांकि वक्ती तौर पर आम आदमी चाहे संतुष्ट हो जाता है, लेकिन समय के साथ यह संतुष्टि भी निराशा में बदल जाती है। दरअसल, किसी विषय पर चिंता व्यक्त करना एक अलग बात है और उस चिंता को दूर करने की इच्छाशक्ति का सच्चे अर्थों में परिचय देना एक अलग बात है।

यही कारण है कि तमाम क्षेत्र के सर्वाधिकार संपन्न वर्ग की विश्वसनीयता पर जन विश्वास में कमी आती दिखाई देती है। सवाल किसी क्षेत्र विशेष का ही नहीं है, बल्कि जो-जो विषय आम आदमी को प्रताड़ित या व्यथित करते हैं, आम नागरिक उसे ही नियति मान बैठते हैं। व्यवहार में देखा गया है आजकल तमाम छोटे बड़े राजनेताओं के कथन को आम नागरिकों द्वारा विश्वसनीय नहीं माना जाता। केंद्र व राज्य द्वारा नियुक्त तमाम छोटे-बड़े जनसेवक पूर्ण निष्ठा एवं समर्पित भाव से अपने कर्तव्यों का ईमानदारी पूर्वक निर्वहन करेंगे ही करेंगे, इस बात को लेकर यदि आम नागरिक आशंकित है तो इस बिंदु पर आकर हजार सवाल खड़े हो जाते हैं। न्याय की अभिलाषा लिए कोई भी फरियाद अंतिम रूप से कब निराकृत होगी? इस सवाल का जवाब किसी के पास नहीं हो सकता, लेकिन न्यायपालिका की कार्यप्रणाली से समझौता करना आम नागरिक की नियति है। जिम्मेदार वर्ग यह क्यों नहीं समझने को तैयार होता कि विलंबित न्याय भी अन्याय का ही प्रतिरूप है। अनगिनत मुकदमों का अंबार लगा है। अनेक अवसरों पर तो ऐसा भी देखा गया है कि पीढ़ी दर पीढ़ी न्याय के लिए भटकन का सिलसिला कभी विराम नहीं लेता। वैसे जब नीति और व्यवहार पर आम नागरिक सच्चे मन से अमल करने लगे तो ही मुकदमों की संख्या में कमी आ सकती है। इसके लिए न्यायपालिका और आम नागरिकों को अपनी ओर से ठोस कदम उठाने की जरूरत है। जहां तक राजनीति का सवाल है तो राजनीति में शूचिता और पवित्रता की जुगाली की जाती है, लेकिन व्यवहार में देखा गया है कि राजनीति भी निवेश का एक सशक्त माध्यम हो रही है। धन लगाकर धन अर्जित करना, धन के अभाव में बाहुबल, धन और बाहुबल के अभाव में जातिबल राजनीतिक सफलता का आधार बनते जा रहे हैं। ऐसी स्थिति में आम नागरिकों के सम्मुख परिस्थितियों से समझौता करने के अतिरिक्त अन्य कोई मार्ग नहीं होता। वैसे इसमें कोई दो मत नहीं कि जब राजनीति विशुद्ध रूप से नीति और सिद्धांतों पर आधारित हो जाएगी, तब स्वतः ही कार्यपालिका और न्यायपालिका भी सच्चे अर्थों में अपने-अपने कर्तव्य का परिपालन कर सकेगी। एक प्रकार से विभिन्न समस्याओं एवं विसंगतियों के जड़ मूल में राजनीतिक विकृति ही जिम्मेदार है। वास्तव में प्यासे की प्यास बुझनी चाहिए, न कि केवल पानी के छींटे मारकर अपनी जिम्मेदारी से मुंह मोड़कर कहीं ओर पानी के छींटे मारने हेतु प्रवत्त हुआ जाए। एक समय में एक समस्या या विसंगति का उल्लेख यह तो जाहिर करता है कि मरीज की नब्ज पर आपका हाथ है, लेकिन असल सवाल रोग निदान का है। अन्यथा केवल और केवल बीमारी की पहचान सुनिश्चित करना किसी भी दृष्टि से सटीक उपचार का पर्याय नहीं हो सकता। इतनी साधारण सी बात अलग-अलग क्षेत्र के अधिकार संपन्न वर्ग की समझ में आखिर कब आएगी ? हाल-फिलहाल तो जहां जैसा कहना जरूरी है, वही कहा जा रहा है, लेकिन वास्तव में करना क्या चाहिए ? इस संदर्भ में ठोस कदम कहीं दिखाई नहीं देता।

(लेखक स्वतंत्र स्तंभकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

## जीवन का प्रथम अनुबंध किसको माना है?



संकलित
दर्शन

अनुबंध चतुष्टय में 'अधिकारी' को प्रथम अनुबंध स्वीकार किया गया है। मानव की आध्यात्मिक और लौकिक यात्रा के निर्विघ्न संचालन में इसकी महत्वपूर्ण भूमिका रहती है। लोक में इसके लिए योग्यता या पात्रता पद का प्रयोग होता है, जिसका तात्पर्य है, किसी कार्य के निष्पादनार्थ पात्रता प्राप्त करना।सामान्यतः प्रत्येक कार्य के लिए प्रत्येक व्यक्ति पात्र नहीं होता। इसलिए अनधिकारी व्यक्ति द्वारा किया गया कार्य सफल और लोकमंगलकारी हो, यह आवश्यक नहीं, परंतु अधिकारी (पात्र) व्यक्ति द्वारा किया गया प्रत्येक कार्य सफल भी होता है और लोकमंगलकारी भी। इसलिए अधिकारी आत्मिक और जागतिक कल्याण का मार्ग प्रशस्त करने वाला मानव जीवन का प्रथम अनुबंध है। इसीलिए इसे शास्त्रों में विशेष महत्व दिया गया है। वेदांत में अधिकारी को परिभाषित करते हुए कहा गया-जिसने विधिवत ज्ञान प्राप्त कर काम्य एवं निषिद्ध कर्मों का परित्याग कर दिया है। नित्य, नैमित्तिक और उपासनादि कर्म करने से जिसकी बुद्धि परिष्कृत और अंतःकरण निर्मल हो चुका है, ऐसा पापरहित व्यक्ति ही विशिष्ट ज्ञान का अधिकारी है। विश्वामित्र आदि ऋषियों ने अधिकारी समझकर ही राम को विविध आयुध प्रदान किए, जिससे उनका दुरुपयोग न हो सके। जैसे अधिकारी व्यक्ति का ज्ञान लोकमंगल के लिए होता है, उसी प्रकार अधिकारी को प्रदान की गईं शक्तियां समाज, देश और मानवता की रक्षा के लिए होती हैं। इतिहास साक्षी है कि जब भी अनधिकारी को शक्तियां प्रदान की गई हैं, उनका दुरुपयोग ही हुआ है।


## जगत में सबसे सुंदर कौन



संकलित
प्रेरणा

एक कौआ सोचने लगा कि पंछियों में मैं सबसे ज्यादा कुरूप हूं। न तो मेरी आवाज ही अच्छी है, न ही मेरे पंख सुंदर हैं। मैं काला-कलूटा हूं। ऐसा सोचने से उसके अंदर हीन भावना भरने लगी और वह दुःखी रहने लगा। एक दिन एक बगुले ने उसे उदास देखा तो उसकी उदासी का कारण पूछा। कौवे ने कहा- तुम कितने सुंदर हो, गोरे-चिट्टे हो, मैं तो बिल्कुल स्याह वर्ण का हूँ। मेरा तो जीना ही बेकार है। बगुला बोला- दोस्त मैं कहां सुंदर हूं। मैं जब तोते को देखता हूं, तो यही सोचता हूं कि मेरे पास हरे पंख और लाल चोंच क्यों नहीं है। अब कौए में सुन्दरता को जानने की उत्सुकता बढ़ी। वह तोते के पास गया। बोला- तुम इतने सुन्दर हो, तुम तो बहुत खुश होते होगे? तोता बोला- खुश तो था लेकिन जब मैंने मोर को देखा, तब से बहुत दुःखी हूं, क्योंकि वह बहुत सुन्दर होता है। कौआ मोर को ढूंढने लगा, लेकिन जंगल में कहीं मोर नहीं मिला। जंगल के पक्षियों ने बताया कि सारे मोर चिड़ियाघर वाले पकड़ कर ले गये हैं। कौआ चिड़यिाघर गया, वहाँ एक पिंजरे में बंद मोर से जब उसकी सुंदरता की बात की, तो मोर रोने लगा। मोर बोलाः शुक्र मनाओ कि तुम सुंदर नहीं हो, तभी आजादी से घूम रहे हो वरना मेरी तरह किसी पिंजरे में बंद होते। दूसरों से तुलना करके दुःखी होना बुद्धिमानी नहीं, असली सुन्दरता हमारे अच्छे कार्यों से आती है।

## अंतर्मन




### आज की पाती

**तेल की राजनीति और सत्ता का खेल**

वेनेजुएला को लेकर एक बार फिर दुनिया की भू-राजनीति उबाल पर है। जिस देश के पास दुनिया का सबसे बड़ा प्रमाणित तेल भंडार है, वही देश आज राजनीतिक अस्थिरता, आर्थिक बदहाली और अंतरराष्ट्रीय दबावों के चक्रव्यूह में फंसा है। अमरीका द्वारा राष्ट्रपति निकोलस मादुरो को पकड़ने, तेल उद्योग में सीधे दखल और सत्ता परिवर्तन की मंशा से जुड़ी खबरों ने यह सवाल फिर खड़ा कर दिया है कि क्या यह सब लोकतंत्र की रक्षा के लिए है या फिर संसाधनों पर नियंत्रण की वही पुरानी कहानी, जो इराक से लेकर पनामा तक दोहराई जाती रही है। बहरहाल वेनेजुएला के भीतर आर्थिक संकट गहरा है, जनता महंगाई, बेरोजगारी और जरूरी वस्तुओं की कमी से जूझ रही है। *- पंकज उपाध्याय, दुर्ग*

### ट्रेंड

**भाषा कभी बाधा नहीं**



'राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020' भारतीय भाषा आधारित शिक्षा की परिकल्पना को आगे बढ़ाती है। भारत विविधता में एकता का जीवंत उदाहरण है, जहाँ भाषा कभी बाधा नहीं, समाज को जोड़ने का माध्यम रही है। हमारी सभ्यता ने सदैव भाषाओं को संवाद और सांस्कृतिक समरसता का सेतु माना है।
**- धर्मेन्द्र प्रधान, केंद्रीय शिक्षा मंत्री**

**विनम्र श्रद्धांजलि**



आधुनिक हिंदी साहित्य के पितामह, युग प्रवर्तक साहित्यकार भारतेन्दु हरिश्चंद्र की पुण्यतिथि पर विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित करता हूँ! साहित्य के माध्यम से राष्ट्र और समाज की जागृति के आपके पुनीत प्रयासों के लिए देशवासी सदैव आपके ऋणी रहेंगे।
**-शिवराज सिंह चौहान, केंद्रीय कृषि मंत्री**

**मनरेगा से छेड़छाड़ अस्वीकार्य**



मनरेगा की आत्मा से छेड़छाड़ कभी स्वीकार्य नहीं। आज प्रख्यात अर्थशास्त्री ज्यां द्रेज़े से बातचीत में मैंने यह स्पष्ट किया कि केंद्र द्वारा मनरेगा की योजना में बदलाव ग्रामीण गरीबों के अधिकारों पर सीधा हमला है। मजदूरी, काम की गारंटी और राज्यों के अधिकारों से समझौता नहीं होगा।
**- हेमन्त सोरेन, सीएम, झारखंड**

**पैसे और ज़मीन की भूख**



यूपी में सत्ता सजातीयों के दुस्साहस ने फौजियों तक की ज़मीन हथिया ली है, भाजपा जब सैनिकों तक की सगी नहीं है, तो समझ लीजिए उनकी पैसे और ज़मीन की भूख किस हद तक गिर सकती है।
**- अखिलेश यादव, सांसद, सपा**

**अपने विचार**

**हरिभूमि कार्यालय**

टिकरापारा, रायपुर में पत्र के माध्यम से या फैक्स : 0771-4242222, 23 पर या सीधे मेल से **hbcgpati@gmail.com** पर भेज सकते हैं।

### करंट अफेयर

## ऑशविट्ज यातना शिविर पीड़िता ईवा का निधन

ऑशविट्ज यातना शिविर की पीड़िता ईवा श्लॉस का निधन हो गया है। 96 वर्षीय ईवा किशोरावस्था में डायरी लिखने वाली ऐनी फ्रैंक की सौतेली बहन थीं। यह जानकारी 'ऐनी फ्रैंक ट्रस्ट यूके' ने दी।



ट्रस्ट ने बताया कि उनका निधन शनिवार को लंदन में हुआ, जहां वह रहती थीं। ईवा श्लॉस ने जीवनभर 'होलोकॉस्ट' की भयावहता के बारे में लोगों को शिक्षित करने का काम किया। वह 'ऐनी फ्रैंक ट्रस्ट यूके' की मानद अध्यक्ष भी थीं। 'होलोकॉस्ट' द्वितीय विश्व युद्ध (1939-1945) के दौरान नाजी जर्मनी द्वारा किया गया सामूहिक नरसंहार है जिसमें लगभग 60 लाख यहूदियों, साथ ही रोमा (जिप्सी), दिव्यांगजनों, समलैंगिक, राजनीतिक विरोधी और अन्य अल्पसंख्यक समूहों के लोगों को यातना शिविरों और गैस चैंबरों में मार डाला गया था। ब्रिटेन के महाराजा चार्ल्स तृतीय ने कहा कि उनके लिए यह "सौभाग्य और गर्व" की बात है कि वह श्लॉस को जानते थे। महाराजा चार्ल्स ने कहा, "युवावस्था में उन्होंने जिन भयावहताओं का सामना किया, उसकी कल्पना भी नहीं की जा सकती। इसके बावजूद उन्होंने अपना शेष जीवन नफरत और भेदभाव को खत्म करने में लगा दिया।

### ऑफ बीट

## रूमाल या टिश्यू, स्वास्थ्य के लिए कौन बेहतर

आज, हम जानते हैं कि नाक से निकलने वाले स्राव में ठंडे प्रकार के वायरस पाए जाते हैं जो कई सतहों पर स्थानांतरित हो सकते हैं - हाथ, रूमाल, टिश्यू, दरवाज़े के हैंडल, कीबोर्ड - कभी-कभी शुरुआती जोखिम के बाद भी लंबे समय तक जीवित रहते हैं।



इसलिए दोबारा इस्तेमाल हो सकने वाले सूती रूमाल में अपनी नाक साफ करना, फिर किसी अन्य वस्तु को छूना, इसका मतलब है कि ये वायरस फैल सकते हैं। यहां तक कि अगर आप अपने सूती रूमाल को तुरंत धोने के लिए रख देते हैं, तो भी आप दरवाजे की कुंडी जैसी सतहों को दूषित कर देंगे, और वॉशिंग मशीन को चलाने के लिए अपने संक्रमित हाथों का उपयोग करेंगे। वायरस टिशू पर इतने लंबे समय तक जीवित नहीं रह पाते हैं। बशर्ते आप टिश्यू का उपयोग करने के बाद उन्हें फेंक दें, और उन्हें दूसरों के उठाने के लिए इधर-उधर नहीं छोड़ें, तभी इस्तेमाल किए गए टिश्यू से दूसरों तक रोगाणु पहुंचने की संभावना बहुत कम होती है। फिर सवाल यह है कि क्या रुमाल या टिश्यू खांसी और सांस के रास्ते निकलने वाले थूक को रोकने के लिए प्रभावी हैं। रूमाल जैसे बुनियादी कपड़े के आवरण, टिश्यू की तरह, थूक को पकड़ सकते हैं।

## उत्तरप्रदेश में एसआईआर की ड्राफ्ट लिस्ट घोषित

# प्रदेश में 12.55 करोड़ मतदाता, पहले चरण के बाद 2.89 करोड़ नाम कटे

## चुनाव आयोग ने वेबसाइट पर मतदाताओं के नाम अपलोड किए

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली/ लखनऊ

उत्तर प्रदेश में एसआईआर की पहली प्राथमिक सूची जारी हो गई है। अब लोग चुनाव आयोग की वेबसाइट पर जाकर ड्राफ्ट मतदाता सूची में अपना नाम देख सकते हैं। राज्य के मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने बताया कि प्रदेश में 12.55 करोड़ मतदाता है। पहले चरण के बाद 2.89 करोड़ यानी 18 फीसदी नाम कट गए। 6 जनवरी से दावे-आपत्तियां की जा सकती हैं। जिनके भी नाम पहली ड्राफ्ट सूची में नहीं हैं, वे 6 फरवरी तक फॉर्म 6 भरकर जमा कर सकते हैं। ताकि उनका नाम जोड़ा जा सके। 6 मार्च 2026 को अंतिम सूची जारी की जाएगी।

*6 जनवरी से दावे-आपत्तियां आमंत्रित की गईं*

*6 फरवरी तक आवेदन दे सकेंगे पात्र हितग्राही*

*6 मार्च को जारी होगी चुनाव आयोग की अंतिम सूची*



### आयोग ने हेल्पलाइन नंबर 1950 जारी किया

दावे और आपत्तियां मुफ्त हैं। आयोग ने हेल्पलाइन नंबर- 1950 जारी किया है, जहां सहायता ली जा सकती है। शहरी क्षेत्रों में कम सहयोग को देखते हुए आयोग ने विशेष कैंप लगाने की योजना बनाई है।

### एक जनवरी 2008 से पहले जन्मे लोग फार्म दें

*राज्य के मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने बताया कि एक जनवरी 2008 से पहले जन्मे लोग फार्म भर सकते हैं। एक अक्टूबर से जो एलिजिबेल हो रहे हैं, वे फार्म भर सकते हैं। जिनका फॉर्म मिला है, उनकी मैपिंग नहीं है। उन्हीं को नोटिस दिया जाएगा। छह मार्च 2026 को अंतिम सूची जारी की जाएगी। वेबसाइट से सीधे अपना नाम देख सकते हैं। रिणवा ने बताया कि आप वेबसाइट से सीधे अपना नाम देख सकते हैं। 27 अक्टूबर 2025 से प्रक्रिया शुरू हुई। 4 नवंबर से पहला चरण शुरू हुआ। उस वक्त 15 करोड़ 30 हजार 92 मतदाता थे। सभी का गणना प्रपत्र प्रिंट आउट लिया था। प्रपत्र घर-घर जाकर दिए गए।पहले एक सप्ताह के लिए समय बढ़ाया गया। फिर 11 दिसंबर को गणना चरण समाप्त होना था। 2.97 लाख नाम हट रहे थे, इसके लिए 15 दिन का अतिरिक्त समय दिया गया।*

### इस तरह देखें नाम

- चुनाव आयोग की वेबसाइट (**https://voters.eci.gov.in/download-eroll**) पर जाएं।
- राज्य और जिला चुनें। इसके बाद अपना विधानसभा क्षेत्र सेलेक्ट करें।
- अपना बूथ सेलेक्ट करें और ड्राफ्ट सूची डाउनलोड कर लें।



### शिफ्ट वोटरों की संख्या 2.17 करोड़

*राज्य के मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने बताया कि 15 करोड़ के ऊपर जो मतदाता थे उसमें उन्होंने खुद या परिवार के किसी ने हस्ताक्षर करके दिया वह थे। पुरानी मतदाता सूची का लगभग 81 प्रतिशत लोगों ने साइन करके वापस किया और जिन्होंने नहीं दिया वह लगभगत 18 प्रतिशत हैं। जिन्होंने नहीं दिए वापस फॉर्म उनके कई कारण थे। मृतक वोटरों की संख्या 46.23 लाख थी और स्थांतरित, यानि शिफ्ट करके जो वोटर चले गए हैं उनकी संख्या 2.17 करोड़ है। वहीं जो एक से ज्यादा स्थान पर नाम दर्ज पाए गए 25.47 लाख थे। जिनका नाम ड्राफ्ट में नहीं आया वह कुल 2.89 करोड़ हैं।*

### वाराणसी में एसआईआर के बाद 18% मतदाताओं के नाम कटे

यूपी में एसआईआर के बाद 12.55 करोड़ मतदाताओं की आज रफ सूची आ गई बात की जाए वाराणसी की तो यहां 18 प्रतिशत मतदाताओं के नाम कटे है हालांकि उनके पास अभी फॉर्म 6 विकल्प है। वे संपूर्ण प्रपत्रों के साथ नाम जुड़वाने के लिए आवेदन कर सकते हैं। जांच- पड़ताल के बाद उचित कार्यवाही की जाएगी। लोग दावा-आपत्तियां उचित तरीके से कर सकते हैं।

### 27 फरवरी तक किया जाएगा निराकरण

मुख्य कार्यकारी अधिकारी ने कहा कि सूचना जारी करने का चरण, मतगणना प्रपत्रों पर निर्णय और दावों एवं आपत्तियों का निपटारा 6 जनवरी से 27 फरवरी, 2026 तक किया जाएगा। उत्तर प्रदेश की मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन 6 मार्च, 2026 को किया जाएगा ।

---

## खबर संक्षेप

### अंकिता के पिता से मिल जांच तय करेंगे धामी

**देहरादून।** अंकिता भंडारी केस एक बार फिर चर्चा में है। लोगों की मांग है कि इस मामले की सीबीआई



जांच होनी चाहिए। इस पर प्रदेश के मुखिया पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि वो इस मसले पर अंकिता के माता-पिता से बात करेंगे जिसके बाद ही फैसला होगा। अंकिता के माता-पिता की उम्मीदों को ध्यान में रखते हुए ही निर्णय लिया जाएगा। अभी फैसला नहीं किया है।

### केरल में 4.5 लाख छात्र सीखेंगे रोबोटिक्स

**तिरुवनंतपुरम।** केरल के सामान्य शिक्षा विभाग की तकनीकी इकाई केआईटीई ने राज्य भर के सभी



कक्षा 10 के छात्रों के लिए रोबोटिक्स प्रशिक्षण कार्यक्रम की शुरुआत की। अधिकारियों ने इसे सरकारी शिक्षा क्षेत्र में तकनीकी क्रांति का एक नया अध्याय बताया है। इसका उद्देश्य सभी स्कूलों के 4.5 लाख छात्रों को तकनीक सिखाना है।

### मनसे को झटका, संतोष भाजपा में शामिल

**मुंबई।** महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना (मनसे) के नेता संतोष धुरी ने



मंगलवार को भारतीय जनता पार्टी (भाजपा ) का दामन थाम लिया। उन्होंने आरोप लगाया कि राज ठाकरे के नेतृत्व वाली पार्टी ने अपने ही वफादार कार्यकर्ताओं को नजरअंदाज किया और मुंबई नगर निगम चुनावों में सीट बंटवारे के दौरान वार्ड शिवसेना (उद्धव ठाकरे) को दे दिए।

### भगदड़ मामले में एक्टर विजय 12 को पेश हों

चेन्नई। इन दिनों थलापति विजय अपकमिंग फिल्म 'जन नायकन'



को लेकर चर्चा में हैं। यह 9 जनवरी को रिलीज हो सकती है। इससे पहले ही अभिनेता की मुश्किलें बढ़ गई हैं। उन्हें करूर भगदड़ मामले में पूछताछ के लिए सीबीआई ने नोटिस जारी किया है। 12 जनवरी को दिल्ली स्थिति सीबीआई हेडक्वार्टर में पेश होना है। उनसे भगदड़ मामले में पूछताछ होगी।

### प्रधानमंत्री के लेख को अविमुक्तेश्वरानंद ने सराहा

**नई दिल्ली।** शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद ने सोमनाथ मंदिर को लेकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा



लिखे गए लेख की सराहना की है। उन्होंने कहा कि एक हजार वर्ष पहले मंदिर को तोड़ने का पहला प्रयास किया गया था, लेकिन आज भी सोमनाथ अडिग खड़ा है। प्रधानमंत्री ने लेख के माध्यम से उस पीड़ा, संवेदना और भावनाओं को प्रभावशाली ढंग से व्यक्त किया है।

---

## मद्रास हाईकोर्ट ने लगाई डीएमके सरकार को फटकार- राजनीतिक फायदे के लिए ऐसा नहीं करें

### राज्य सरकार की आपत्तियों को खारिज कर दिया

# तिरुपरनकुंद्रम पहाड़ी पर दीप जलाने की इजाजत बरकरार

*मद्रास हाईकोर्ट की मदुरै पीठ ने तिरुपरनकुंद्रम पहाड़ियों पर स्थित पत्थर के स्तंभ पर दीप प्रज्वलन से जुड़े मामले में डीएमके सरकार को झटका दिया है*

एजेंसी ▶▶ मदुरै

तमिलनाडु की डीएमके सरकार को मद्रास हाईकोर्ट की मदुरै पीठ से बड़ा झटका लगा है। अदालत ने तिरुपरनकुंद्रम पहाड़ियों पर स्थित दरगाह के पास पत्थर के स्तंभ पर दीप प्रज्वलन की अनुमति से जुड़े मामले में सरकार की आपत्तियों को खारिज कर दिया है। दीप प्रज्वलन का कार्यक्रम साल में एक बार कार्तिक मास में होता है।

मद्रास हाईकोर्ट की मदुरै पीठ ने मंगलवार को उस आदेश को सही माना, जिसमें तिरुपरनकुंद्रम पहाड़ियों पर दरगाह के पास बने पत्थर के स्तंभ पर दीप जलाने को कहा गया था। अदालत ने साफ कहा कि राज्य सरकार और हजरत सुल्तान सिकंदर बदूशा अवुलिया दरगाह की ओर से ऐसा कोई मजबूत सबूत पेश नहीं किया गया, जिससे यह साबित हो सके कि किसी भी आगम शास्त्र में वहां दीप जलाने पर रोक है। अदालत ने कहा कि यह मानना हैरान करने वाला है कि साल में सिर्फ एक दिन देवस्थानम के लोग पत्थर के स्तंभ पर दीप जलाएं और उससे कानून-व्यवस्था बिगड़ जाए। सिंगल बेंच के जज स्वामीनाथन के खिलाफ डीएमके व कांग्रेस 120 सांसदों के दस्तखत से महाभियोग का प्रस्ताव लाई थी।

**170 पन्नों का फैसला दिया- किसी भी आगम शास्त्र में वहां दीप जलाने पर रोक नहीं**



फाइल फोटो

***अदालत ने कहा** कि यह मानना हैरान करने वाला और समझ से परे है कि साल में सिर्फ एक दिन देवस्थानम के लोग पत्थर के स्तंभ पर दीप जलाएं और उससे कानून-व्यवस्था बिगड़ जाए*

***सिंगल बेंच के** जज स्वामीनाथन के खिलाफ डीएमके व कांग्रेस मिलकर 120 सांसदों के दस्तखत से महाभियोग का प्रस्ताव लाई थी*



### ऐसी स्थिति तभी बन सकती है, जब खुद राज्य इसे बढ़ावा दे

*कोर्ट ने आगे कहा कि ऐसी स्थिति तभी बन सकती है, जब खुद राज्य इसे बढ़ावा दे। अदालत ने यह उम्मीद भी जताई कि कोई भी सरकार किसी राजनीतिक फायदे के लिए ऐसा नहीं करेगी। इसके साथ ही अदालत ने यह भी कहा कि पत्थर के स्तंभ को दरगाह की संपत्ति बताने के दावे से अदालत के सामने बताई गई सुलह या मध्यस्थता की कोशिशों पर भी शक पैदा होता है। कोर्ट ने फैसले के शुरु में बाइबिल का जिक्र किया और फैसले के अंत में भी बाइबिल का जिक्र किया।*

### नहीं माना गया था आदेश

यह मामला 1 दिसंबर 2025 को सिंगल जज के उस आदेश से जुड़ा है, जिसमें तिरुपरंकुंद्रम स्थित अरुल्मिगु सुब्रमण्यम स्वामी मंदिर के लोगों को कार्तिगई दीपम के दिन पहाड़ी की चोटी पर बने दीपथून पर दीप जलाने को कहा गया था। लेकिन उस दिन इस आदेश का पालन नहीं हो सका। इसके बाद उसी दिन सिंगल जज ने भक्तों को खुद पहाड़ी पर जाकर दीप जलाने की इजाजत दे दी, फिर भी दीप नहीं जलाया गया। इसके बाद अदालत की अवमानना से जुड़ी कार्रवाई शुरू की गई, जो अभी चल रही है। सिंगल जज के इस आदेश के खिलाफ राज्य सरकार, पुलिस, दरगाह प्रबंधन और तमिलनाडु वक्फ बोर्ड ने हाईकोर्ट की खंडपीठ में अपील की। राज्य सरकार का कहना था कि दीप जलाना कोई कानूनी अधिकार नहीं है।

---

## आवारा कुत्तों के मामले पर सुप्रीम कोर्ट की टिप्पणी

# इतने अधिक आवेदन तो इंसानों के मामलों में भी कभी नहीं आते

***इस मामले में** आज भी होगी सुनवाई, तीन जजों की विशेष पीठ सुनेगी*



फाइल फोटो

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को आवारा कुत्तों के मामले में उसके समक्ष दायर किए जा रहे अंतरिम आवेदनों की संख्या पर संज्ञान लिया है। कोर्ट ने कहा कि आमतौर पर इंसानों से जुड़े मामलों में भी इतनी अधिक संख्या में आवेदन नहीं आते हैं। जस्टिस विक्रम नाथ और जस्टिस संदीप मेहता की पीठ ने ये टिप्पणियां तब कीं, जब दो वकील ने उनके सामने आवारा कुत्तों का मामला उठाया। एक वकील ने कहा कि उन्होंने इस मामले में एक अंतरिम याचिका दायर की है। इस पर जस्टिस मेहता ने टिप्पणी करते हुए कहा कि इंसानों से जुड़े मामलों में भी आमतौर पर इतनी अधिक संख्या में याचिकाएं नहीं आतीं। पीठ ने कहा कि आवारा कुत्तों के मामले में बुधवार को सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई की जाएगी। जस्टिस विक्रम नाथ, जस्टिस संदीप मेहता और जस्टिस एनवी अंजारी की तीन जजों वाली विशेष पीठ बुधवार को इस मामले की सुनवाई करेगी।

### पिछले साल नवंबर में कोर्ट ने दिए थे ये निर्देश

शैक्षणिक संस्थानों, अस्पतालों और रेलवे स्टेशनों जैसे संस्थागत क्षेत्रों में कुत्तों के काटने की घटनाओं में 'चिंताजनक वृद्धि' को देखते हुए सुप्रीम कोर्ट ने पिछले साल 7 नवंबर को आवारा कुत्तों को उचित नसबंदी और टीकाकरण के बाद तुरंत निर्धारित आश्रयों में स्थानांतरित करने का निर्देश दिया था। कोर्ट ने यह भी कहा कि इस प्रकार पकड़े गए आवारा कुत्तों को उस स्थान पर वापस नहीं छोड़ा जाएगा, जहां से उन्हें पकड़ा गया था। कोर्ट ने अधिकारियों को राज्य राजमार्गों, राष्ट्रीय राजमार्गों और एक्सप्रेसवे से सभी मवेशियों और अन्य आवारा पशुओं को हटाने का निर्देश दिया।

---

वाणिज्य संबंधी संसदीय स्थायी समिति का विशाखापत्तनम, चेन्नई और कोयंबटूर दौरा

# भारत, अमेरिका और रूस के साथ व्यापारिक संबंधों पर रोडमैप तैयार करने दक्षिण में जुटा सांसदीय समूह

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

रूस के साथ भारत के कच्चे तेल आयात पर लालपीले हो रहे अमेरिका के साथ कैसे आगे बढ़ा जाए, रूस के साथ भी बेहद पुरानी दोस्ती में दरार न आए, ऐसे कुछ बेहद संवेदनशील मसौदे पर वाणिज्य संबंधी विभागीय संसदीय स्थायी समिति में तीन दिवसीय विमर्श रखा गया है। भारत–अमेरिका व्यापार संबंधों के मूल्यांकन हेतु 6 से 8 जनवरी, 2026 तक विशाखापत्तनम, चेन्नई और कोयंबटूर के अध्ययन दौरे पर संसदीय दल है। इस दौरे के दौरान समिति विभिन्न क्षेत्रों पर बढ़ी हुई अमेरिकी शुल्क दरों (टैरिफ) के प्रभाव तथा उनके प्रतिकूल प्रभावों को कम करने के लिए वित्तीय



संस्थानों, केंद्र एवं राज्य सरकारों द्वारा किए गए उपायों का आंकलन करेगी।

विशाखापत्तनम में समिति ने भारतीय समुद्री क्षेत्र पर विशेष ध्यान देते हुए हितधारकों एवं राज्य सरकार के प्रतिनिधियों से मुलाकात की। समिति ने मत्स्य पालन, निर्यात परिषदों तथा वित्तीय संस्थानों के प्रतिनिधियों के साथ बातचीत की और मछली पकड़ने के बंदरगाह तथा रामकृष्णा बीच के समीप समुद्र में स्थित सी-केज का भी दौरा किया। 7 जनवरी को समिति चेन्नई जाएगी, जहां वह ऑटोमोबाइल एवं चमड़ा (लेदर) क्षेत्रों पर अमेरिकी शुल्कों के प्रभाव के संबंध में उद्योग प्रतिनिधियों और सरकारी अधिकारियों के साथ चर्चा करेगी।

8 जनवरी को समिति कोयंबटूर का दौरा करेगी, जहां वह वस्त्र एवं परिधान (टेक्सटाइल एवं अपैरल) क्षेत्र के संदर्भ में भारत–अमेरिका व्यापार संबंधों का मूल्यांकन करेगी तथा टेक्सटाइल एवं अपैरल निर्माताओं, निर्यातकों और एईपीसी एवं सीआईटीआई जैसे औद्योगिक निकायों के प्रतिनिधियों से मुलाकात करेगी।

इन दौरों के दौरान वाणिज्य विभाग, डीपीआईआईटी, वस्त्र मंत्रालय तथा एमएसएमई मंत्रालय के अधिकारी भी अपने-अपने विषयों से संबंधित बैठकों में उपस्थित रहेंगे।

समिति का यह दौरा विभिन्न क्षेत्रों द्वारा सामना की जा रही चुनौतियों एवं उनकी चिंताओं को समझने के साथ-साथ विदेशों में निर्यात बढ़ाने के उपायों की तलाश करने के उद्देश्य से किया जा रहा है।

---

# अग्रवाल ने अपनी सरकार पर लगाया वित्तीय अनियमितता का आरोप, बालोद राष्ट्रीय रोवर रेंजर जंबूरी स्थगित

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

भारत स्काउट गाइड के छत्तीसगढ़ राज्य परिषद के अध्यक्ष बृजमोहन अग्रवाल ने राज्य परिषद के उपाध्यक्ष सहित अन्य पदाधिकारियों के साथ बैठक कर भारत स्काउट गाइड की बालोद में आयोजित राष्ट्रीय रोवर रेंजर जंबूरी को स्थगित करने का निर्णय लिया है। राज्य शिक्षा विभाग की दखलंदाजी और आयोजन संबंधित वित्तीय अनियमितताओं के मद्देनज़र यह निर्णय लिया गया है। पूर्व में राज्य कार्यकारिणी एवं राज्य परिषद् द्वारा नया रायपुर में आदिवासी रोवर रेंजर्स जंबूरी आयोजित करने का निर्णय लिया गया था, परंतु कार्यकारिणी एवं राज्य परिषद् की बिना अनुमति एवं सहमति के राज्य स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा इस आयोजन को बालोद स्थानांतरित कर दिया गया। जंबूरी हेतु राज्य सरकार के बजट में वित्त विभाग द्वारा भारत स्काउट गाउड राष्ट्रीय जंबूरी मद में 10 करोड़ का प्रावधान भी किया गया है। इस राशि को स्काउट गाउड के अकाउंट में ट्रांसफर न कर जिला शिक्षा अधिकारी बालोद के खाते में अब ट्रांसफर कर दिया गया है, जो वित्तीय अनियमितता की श्रेणी में आता है। अन्य भ्रष्टाचार के साथ लगातार इस आयोजन पर भी विवाद हो रहा है कि बिना टेंडर खुले ही निर्माण कार्य पूरा हो गया है। ऐसे में आयोजन का यह टेंडर भी जिला शिक्षा अधिकारी बालोद के द्वारा आहूत किया गया है न कि स्काउट गाउड के द्वारा। बैठक में उक्त सभी विषयों पर चर्चा उपरांत छत्तीसगढ़ स्काउट परिषद द्वारा जंबूरी को स्थगित करने का निर्णय लिया गया है। राज्य परिषद के पदाधिकारियों ने कहा कि भारत स्काउट गाउड एक स्वतंत्र संस्था है, जो राष्ट्रीय स्तर पर कार्य करती है एवं उसके संचालन के लिए राज्य एवं राष्ट्रीय स्तर पर संविधान एवं रूल्स बुक के आधार पर कार्य किया जाता है न कि राज्य शासन के आदेशों पर। इसके बावजूद राज्य स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा भारत स्काउट गाउड के मूल्य एवं शिक्षा विभाग के विरूद्ध जाकर हस्तक्षेप करते हुए लगातार कार्यवाहियां जारी है। बैठक में अब राष्ट्रीय जंबूरी को स्थगित करने का निर्णय लिया गया है। जंबूरी की समस्त जिम्मेवारी राज्य स्कूल शिक्षा विभाग की होगी न कि राज्य स्काउट गाइड की। अग्रवाल के अनुसार वित्तीय अनियमितता की आशंका के मद्देनजर रोवर रेंजर जम्बूरी के स्थगन का निर्णय लिया गया है।

---

## तमिलनाडु हाईकोर्ट ने भगवान मुरुगन के श्रद्धालुओं को न्याय दिया: भाजपा

# डीएमके और इंडी गठबंधन बार-बार सनातन धर्म के खिलाफ तुष्टीकरण की राजनीति कर रहे: गोयल

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

केंद्रीय मंत्री और भाजपा के वरिष्ठ नेता पीयूष गोयल ने मंगलवार को भाजपा के केंद्रीय कार्यालय में एक महत्वपूर्ण प्रेस वार्ता को संबोधित किया और तमिलनाडु हाईकोर्ट की डिवीजन बेंच के उस आदेश का स्वागत किया, जिसमें तिरुपरनकुंद्रम में सदियों पुरानी दीपम परंपरा को जारी रखने की अनुमति दी गई है।

केंद्रीय मंत्री ने इसे श्रद्धालुओं को मिला न्याय और धार्मिक स्वतंत्रता की पुष्टि बताया। गोयल ने डीएमके और इंडी गठबंधन पर आरोप लगाया कि वे बार-बार सनातन धर्म पर हमला करते रहे हैं, तुष्टीकरण की राजनीति में लगे हैं और अपील व महाभियोग प्रस्तावों के जरिए न्यायपालिका को डराने की कोशिश कर रहे हैं। अदालत ने कानून-व्यवस्था को लेकर दिए गए तर्कों को सख्ती से खारिज किया है, जिससे हिंदू विरोधी सोच उजागर होती है। उन्होंने यह भी कहा कि संवैधानिक संस्थाएं संविधान और आस्था की रक्षा कर रही हैं और देश की जनता इंडी गठबंधन की राजनीति को निर्णायक रूप से खारिज करेगी। इस अवसर पर भाजपा के राष्ट्रीय मीडिया प्रमुख एवं लोकसभा सांसद अनिल बलूनी, भाजपा के राष्ट्रीय मीडिया सह-प्रमुख डॉ. संजय मयूख और भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता डॉ. अजय आलोक भी मंच पर मौजूद थे।

गोयल ने कहा कि यह अत्यंत संतोष की बात है कि तमिलनाडु के माननीय हाईकोर्ट ने आज दिए गए अपने डिवीजन बेंच के आदेश के माध्यम से तिरुपरनकुंद्रम पहाड़ियों पर स्थित इस बहुत ही प्राचीन और ऐतिहासिक मंदिर के श्रद्धालुओं को न्याय दिया है, जहां भगवान मुरुगन विराजमान हैं। इस स्थान पर सदियों से भगवान कार्तिकेय की श्रद्धा में दीप प्रज्वलित किए जाते रहे हैं और सदियों से हिंदू धर्म में इस दीप प्रज्वलन की परंपरा के माध्यम से भगवान की आराधना की जाती रही है। इस वर्ष यह दीपम 4 दिसंबर 2025 को प्रज्वलित किया जाना प्रस्तावित था।

गोयल ने कहा कि यह कोई संयोग नहीं है कि तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एम.के. स्टालिन, उनके बेटे उदयनिधि स्टालिन और डीएमके के अन्य वरिष्ठ नेता लगातार सनातन धर्म का अपमान करते रहे हैं, उसका मज़ाक उड़ाते रहे हैं और उस पर हमले करते रहे हैं। 2 सितंबर 2023 को उदयनिधि स्टालिन ने सनातन धर्म को समाप्त करने जैसी बेहद आपत्तिजनक और निंदनीय मांग तक कर दी थी। साथ ही, डीएमके की सरकार ने भगवान कार्तिकेय, भगवान मुरुगन से जुड़े तिरुपरनकुंद्रम पहाड़ी पर दीप प्रज्वलित करने की कोशिश को भी रोक दिया। इस बात को नज़रअंदाज़ नहीं किया जा सकता कि डीएमके के शासनकाल में इन धार्मिक आयोजनों को होने नहीं दिया गया और इसी कारण श्रद्धालुओं को न्याय के लिए अदालत का दरवाज़ा खटखटाना पड़ा। अंततः न्यायमूर्ति स्वामिनाथन ने 1 दिसंबर 2025 को अपने फैसले के माध्यम से थिरुपरंकुंड्रम में "दीपोत्तिरुविझा" के तहत दीप प्रज्वलन की सदियों पुरानी परंपरा को जारी रखने की अनुमति दी और श्रद्धालुओं को न्याय मिला।

केंद्रीय मंत्री ने कहा कि यह बेहद दुर्भाग्यपूर्ण है कि राज्य सरकार ने माननीय न्यायाधीश के आदेश के खिलाफ अपील दायर की। इससे साफ तौर पर हिंदू धर्म और सनातन धर्म के प्रति पक्षपात और हिंदू विरोधी मानसिकता झलकती है। यह कदम दरअसल मुख्यमंत्री स्टालिन, उनके बेटे उदयनिधि स्टालिन, डीएमके पार्टी और इंडी गठबंधन में उनके साथियों की हिंदू धर्म के प्रति नफरत को दिखाता है। उन्होंने महाभियोग प्रस्ताव के दस्तावेज़ को दिखाते हुए कहा कि यही मानसिकता न्यायमूर्ति स्वामिनाथन के खिलाफ लाए गए महाभियोग प्रस्ताव में भी दिखाई देती है। यह प्रस्ताव इंडी गठबंधन के अलग-अलग सांसदों द्वारा दिया गया है, जिनमें प्रियंका वाड्रा, समाजवादी पार्टी के नेता अखिलेश यादव, धर्मेंद्र यादव और डिंपल यादव, एनसीपी (शरद पवार गुट) की सुप्रिया सुले, शिवसेना (यूबीटी) के अरविंद सावंत और डीएमके के वरिष्ठ नेता व सांसद ए. राजा शामिल हैं।

ये सभी इस हिंदू विरोधी प्रयास में आगे खड़े हैं। ये लोग इस महाभियोग प्रस्ताव के जरिए न्यायपालिका को डराने की कोशिश कर रहे हैं और माननीय न्यायमूर्ति जी.आर. स्वामिनाथन पर झूठे आरोप लगा रहे हैं। सिर्फ एक फैसले के आधार पर उन्हें तथाकथित 'धर्मनिरपेक्षता विरोधी' बता दिया गया, उन पर किसी को पक्षपातपूर्ण लाभ देने का झूठा आरोप लगा दिया गया, एक विशेष समुदाय के वकीलों के पक्ष में झुकाव दिखाने का बेबुनियाद दावा कर दिया गया और यहां तक कि न्यायपालिका पर राजनीतिक पक्षधरता या किसी खास विचारधारा का समर्थन करने जैसे हास्यास्पद आरोप भी लगा दिए गए, जो कि अनुचित है।

# तांबा बना रॉकेट! बढ़ी निवेशकों की दिलचस्पी, 13,000 डॉलर प्रति टन के पार

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

तांबे की कीमतों में मंगलवार को जबरदस्त तेजी देखने को मिल मिली। तांबे की कीमत पहली बार 13,000 डॉलर प्रति टन के आंकड़े को पार कर गए है। तांबे की सप्लाई में आई कमी के अनुमान, चिली की एक खदान में हड़ताल और गोदामों में तांबे का कम स्टॉक होने के कारण यह उछाल देखी जा रही है। वैश्विक स्तर पर भी तांबे की कीमतें आसमान छू रही है। अमेरिका में कॉमेक्स तांबे की कीमतों में 4.6 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई और रिकॉर्ड 5.9005 डॉलर प्रति पाउंड या 13,008 डॉलर प्रति टन के प्राइस पर पहुंच गई है। तांबे की कीमतों में हो रहा इजाफा निवेशकों के लिए निवेश के अवसर पैदा कर रहे हैं।

## चिली की एक खदान में हड़ताल से उत्पादन प्रभावित

### सप्लाई घटने का डर बना

उत्तरी चिली में कैपस्टोन कॉपर की मंटोवर्दे कॉपर और सोने की खदान में चल रही हड़ताल पर व्यापारियों ने चिंता जताई है। उनके अनुसार तांबे की सप्लाई घटने का डर बढ़ गया है। इस खदान से 29,000 से 32,000 मीट्रिक टन तांबा उत्पादन की उम्मीद है। हालांकि यह इस साल के कुल वैश्विक उत्पादन (करीब 24 मिलियन टन) का छोटा हिस्सा है, फिर भी इससे उत्पादन पर असर पड़ने की चिंता बढ़ी है।



### भारत में तांबे की कीमतों में तेजी

मंगलवार के कारोबारी दिन तांबे की कीमतों में उछाल देखने को मिला। दोपहर करीब 12:10 बजे मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज (एमसीएक्स) पर 27 फरवरी 2026 का एक्सपायरी वाला तांबा 1350.05 रुपए पर कारोबार कर रहा था। तांबे ने दिन की शुरुआत 1338.25 रुपए पर की। वहीं इसके आखिरी दिन तांबा 1331.75 रुपए पर कारोबार करते हुए बंद हुआ था। पिछले दिन की बंद की कीमत से तांबे में करीब 18.30 रुपए की तेजी दर्ज की जा रही थी। ट्रेडिंग डे के दौरान तांबा 1355 रुपए के हाई लेवल पर पहुंचा था।

### तांबे की कीमतों में तेजी की वजह

तांबे की कीमतों में आ रही इस तेजी के पीछे लंदन मेटल एक्सचेंज (एलएमई) में तांबे के भंडार में हुई गिरावट है। जो अगस्त के अंत की तुलना में 55 फीसदी घट गया है। एलएमई में तांबे का भंडार 142,550 टन है। एलएमई सिस्टम से बाहर जाने वाला ज्यादातर तांबा अमेरिका भेजा गया है। वहां तांबे पर टैरिफ को लेकर अभी समीक्षा चल रही है। हालांकि 1 अगस्त से तांबे के आयात पर इंपोर्ट ड्यूटी में छूट देने का फैसला लिया गया था।

## खबर संक्षेप

### जूनिपर ग्रीन एनर्जी ने जुटाए 2,039 करोड़ रुपये

**नई दिल्ली।** जूनिपर ग्रीन एनर्जी ने एनएबीएफआईडी, एचएसबीसी, डीबीएस, बार्कलेज और असीम इंफ्रास्ट्रक्चर जैसे प्रमुख वैश्विक एवं राष्ट्रीय वित्तीय संस्थानों से ऋण वित्तपोषण के रूप में 2,039 करोड़ रुपये जुटाए हैं। कंपनी ने मंगलवार को बयान में कहा कि इसके अलावा जूनिपर ग्रीन एनर्जी ने फेडरल बैंक और एक्सिस बैंक के साथ अपनी गैर-निधि-आधारित सीमाओं का विस्तार किया है।

### रियल एस्टेट में संस्थागत निवेश 29 फीसदी बढ़ा

**नई दिल्ली।** वैश्विक अनिश्चितताओं के बीच विदेशी पूंजी प्रवाह घटने के बावजूद वर्ष 2025 के दौरान भारत के रियल एस्टेट क्षेत्र में संस्थागत निवेश 29 प्रतिशत बढ़कर रिकॉर्ड 8.47 अरब डॉलर पर पहुंच गया। कोलियर्स इंडिया ने एक रिपोर्ट में यह जानकारी दी है। रियल एस्टेट सलाहकार कोलियर्स इंडिया के आंकड़ों के मुताबिक, रियल एस्टेट क्षेत्र में संस्थागत निवेश वर्ष 2025 के दौरान 8.47 अरब डॉलर पर पहुंच गया जो अब तक का उच्चतम स्तर है जबकि वर्ष 2024 में यह 6.56 अरब डॉलर था।

### निसान ने भारत से 13,470 वाहनों का किया निर्यात

**नई दिल्ली।** वाहन विनिर्माता निसान मोटर इंडिया प्राइवेट लिमिटेड (एनएमआईपीएल) ने दिसंबर महीने में रिकॉर्ड 13,470 वाहनों का निर्यात किया जो पिछले 10 वर्षों में किसी भी महीने का सर्वाधिक आंकड़ा है। कंपनी ने सोमवार को एक बयान में कहा कि दिसंबर, 2025 में उसने घरेलू बाजार में 1,902 वाहनों की बिक्री की। इस तरह पिछले महीने निसान की कुल बिक्री 15,372 इकाई रही।

यूरोपीय संघ के प्रतिबंधों का अनुपालन कर रही कंपनी

# रूस से तीन सप्ताह से तेल नहीं मिला, जनवरी में भी मिलने की उम्मीद नहीं: रिलायंस

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड ने मंगलवार को कहा कि उसे रूस से करीब तीन सप्ताह से तेल का कोई बैरल नहीं मिला है और जनवरी में भी इसके प्राप्त होने की कोई उम्मीद नहीं है। रिलायंस ने 20 नवंबर 2025 को कहा था कि उसने यूरोपीय संघ के प्रतिबंधों का अनुपालन करने के लिए गुजरात के जामनगर स्थित अपनी निर्यात-विशिष्ट रिफाइनरी में रूसी कच्चे तेल का उपयोग बंद कर दिया है। इससे पहले रिलायंस, भारत में रूसी तेल की सबसे बड़ी खरीदार थी जिसे वह जामनगर स्थित अपने विशाल तेल शोधन परिसर में संसाधित करके पेट्रोल और डीजल जैसे ईंधन में तब्दील करती थी। इस परिसर में दो रिफाइनरियां हैं। एक विशेष क्षेत्र (एसईजेड) इकाई जहां से यूरोपीय संघ, अमेरिका तथा अन्य बाजारों में ईंधन निर्यात किया जाता है और एक पुरानी इकाई जो मुख्य रूप से घरेलू बाजार की जरूरतों को पूरा करती है।

- गुजरात के जामनगर स्थित रिफाइनरी में रूसी कच्चे तेल का उपयोग बंद

**खास बातें**

- रिलायंस, भारत में रूसी तेल की सबसे बड़ी खरीदार थी
- कच्चे तेल को शोधन से पेट्रोल और डीजल जैसे ईंधन में तब्दील करती थी




### यूरोपीय संघ, रिलायंस के लिए बड़ा बाजार

यूरोपीय संघ, रिलायंस के लिए एक बड़ा बाजार है और उसने रूस के ऊर्जा राजस्व को लक्षित करते हुए व्यापक प्रतिबंध लगाए हैं जिनमें रूसी कच्चे तेल से उत्पादित ईंधन के आयात और बिक्री पर प्रतिबंध लगाने वाले उपाय भी शामिल हैं। इन शर्तों का पालन करने के लिए, रिलायंस ने अपने केवल निर्यात के लिए बने (एसईजेड) रिफाइनरी में रूसी कच्चे तेल का प्रसंस्करण बंद कर दिया था।

### ब्लूमबर्ग के दावे का किया रिलायंस ने खंडन

कंपनी ने 'ब्लूमबर्ग' की उस रिपोर्ट को मंगलवार को "पूरी तरह से असत्य" बताया जिसमें दावा किया गया था कि "रूसी तेल से लदे तीन जहाजों को रिलायंस की जामनगर रिफाइनरी के लिए तैयार किया जा रहा है।" रिलायंस ने बयान में कहा, " रिलायंस इंडस्ट्रीज की जामनगर रिफाइनरी को पिछले करीब तीन सप्ताह से रूसी तेल की कोई खेप नहीं मिली है और जनवरी में भी रूसी कच्चे तेल की कोई आपूर्ति मिलने की उम्मीद नहीं है।"

### केप्लर के हवाले से तीन जहाज सिक्का बंदरगाह आ रहे

'ब्लूमबर्ग' एक वैश्विक मीडिया एवं वित्तीय सूचना कंपनी है जो व्यापार, अर्थव्यवस्था, वित्तीय बाजार एवं नीति से जुड़ी विश्वसनीय खबरें व डेटा प्रदान करती है। ब्लूमबर्ग की रिपोर्ट में आंकड़ा विश्लेषक कंपनी 'केप्लर' के हवाले से कहा गया था कि करीब 22 लाख बैरल यूराल (रूसी कच्चे तेल का एक प्रकार) से लदे कम से कम तीन टैंकर सिक्का बंदरगाह की ओर जा रहे थे जिसके माध्यम से जामनगर रिफाइनिंग परिसर अपने कच्चे तेल के आयात का एक बड़ा हिस्सा प्राप्त करता है।

### सिक्का बंदरगाह का इस्तेमाल किया जा रहा था

सिक्का बंदरगाह का इस्तेमाल हालांकि रिलायंस के अलावा अन्य कंपनियां भी करती हैं। उद्योग जगत से जुड़े सूत्रों के अनुसार, रिपोर्ट में उल्लिखित तीनों टैंकर संभवतः भारत पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड (बीपीसीएल) की बीना रिफाइनरी के लिए थे, रिलायंस के लिए नहीं।

### 20 नवंबर से कच्चे तेल का आयात बंद

रिलायंस के एक प्रवक्ता ने 20 नवंबर 2025 को बयान में कहा था, " हमने 20 नवंबर से अपने एसईजेड रिफाइनरी में रूसी कच्चे तेल का आयात बंद कर दिया है। वहीं एक दिसंबर से एसईजेड रिफाइनरी से निर्यात किए जाने वाले सभी उत्पाद गैर-रूसी कच्चे तेल से प्राप्त किए जाएंगे।" इससे पहले, रिलायंस प्रतिदिन भारत को भेजे जाने वाले रियायती रूसी कच्चे तेल के करीब आधे हिस्से की खरीद करता था जिसकी मात्रा 17-18 लाख बैरल थी।

# बिकवाली से शेयर बाजार लगातार दूसरे दिन टूटा

## सेंसेक्स 376 अंक कमजोर, निफ्टी 72 अंक फिसला

एजेंसी ⏭ मुंबई

वैश्विक स्तर पर तनाव और अमेरिकी शुल्क बढ़ने की चिंताओं के बीच रिलायंस इंडस्ट्रीज एवं एचडीएफसी बैंक जैसे दिग्गज शेयरों में भारी बिकवाली से मंगलवार को घरेलू शेयर बाजार लगातार दूसरे दिन गिरकर बंद हुए। सेंसेक्स में 376 अंक की गिरावट रही जबकि निफ्टी करीब 72 अंक फिसल गया। विश्लेषकों के मुताबिक, एशियाई बाजारों के मजबूत रुख के बावजूद भारत पर शुल्क बढ़ाने की अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की नई चेतावनी से निवेशकों ने सतर्कता बरती। बीएसई का 30 शेयरों वाला मानक सूचकांक सेंसेक्स 376.28 अंक टूटकर 85,063.34 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 539.52 अंक तक लुढ़ककर 84,900.10 अंक पर आ गया था। निफ्टी 71.60 अंक गिरकर 26,178.70 अंक पर बंद हुआ।

- अमेरिकी शुल्क बढ़ने की चिंता से दिग्गज शेयरों में बिकवाली



### ट्रेंट के शेयर में भारी गिरावट

सेंसेक्स के समूह में शामिल कंपनियों में से टाटा समूह की कंपनी ट्रेंट के शेयर में 8.62 प्रतिशत की भारी गिरावट दर्ज की गई। दिसंबर तिमाही में कंपनी की राजस्व वृद्धि के आंकड़े निवेशकों को उत्साहित करने में नाकाम रहे हैं। वहीं, रिलायंस इंडस्ट्रीज के शेयरों में 4.42 प्रतिशत की तेज गिरावट दर्ज की गई।

### एसबीआई के शेयर में बढ़त दर्ज

इसके अलावा आईटीसी, कोटक महिंद्रा बैंक, इंटरग्लोब एविएशन और एचडीएफसी बैंक भी नुकसान में रहे। हालांकि, आईसीआईसीआई बैंक, सन फार्मा, हिंदुस्तान यूनिलीवर और भारतीय स्टेट बैंक के शेयरों में बढ़त दर्ज की गई।

**सूचना**

सभी पाठकों से अनुरोध है कि हरिभूमि समाचार-पत्र में प्रकाशित विज्ञापनों (डिस्पले/क्लासीफाईड) में दिए गए तथ्यों/दावों के बारे में अपने विवेक से निर्णय लें और विज्ञापन के दावों की विश्वसनीयता को परखें। हरिभूमि समूह के मुद्रक, प्रकाशक या सम्पादक की विज्ञापनों के तथ्यों से सम्बन्धित कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

### अति विशिष्ट रेल सेवा पुरस्कार (राष्ट्रीय) 2025 -उत्तर पश्चिम रेलवे को मिलेंगी 03 शील्ड और 06 व्यक्तिगत पुरस्कार

**नई दिल्ली।** श्री अश्विनी वैष्णव, केंद्रीय रेल, सूचना एवं प्रसारण, इलेक्ट्रॉनिकी एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री द्वारा 9 जनवरी 2026 को दिल्ली में आयोजित होने वाले अति विशिष्ट रेल सेवा पुरस्कार समारोह (राष्ट्रीय) -2025 में उत्कृष्ट कार्य निष्पादन के लिए विभिन्न जोनल रेलवे को शील्ड से सम्मानित किया जाएगा। समारोह में उत्कृष्ट कार्य करने वाले रेलकर्मियों को भी प्रमाण पत्र व पुरस्कार से सम्मानित किया जाएगा। वर्ष 2025 में उत्कृष्ट कार्य निष्पादन के लिए उत्तर पश्चिम रेलवे को 03 शील्ड प्रदान की जाएगी साथ ही 02 अधिकारियों एवं 04 कर्मचारियों को व्यक्तिगत पुरस्कार से भी सम्मानित किया जाएगा। उत्तर पश्चिम रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी श्री शशि किरण के अनुसार श्री अश्विनी वैष्णव, केंद्रीय रेल सूचना एवं प्रसारण, इलेक्ट्रॉनिकी एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री द्वारा शुक्रवार, 9 जनवरी, 2026 को इंडिया इंटरनेशनल कन्वेंशन एंड एक्सपो सेंटर (**IICC**), यशोभूमि, द्वारका, नई दिल्ली में आयोजित होने वाले 70वें अति विशिष्ट रेल सेवा पुरस्कार (राष्ट्रीय) समारोह 2025 में उत्तर पश्चिम रेलवे को उत्कृष्ट कार्य निष्पादन के लिएसम्पूर्ण कार्यकुशलता हेतु गोविन्द वल्लभ पंत शील्ड, वैगन मेंटेनेंस शील्ड एवं रनिंग रूम शील्ड ( आबू रोड रनिंग रूम) प्रदान की जाएगी।

### एनएफआर को माल अनलोडिंग में 8.7% की वृद्धि दिसंबर, 2025 में 1,287 रेकों की हैंडलिंग

**मालीगांव।** पूर्वोत्तर सीमांत रेलवे (एनएफआर) ने दिसंबर, 2025 में माल परिवहन की सेवाओं में अपनी मज़बूत कार्यक्षमता का प्रदर्शन बरकरार रखते हुए अनलोडिंग में बेहतर वृद्धि की है। इस महीने के दौरान, पूरे ज़ोन में मालगाड़ियों के 1,287 रेक अनलोड किए गए। यह आंकड़ा दिसंबर, 2024 में अनलोड की गई 1,184 माल रेकों की तुलना में 8.7% अधिक है। पूरे महीने में एनएफआर ने एफसीआई चावल, चीनी, नमक, खाद्य तेल, अनाज, खाद, सीमेंट, कोयला, सब्जियां, ऑटोमोबाइल, टैंकर और दूसरे सामानों सहित ज़रूरी और अति आवश्यक सामग्रियों की एक बड़ी श्रृंखला का सुचारू और निर्बाध परिवहन सुनिश्चित किया।



### बीआईएस तेजी से नए मानक विकसित करे : जोशी

**नई दिल्ली।** केंद्रीय खाद्य एवं उपभोक्ता मामलों के मंत्री प्रल्हाद जोशी ने लोगों को गुणवत्तापूर्ण उत्पाद और सेवाएं सुनिश्चित करने के लिए भारतीय मानक ब्यूरो (बीआईएस) को नए मानक शीघ्रता से विकसित करने तथा परीक्षण प्रयोगशालाओं का आधुनिकीकरण करने का मंगलवार को आह्वान किया।

**PUBLIC NOTICE**

My Brother Late Satish Kumar S/O Mr. Bakhori Prasad R/O C-4/27, Gali No. 3, Sadatpur Extn, Karawal Nagar, North East, Delhi- 110094 Booked A Flat No: Flat No. 106 In B7 Tower/Block project, at Eco Village-2 situated At, Gh-01, Sector-16B, Greater Noida, Uttar Pradesh - 201303. After his death on 19.11.2025, I Requested To M/s Supertech Limited to transfer this flat on my name alone. If Anybody Has Any Objection, He/She may contact to M/S Supertech Limited office at Plot No C-2, Sector 96, Noida, Uttar Pradesh 201303 Within 15 Days.

Ajit Kumar
S/o Mr. Bakhori Prasad
R/O Flat No. 171, S/F, Kondli, New Kondli Main Market, Gharoli, Vtc: Gharoli, Po: Vasundhra Enclave, District: East Delhi, Delhi-110096.

**अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

**धारा 82 CrPC देखिए**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **भारत उर्फ भारू पुत्र** धर्मबीर, **निवासी:** झुग्गी नं0 एस–81 / 149, आईजी कैंप, सनलाइट कॉलोनी, दिल्ली, ने **E-FIR No. 80016213/25, U/S 304(2)/317(2)/3(5) भारतीय न्याय संहिता, 2023, पुलिस स्टेशन सनलाइट कॉलोनी, दक्षिण–पूर्व जिला, दिल्ली,** के अधीन दंडनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किया गया गिरफ्तारी के वारंट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **भारत उर्फ भारू** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **भारत उर्फ भारू** फरार हो गया है (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **E-FIR No. 80016213/25, U/S 304(2)/317(2)/3(5) भारतीय न्याय संहिता, 2023, पुलिस स्टेशन सनलाइट कॉलोनी, दक्षिण–पूर्व जिला, दिल्ली,** के उक्त अभियुक्त **भारत उर्फ भारू** से अपेक्षा की जाती है कि वे इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **08.02.2026** को या इससे पहले हाज़िर हो।

**आदेशानुसार**
**सुश्री अदिति राव**
**DP/299/SE/2026** **न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी–7, कमरा नं0–508,**
**(Court Matter)** **साकेत कोर्ट कॉम्प्लेक्स, नई दिल्ली**

**हरियाणा सरकार** **निविदा सूचना**

| क्र. सं. | बोर्ड/निगम/प्राधि. का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि (समय) | राशि/ईएमडी (लगभग) रु.में | बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | नगर पालिका नांगल चौधरी | शमशान घाट वार्ड नं. 12 के निकट रैन बसेरा निजामपुर रोड + 1 कार्य (नांगल चौधरी) | बंद होने की तिथि 13.01.2025 | रु. 1,26,24,489/- | https://etenders.hry.nic.in | 9812892869 [illegible] |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें: www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in
संवाद–13/2026/40/41776/I/88/7 दि. 06.01.26

**बोगी फ्रेम के घटक एवं एलएचबी कइल स्प्रींग की शॉट पिनिंग, पेइंटिंग**

निविदा संख्या. IMF-MP-PLG-NBQS- 591 तारीखः 02-01-2026। नीचे उल्लेखित कार्यों के लिए अधोहस्ताक्षरी द्वारा ई-निविदा आमंत्रित किया गया हैं। **कार्य का नामः** सीएंडडब्ल्यू वर्कशॉप पर 02 (दो) सालों की एक अवधि हेतु खुली निविदा के जरिये समस्त परिवहन सहित डाम्पार की पेइंटिंग एवं वॉटर जेट क्लिनिंग और एयर स्प्रींग की पेंइटिंग, परिस्कारकरण, बोगी फ्रेम के घटक एवं एलएचबी कईल स्प्रींग की शॉट पिनिंग, पेइंटिंग। **कार्य की अनुमानित खर्चः** ₹47,28,855.16/-। **बोली सुरक्षा राशिः** ₹94,600/-। **निविदा बंद होने की तारीख एवं समयः** 28-01-2026 तारीख के 15.00 बजे में। उपरोक्त ई-निविदा की संपूर्ण जानकारी **www.ireps.gov.in** वेबसाइट पर उपलब्ध होगी।

सीडब्ल्यूएम, कैरियेज एंड वागन वर्कशॉप, न्यू बंगाईगॉव
**पूर्वोत्तर सीमा रेलवे**
मुस्कान के साथ ग्राहकों की सेवा में

## राशिफल

**मेष** – शैक्षिक कार्यों के लिए किसी दूसरे स्थान पर जा सकते हैं। रहन-सहन अव्यवस्थित रहेगा। आय वृद्धि के साधन विकसित होंगे।

**वृष** – व्यर्थ के क्रोध से बचें। किसी मित्र के सहयोग से नौकरी के अवसर मिल सकते हैं। आय में वृद्धि होगी। आत्मविश्वास में वृद्धि होगी।

**मिथुन** – अपने स्वास्थ्य का ध्यान रखें। धर्म के प्रति श्रद्धाभाव रहेगा। व्यर्थ की भाग–दौड़ रहेगी। सन्तान की ओर से सुखद समाचार मिल सकते हैं।

**कर्क** – आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। परिवार का साथ मिलेगा। वस्त्रों के प्रति रुझान बढ़ सकता है। खानपान के प्रति सचेत रहें। मन में निराशा एवं असंतोष के भाव रहेंगे।

**सिंह** – शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी। लेखनादि–बौद्धिक कार्यों से आय के साधन बन सकते हैं। रहन–सहन कष्टमय हो सकता है।

**कन्या** – क्रोध एवं आवेश के अतिरेक से बचें। मन में निराशा एवं असन्तोष के भाव रहेंगे। स्वभाव में चिड़चिड़ापन हो सकता है। व्यर्थ के वविादों से बचने का प्रयास करें।

**तुला** – पठन–पाठन में रुचि रहेगी। शैक्षिक कार्यों के सुखद परिणाम मिलेंगे। स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा।

**वृश्चिक** – घर–परिवार में धार्मिक कार्य हो सकते हैं। परिश्रम अधिक रहेगा। मित्रों का सहयोग मिलेगा। वस्त्रों पर खर्च बढ़ेंगे। रहन–सहन कष्टमय हो सकता है।

**धनु** – पिता का साथ रहेगा। सेहत का ध्यान रखें। शैक्षिक कार्यों में व्यवधान आएंगे। नौकरी में तरक्की के मार्ग प्रशस्त होंगे।

**मकर** – परिवार से दूर रहना पड़ सकता है। परिश्रम अधिक रहेगा। स्थान परिवर्तन सम्भव है। लंबे समय से रुके हुए काम बनने की उम्मीद है।

**कुंभ** – परिवार की समस्याएं परेशान कर सकती हैं। वाहन के रख–रखाव एवं वस्त्रों पर खर्च बढ़ सकते हैं। शिक्षा में सुधार होगा। आत्मविश्वास में कमी आएगी।

**मीन** – वस्त्र उपहार में मिल सकते हैं। मित्र के सहयोग से आय वृद्धि के स्रोत विकसित हो सकते हैं। स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें। परिवार में अशांति रहेगी।

### सोना 1,100 रुपये बढ़कर 1,41,500 रुपये प्रति 10 ग्राम पर


**नई दिल्ली।** दिल्ली के सर्राफा बाजार में मंगलवार को सोने की कीमत में लगातार चौथे दिन तेजी रही और यह 1,100 रुपये बढ़कर 1,41,500 रुपये प्रति 10 ग्राम हो गई। मजबूत वैश्विक रुख के साथ सोने के दाम में तेजी आई है। अखिल भारतीय सर्राफा संघ ने यह जानकारी दी। सोमवार को, 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाले सोने की कीमत 1,40,400 रुपये प्रति 10 ग्राम रही थी। सर्राफा संघ ने कहा कि राष्ट्रीय राजधानी में सोने की कीमत 1,100 रुपये बढ़कर 1,41,500 रुपये प्रति 10 ग्राम हो गई। एचडीएफसी सिक्योरिटीज के वरिष्ठ विश्लेषक (जिंस) सौमिल गांधी ने कहा, "मंगलवार को सोने में बढ़त जारी रही। इसे कमजोर अमेरिकी डॉलर और फेडरल रिजर्व के अधिकारियों की नरम टिप्पणियों का समर्थन मिला, जिससे आने वाले महीनों में ब्याज दरों में संभावित कटौती को लेकर बाजार की उम्मीदों को बल मिला।" सर्राफा बाजार में चांदी की कीमतों में भी लगातार तीसरे दिन तेजी जारी रही और यह 7,000 रुपये बढ़कर 2,51,000 रुपये प्रति किलोग्राम (सभी करों को मिलाकर) हो गई, जबकि पिछले कारोबारी सत्र में यह 2,44,000 रुपये प्रति किलोग्राम पर बंद हुई थी।

### भारतीय बैंकों के कामकाजी माहौल में आएगा सुधार

**नई दिल्ली।** भारतीय बैंकों को आने वाले समय में रिजर्व बैंक की बेहतर निगरानी और मजबूत पर्यवेक्षण व्यवस्था का फायदा मिलने की उम्मीद है। इससे न सिर्फ बैंकिंग प्रणाली में जोखिम कम होंगे, बल्कि पूरे क्षेत्र का कामकाजी माहौल भी सुधरेगा। एक रिपोर्ट में यह संभावना जताई गई है। वैश्विक रेटिंग एजेंसी फिच ने एक रिपोर्ट में कहा कि मजबूत आर्थिक वृद्धि की संभावनाओं और महंगाई के जोखिमों में कमी आने के साथ ये बदलाव बैंकिंग क्षेत्र के लिए सकारात्मक हैं। रिपोर्ट के मुताबिक, पिछले कुछ वर्षों में तनावपूर्ण हालात से निपटने, जोखिमों की निगरानी और खराब कर्ज की वसूली से जुड़े नियामकीय ढांचे में काफी सुधार हुआ है।

- रेटिंग एजेंसी फिच ने जारी की रिपोर्ट

## शब्द पहेली - 6101




**बाएँ से दाएँ**
1.जो आदरणीय न हो–6
5.अनुक्षेपक,अंश –4
8.साथ–2
9.छोटी तलवार–3
10.विदेशी शराब का एक प्रकार –2
11.दुश्मनी–4
12.इस जगह–2
14.अनवरत–4
16.लाचार,बेबस–3
18.धुलाई करना–4
20.न्यूनता,निम्नता–5
23.समुद्री यात्री–5
26.पूंजी,संपत्ति–4
27.असंयमी,स्वच्छंद–3
29.वन में रहनेवाला–4
30.उम्मीद,आशा–2
32.सौंठ,एक कंद–4
33.जोर,बल–2
35.बसंतकाल–3
36.जोश,उग्रता–2
37.पाताल–4
38.सभ्य,होनहार–3,3

**ऊपर से नीचे**
1.जो संवैधानिक न हो–6
2.सांप,सर्प–2
3.दानेदार–4
4.जिगर,कलेजा–3
5.प्रेम,प्यार–3
6.पंख,पराया–2
7.मरियल, निर्बल–4
11.शत्रुता,वैमनस्यता (उर्दू–4)
13.शिकार फंसाने के लिए चिल्लाना–2
15.सुस्त,उनींदा–4
17.पदक–3
18.विश्वासघात–4
19.बहुमूल्य पत्थर–2
21.रानी,शहजादी–3
22.फलों का जूस–2
24.कुतरने वाला–4
25.मानक समुद्र तल (अंग्रेजी–2,1,3)
27.अपमान,उपेक्षित–4
28.पिता की बहन–2
29.सुखद वस्तु, ईष्ट कृपा, नेमत–4
31.बलवान–3
32.प्रार्थना–3
34.तिल,मस्सा–2
36.52 पत्तों का खेल, प्लेइंग कार्ड–2

### शब्द पहेली- 6100 का हल

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| आ | द | त | न | | ल | | वा | य | लि | न |
| | ल | | रा | | प | व | न | | ख | फा |
| ए | | | ध | व | ल | | र | | | स |
| ह | र | द | म | | पा | ल | | फ | क | त |
| सा | | म | | दा | ना | | सा | | मा | |
| न | वी | न | त | म | | अ | ज | वा | ई | न |
| | र | | वा | | स | दा | | रि | | वी |
| प | ता | का | | ह | क | | अ | स | मा | न |
| र | | | जी | | प | र | दा | | | ता |
| वा | त | | न | ल | का | | व | | द | |
| ज | रु | र | त | | ना | | त | ल | वा | र |



# हेड और स्मिथ के शतक से ऑस्ट्रेलिया मजबूत

एजेंसी ▶▶| सिडनी

सलामी बल्लेबाज ट्रैविस हेड के वर्तमान एशेज श्रृंखला के तीसरे शतक और कार्यवाहक कप्तान स्टीव स्मिथ के पहले शतक की मदद से ऑस्ट्रेलिया ने इंग्लैंड के खिलाफ पांचवें और अंतिम एशेज टेस्ट के तीसरे दिन अपनी पहली पारी में सात विकेट पर 518 रन बनाकर अपनी स्थिति मजबूत कर ली। ऑस्ट्रेलिया ने इस तरह से पहली पारी में 134 रन की बढ़त हासिल कर ली है। इंग्लैंड ने अपनी पहली पारी में 384 रन बनाए थे। हेड ने सुबह 91 रन के स्कोर से आगे खेलना शुरू किया और उन्होंने 166 गेंदों में 163 रन बनाए। इससे पहले उन्होंने पर्थ में पहले टेस्ट की दूसरी पारी में 123 रन और एडिलेड में तीसरे टेस्ट की दूसरी पारी में 170 रन बनाए थे। स्मिथ तीसरे दिन का खेल समाप्त होने तक 129 रन बनाकर खेल रहे थे। इस तरह से उन्होंने फॉर्म में वापसी की। इससे पहले उनका इस श्रृंखला में उच्चतम स्कोर 61 रन था, जो उन्होंने एडिलेड में पहली पारी में बनाया था।

■ इंग्लैंड के खिलाफ 134 रन की बढ़त

### स्मिथ का टेस्ट करियर का 37वां

स्मिथ का यह एशेज में कुल मिलाकर 13वां, उनके टेस्ट करियर का 37वां और सिडनी क्रिकेट ग्राउंड पर पांचवां शतक है। इसके साथ ही वह टेस्ट क्रिकेट में सर्वाधिक शतक लगाने वाले खिलाड़ियों की सूची में छठे स्थान पर पहुंच गए। तीसरे दिन का खेल समाप्त होने के समय स्मिथ के साथ ब्यू वेबस्टर 42 रन बनाकर खेल रहे थे। इन दोनों ने अभी तक आठवें विकेट के लिए 81 रन जोड़े हैं।

**एशेज : ऑस्ट्रेलिया ने अंतिम टेस्ट में पहली पारी में 7 विकेट पर बनाए 518 रन**





# बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड से मिलेगा आईसीसी

*मुस्तफिजुर मामले को लेकर बांग्लादेश ने भारत में खेलने से किया था इनकार*

एजेंसी ▶▶| मुंबई




बांग्लादेशी खिलाड़ी मुस्तफिजुर रहमान को आईपीएल से बाहर किए जाने के बाद बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड ने टी-20 वर्ल्ड कप में भारत की धरती पर खेलने से मना कर दिया, लेकिन अब जब टी-20 वर्ल्ड कप शुरू होने में ज्यादा वक्त नहीं बचा है ऐसे में शेड्यूल को बदलने का पर्याप्त वक्त आईसीसी के पास नहीं है। यही कारण है कि आईसीसी बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड को मनाने पर लगी है। एक रिपोर्ट के मुताबिक आईसीसी बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड से मिलकर मामले को सुलझाना चाहता है। आईसीसी उससे भारत में होने वाले टी20 विश्व कप मैचों से हटने के अपने फैसले पर पुनर्विचार करने और मौजूदा कार्यक्रम के अनुसार अपने ग्रुप के मैच खेलने का अनुरोध करने वाली है। इससे पहले बीसीबी ने आईसीसी से सुरक्षा संबंधी चिंताओं का हवाला देते हुए 2026 मेंस टी20 विश्व कप के मैचों को भारत से स्थानांतरित करने का औपचारिक अनुरोध किया था। इस पूरे घटनाक्रम की शुरुआत तब हुई थी जब बांग्लादेश में हिंदुओं पर हो रहे अत्याचार के विरोध में बीसीसीआई ने मुस्तफिजुर रहमान को केकेआर से रिलीज करने का निर्देश दिया था।

## खबर संक्षेप



### मिस्र की मलिका को हराकर अनाहत की फाइनल में एंट्री

**नई दिल्ली।** शीर्ष वरीयता प्राप्त भारतीय खिलाड़ी अनाहत सिंह ने सेमीफाइनल में मिस्र की मलिका अल कराक्सी को आसानी से पराजित करके प्रतिष्ठित ब्रिटिश जूनियर ओपन स्क्वाश में महिला एकल के अंडर-19 वर्ग के फाइनल में प्रवेश किया। अब तक 12 पीएसए टूर खिताब जीतने वाली 17 वर्षीय खिलाड़ी अनाहत ने बर्मिंघम विश्वविद्यालय में मलिका पर सिर्फ 28 मिनट में 11-8, 11-7, 11-9 से जीत हासिल की। फाइनल में अनाहत का सामना यूरोपीय जूनियर चैंपियन और दूसरी वरीयता प्राप्त फ्रांस की लॉरिन बाल्टायन से होगा। अनाहत ब्रिटिश जूनियर ओपन में सभी आयु वर्गों में नौवीं बार फाइनल में पहुंची है और उनका लक्ष्य 2005 में जोशना चिनप्पा के बाद इस प्रतियोगिता में अंडर19 खिताब जीतने वाली दूसरी भारतीय खिलाड़ी बनना है।

### खब्बू बल्लेबाजी का अभ्यास कर रहे फिलिप्स



**नई दिल्ली।** भारत में होने वाले आगामी टी 20 विश्व कप की तैयारी कर रहे न्यूजीलैंड के विस्फोटक बल्लेबाज ग्लेन फिलिप्स का मानना है कि बाए हाथ की उनकी बल्लेबाजी में सुधार से भविष्य में बायें हाथ के स्पिन गेंदबाजों के खिलाफ उन्हें काफी मदद मिल सकती है। लीक से हटकर खेलने के अंदाज के लिए मशहूर फिलिप्स ने पिछले मंगलवार को ' सेंट्रल डिस्ट्रिक्ट्स ' के खिलाफ ' न्यूजीलैंड सुपर स्मैश ' मुकाबले में ' ओटागो ' के लिए नाबाद 90 रन की पारी से प्रभावित किया। इस दौरान उन्होंने बाएं हाथ के स्पिनर जेडन लेनोक्स के खिलाफ बाएं हाथ के बल्लेबाज की तरह बल्लेबाजी करते हुए एक्स्ट्रा कवर के ऊपर से उसी सहजता से छक्का जड़ा, जैसा की वह अपनी नियमित दाएं हाथ की बल्लेबाजी में करते है।

### नीदरलैंड टीम से बाहर ग्रिक्सपोर और जैंडस्चुल्प



**नई दिल्ली।** नीदरलैंड ने सात और आठ फरवरी को बेंगलुरु में भारत के खिलाफ होने वाले डेविस कप क्वालीफायर मुकाबले के लिए अपने शीर्ष एकल खिलाड़ियों टैलन ग्रीक्सपोर और बोटिक वैन डे जैंडस्चुल्प को अपनी चार सदस्यीय टीम में शामिल नहीं किया है। ग्रीक्सपोर वर्तमान में नीदरलैंड के नंबर एक खिलाड़ी हैं और उनकी विश्व रैंकिंग 25 है। जैंडस्चुल्प की विश्व रैंकिंग 75 है। भारत के खिलाफ मुकाबले में एकल वर्ग में विश्व रैंकिंग में 71वें स्थान पर काबिज जेस्पर डी जोंग और 158वीं रैंकिंग के खिलाड़ी गाय डेन ओडेन नीदरलैंड की चुनौती की अगुवाई करेंगे।

## विजय हजारे ट्रॉफी : श्रेयस ने की फिटनेस साबित, 53 गेंद में बनाए 82 रन

# अय्यर की जबरदस्त वापसी, उड़ाई आतिशी फिफ्टी, 155 की स्ट्राइक रेट से बनाए रन

एजेंसी ▶▶| मुंबई

श्रेयस अय्यर ने चोट से उबरने के बाद जोरदार वापसी की है। उन्होंने विजय हजारे ट्रॉफी 2025-26 में मुंबई के लिए हिमाचल प्रदेश के खिलाफ जबरदस्त अर्धशतक लगाया। श्रेयस अय्यर ने चौथे नंबर पर उतरकर 53 गेंद में 82 रन की पारी खेली। इसमें 10 चौके व तीन छक्के शामिल रहे। श्रेयस ने 155 की स्ट्राइक रेट से रन जुटाए। वे इस मुकाबले में मुंबई की कप्तानी भी संभाल रहे हैं।

शार्दुल ठाकुर के चोटिल होने की वजह से उन्हें यह जिम्मा मिला है। श्रेयस को अक्टूबर में ऑस्ट्रेलिया दौरे पर चोट लग गई थी। फील्डिंग के दौरान उनकी स्प्लीन में चोट आई थी। इसके बाद उन्हें सिडनी में आईसीयू में रखा गया था। तब से वे खेल से दूर रहे। रिकवर होने के बाद वे बेंगलुरु में बीसीसीआई के सेंटर ऑफ एक्सीलेंस गए और वहां रिहैब के बाद अब खेलने उतरे हैं। उन्होंने मुंबई की तरफ से खेलते हुए भारत और न्यूजीलैंड के खिलाफ वनडे सीरीज को लेकर फिटनेस से जुड़े संदेहों को भी दूर कर दिया।



### श्रेयस ने की तीसरे विकेट के लिए 77 रन की साझेदारी

श्रेयस मुंबई की पारी के आठवें ओवर में बैटिंग के लिए उतरे। तब टीम का स्कोर दो विकेट पर 55 रन था। इसके बाद मुशीर खान के साथ उन्होंने तीसरे विकेट के लिए 77 रन की साझेदारी की। मुशीर 51 गेंद में 73 रन बनाने के बाद आउट हुए। उनके जाने के बाद श्रेयस और सूर्या साथ आए। इनके बीच 63 रन की पार्टनरशिप हुई। श्रेयस ने 36 गेंद में अर्धशतक पूरा किया। तब तक वे चार चौके व तीन छक्के लगा चुके थे। पांचवें विकेट के रूप में 221 के कुल स्कोर पर श्रेयस आउट हुए।



### पडिक्कल 5वें शतक से चूके सीजन में बनाए 600 से ज्यादा रन

**अहमदाबाद।** देवदत्त पडिक्कल का विजय हजारे ट्रॉफी में शानदार फॉर्म जारी है। उन्होंने मंगलवार को अहमदाबाद के गुजरात कॉलेज ग्राउंड में राजस्थान के खिलाफ छह पारियों में 5वीं बार 50 से ज्यादा का स्कोर बनाया। हालांकि वह छह मैचों में 5वें शतक से चूक गए। लेफ्ट-आर्म स्पिनर मानव सुथार के खिलाफ कर्नाटक के ओपनर पडिक्कल 91 रन पर आउट हो गए। 34 पारियों में उनके 13 शतक पहले से ही एक शानदार उपलब्धि है। वह सिर्फ महाराष्ट्र के अंकित बावने (99 मैचों में 15) और ऋतुराज गायकवाड़ (57 मैचों में 14) से भी पीछे है।



### अमन ने ठोका दोहरा शतक जड़े 12 चौके और 13 छक्के

**राजकोट।** अमेरिका में जन्में अमन राव ने बड़े शॉट खेलने के अपने कौशल का शानदार नजारा पेश करते हुए विजय हजारे ट्रॉफी के ग्रुप बी मैच में नाबाद दोहरा शतक लगाया, जिससे हैदराबाद ने बंगाल के खिलाफ पांच विकेट पर 352 रन का बड़ा स्कोर खड़ा किया। उन्होंने लिस्ट ए में अपने तीसरे मैच में ही 109 गेंदों पर नाबाद 200 रन बनाए। उन्होंने अपनी पारी में 12 चौके और 13 छक्के जड़े। यह टूर्नामेंट के इस सत्र का दूसरा दोहरा शतक है।

### विष्णु विनोद ने 84 गेंद में खेली शतकीय पारी खेली

केरल के बल्लेबाज विष्णु विनोद ने विजय हजारे ट्रॉफी के छठे राउंड में तूफानी पारी खेली। उन्होंने नाबाद 162 रन की पारी खेली और केरल को पुडुचेरी के खिलाफ आठ विकेट की बड़ी जीत दिलाई। विनोद ने चौथे नंबर पर आकर 84 गेंद में 13 चौकों व 14 छक्कों से शतकीय पारी खेली। इससे केरल ने 248 रन के लक्ष्य को 29 ओवर में ही हासिल कर लिया। विनोद ने अपनी पारी से नए रिकॉर्ड बनाए। वे लिस्ट ए क्रिकेट में तीसरा सबसे तेज 150 प्लस स्कोर बनाने वाले भारतीय बल्लेबाज बने। उन्होंने 81 गेंद में यह आंकड़ा छुआ। वे वैभव सूर्यवंशी (59) और दिनेश कार्तिक (80) से पीछे रहे। विनोद की पारी में 14 छक्के शामिल रहे। इससे उन्होंने विजय हजारे ट्रॉफी में 100 सिक्सेज की उपलब्धि भी हासिल की।

### गिल का नहीं चला बल्ला

जयपुर। विजय हजारे ट्रॉफी में पंजाब की तरफ से ओपनिंग करते हुए शुभमन गिल का बल्ला नहीं चला। गोवा के खिलाफ जयपुर में खेले जा रहे मुकाबले में शुभमन गिल 11 रन बना सके। उन्हें वासुकी कौशिक ने आउट किया। शुभमन गिल केवल 12 गेंद खेल सके, जिसमें दो चौके शामिल रहे। शुभमन गिल को पंजाब के लिए विजय हजारे ट्रॉफी में दो मैच खेलने थे लेकिन बीमारी की वजह से पिछला राउंड नहीं खेल पाए थे। शुभमन ने 212 रन के लक्ष्य का पीछा पंजाब के कप्तान प्रभसिमरन सिंह के साथ मिलकर शुरू किया। प्रभसिमरन दो रन बना सके। शुभमन गिल अब न्यूजीलैंड के खिलाफ तीन वनडे की सीरीज में टीम इंडिया की कप्तानी संभालेंगे। वे गर्दन में चोट की वजह से साउथ अफ्रीका के खिलाफ हुई वनडे सीरीज से बाहर रहे थे।

**आईसीसी टी20 रैंकिंग**

## हरमनप्रीत ने लगाई छलांग शीर्ष से खिसकी दीप्ति



एजेंसी ▶▶| दुबई

भारतीय कप्तान हरमनप्रीत कौर श्रीलंका के खिलाफ पांच मैचों की श्रृंखला में तिरुवनंतपुरम में खेले गए आखिरी मुकाबले में मैच जिताऊ पारी खेलने के बाद जारी आईसीसी महिला टी20 की नवीनतम रैंकिंग में बल्लेबाजों की सूची में दो स्थान के सुधार के साथ 13वें पायदान पर पहुंच गई।

भारत ने इस मैच को 15 रन से जीत कर 30 दिसंबर को समाप्त हुई श्रृंखला में 5-0 से क्लीन स्वीप किया। हरमनप्रीत को इस मैच में 43 गेंदों में 68 रन की शानदार पारी के लिए 'प्लेयर ऑफ द मैच' चुना गया। वह इस पारी के बाद रैंकिंग में शीर्ष 10 के और करीब पहुंच गई हैं। स्मृति मंधाना और शेफाली वर्मा क्रमशः तीसरे और छठे स्थान पर बरकरार है जबकि ऑस्ट्रेलिया की बेथ मूनी ने शीर्ष स्थान पर अपनी पकड़ मजबूत कर ली। जेमिमा रोड्रिग्स हालांकि शीर्ष 10 से बाहर हो कर 12वें स्थान पर खिसक गई है।

### श्रीचरनी पांच पायदान ऊपर चढ़ी

दीप्ति शर्मा गेंदबाजी रैंकिंग में शीर्ष स्थान से नीचे आ गईयी है। पांचवें टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच में उनका 28 रन पर एक विकेट लेना ऑस्ट्रेलिया की एनाबेल सदरलैंड को शीर्ष पर पहुंचने से रोकने के लिए काफी नहीं था। दीप्ति रेटिंग अंक के मामले में सदरलैंड (736) से सिर्फ एक अंक पीछे हैं। गेंदबाजी रैंकिंग में भारतीय बाएं हाथ की स्पिनर श्रीचरनी पांच पायदान ऊपर चढ़कर 47वें स्थान पर पहुंच गई। श्रीलंका के लिए कविशा दिलहारी (एक पायदान ऊपर चढ़कर 32वें स्थान पर) और चमारी अटापट्टू (तीन पायदान ऊपर चढ़कर 48वें स्थान पर) ने गेंदबाजी रैंकिंग में सुधार किया।

**ऑकलैंड ओपन**

## 45 साल की उम्र में वीनस का कोर्ट में जुझारू प्रदर्शन

**खेला अपना 1101वां मैच**




एजेंसी ▶▶| वेलिंगटन

वीनस विलियम्स ने 45 साल की उम्र में भी अपने जुझारूपन का शानदार नमूना पेश किया लेकिन आखिर में वह मंगलवार को यहां ऑकलैंड ओपन डब्ल्यूटीए टूर टेनिस टूर्नामेंट में पांचवीं वरीयता प्राप्त मैग्डा लिनेट से हार गईं।

■ पांचवीं वरीयता प्राप्त मैग्डा लिनेट से हारी

वर्ष 2026 में अपना पहला एकल मैच खेल रही वीनस ने अच्छा प्रदर्शन किया, लेकिन अंत में उन्हें 52वीं रैंकिंग की खिलाड़ी लिनेट से 6-4, 4-6, 6-2 से हार का सामना करना पड़ा। लिनेट उस समय केवल दो साल की थीं जब वीनस ने पेशेवर टूर पर अपना पहला एकल मैच खेला था। यह मैच डब्ल्यूटीए टूर पर एकल वर्ग में विलियम्स का 1101वां मैच था। उन्होंने अपने से 12 साल छोटी खिलाड़ी के सामने जिस तरह की चुनौती पेश की उससे उनका होबार्ट इंटरनेशनल और ऑस्ट्रेलियाई ओपन में खेलने के लिए ऑस्ट्रेलिया जाने से पहले आत्मविश्वास बढ़ेगा।

### ऑस्ट्रेलियाई ओपन में मिली वाइल्ड कार्ड एंट्री

सात बार की ग्रैंड स्लैम चैंपियन वीनस को ऑकलैंड ओपन के अलावा 12 जनवरी से होबार्ट में होने वाले टूर्नामेंट तथा साल के पहले ग्रैंड स्लैम टूर्नामेंट ऑस्ट्रेलियाई ओपन के लिए वाइल्ड कार्ड से प्रवेश मिला है। ऑस्ट्रेलियाई ओपन 18 जनवरी से शुरू होगा। ऑकलैंड में खेला गया यह मैच वीनस का पिछले साल अगस्त में अमेरकी ओपन के पहले दौर में कैरोलिना मुचोवा से 6-3, 2-6, 5-1 से हारने के बाद पहला एकल मैच था। वीनस ने इससे पहले ऑकलैंड ओपन की शीर्ष वरीयता प्राप्त खिलाड़ी एलिना स्वितोलिना के साथ मिलकर सोमवार को युगल मैच खेला था, जिसमें उन्हें इवा जोविक और एलेक्जेंड्रा एला से 7-6 (7), 6-1 से हार का सामना करना पड़ा था।

## स्वीटी को हराकर लवलीना राष्ट्रीय मुक्केबाजी चैंपियनशिप में आगे बढ़ी



**ग्रेटर नोएडा।** तोक्यो ओलंपिक की कांस्य पदक विजेता लवलीना बोरगोहेन ने मंगलवार को राष्ट्रीय मुक्केबाजी चैंपियनशिप के 75 किग्रा प्री-क्वार्टरफाइनल में स्वीटी बूरा के खिलाफ खंडित फैसले से जीत के साथ अंतिम आठ में अपनी जगह पक्की की। स्वीटी ने शुरुआत से ही तेज व सटीक पंचों से लवलीना पर दबाव बना दिया। मुकाबले के आगे बढ़ने के साथ हालांकि लवलीना ने लय पकड़ी और कुछ करारे प्रहार किया। मुकाबला काफी रोमांचक था लेकिन जज का फैसला लवलीना के पक्ष में रहा। लवलीना ने मुकाबले के बाद कहा, "मैं लंबे ब्रेक के बाद लौटी हूं, ऐसे में मुझे आज के मुकाबले के कठिन होने की उम्मीद थी। मेरी रणनीति पहले दौर में शांत रहकर स्थिति का जायजा लेना और फिर आक्रामक रुख अपनाना थी। यह कारगर साबित हुई।" स्वीटी मुकाबले के बाद व्यंग्यात्मक मुस्कान के साथ हाथ उठाकर इशारा किया कि भले ही नतीजा उनके खिलाफ गया हो, फिर भी उन्होंने मुकाबला जीत लिया है। उन्होंने कहा, मैं लगातार पंच मार रही थी। मेरे हिसाब से लवलीना को तीन काउंट देने के बाद ही मुकाबला पहले राउंड में खत्म हो जाना चाहिए था। मुझे लगा था कि मुझे 5-0 से जीत मिलेगी, लेकिन ऐसा नहीं हुआ।"

## मलेशिया ओपन : लक्ष्य दूसरे दौर में, आयुष ने ली जी जिया के खिलाफ किया उलटफेर

एजेंसी ▶▶| कुआलालंपुर




भारत के आयुष शेट्टी ने 2024 पेरिस ओलंपिक के कांस्य पदक विजेता मलेशिया के ली जी जिया को सीधे गेमों में हराकर उलटफेर किया जबकि लक्ष्य सेन ने भी मंगलवार को यहां मलेशिया ओपन सुपर 1000 बैडमिंटन टूर्नामेंट में शानदार शुरुआत के साथ पुरुष एकल के अंतिम 16 में अपनी जगह पक्की की। यूएस ओपन सुपर 300 जीतकर अपनी प्रतिभा का परिचय देने वाले युवा खिलाड़ी शेट्टी ने अंतिम 32 के मैच में 21-12 21-17 से उलटफेर भरी जीत दर्ज की। यह मुकाबला महज 39 मिनट चला। शेट्टी के सामने अंतिम 16 में शीर्ष वरीयता प्राप्त चीन के शी यू क्यूई की चुनौती होगी। जिया पूर्व ऑल इंग्लैंड चैंपियन हैं और वर्तमान में विश्व रैंकिंग में 144 वें स्थान पर हैं। वह पिछले साल सितंबर में हुए चाइना मास्टर्स के बाद अपना पहला टूर्नामेंट खेल रहे हैं। वह चोट के कारण लंबे समय तक खेल से दूर रहे थे। भारत के स्टार खिलाड़ी लक्ष्य सेन ने कुछ विषम परिस्थितियों से गुजरने के बावजूद सिंगापुर के जिया हेंग जेसन तेह को तीन गेम तक चले कड़े मुकाबले में पराजित किया। पिछले सत्र के आखिर में ऑस्ट्रेलियाई ओपन का खिताब जीतने वाले 24 वर्षीय सेन ने मलेशिया ओपन में विश्व रैंकिंग में 21वें नंबर के खिलाड़ी तेह को 70 मिनट में 21-16 15-21 21-14 से हराया। विश्व चैंपियनशिप 2021 के कांस्य पदक विजेता और वर्तमान में विश्व रैंकिंग में 13वें स्थान पर काबिज सेन का अगला मुकाबला फ्रांस के छठी वरीयता प्राप्त क्रिस्टो पोपोव या हांगकांग के ली चेउक यिउ के बीच होने वाले मैच के विजेता से होगा। बाएं घुटने की चोट के कारण छह महीने के अंतराल के बाद वापसी करने वाली मालविका बंसोड़ को महिला एकल में हालांकि पहले दौर में थाईलैंड की सातवीं वरीयता प्राप्त और पूर्व विश्व चैंपियन रत्चानोक इंतानोन से 11-21 11-21 से हार का सामना करना पड़ा।

## 18 जनवरी से टूर्नामेंट की शुरुआत, पुरस्कार राशि में 16 फीसदी की बढ़ोतरी

# ऑस्ट्रेलियन ओपन की प्राइज मनी 6 अरब 75 करोड़ रुपये के पार

एजेंसी ▶▶| मेलबर्न

ऑस्ट्रेलियन ओपन टेनिस टूर्नामेंट 2026 के लिए खिलाड़ी तैयार हैं। टूर्नामेंट से पहले खिलाड़ी वार्म अप मैच खेल रहे हैं। इसके बीच ऑस्ट्रेलियन ओपन की पुरस्कार राशि को लेकर बड़ी अपडेट आई है।

पिछले साल की तुलना में राशि में 16 प्रतिशत बढ़ोतरी की गई है और 18 जनवरी से शुरू होने वाले इस ग्रैंडस्लैम की इनामी राशि रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गई है। साल के पहले ग्रैंड स्लैम टूर्नामेंट के आयोजकों ने अब तक की सबसे बड़ी पुरस्कार राशि की घोषणा की, जो 2026 के लिए 111.5 मिलियन ऑस्ट्रेलियाई डॉलर यानी 6 अरब 75 करोड़ 47 लाख रुपए के करीब है।

### 16 प्रतिशत अधिक

यह 2025 में 96.5 मिलियन ऑस्ट्रेलियाई डॉलर की पुरस्कार राशि से 16 प्रतिशत अधिक है। महिला और पुरुष सिंगल्स में चैंपियन रहने वाले खिलाड़ियों को 41.5 लाख ऑस्ट्रेलियाई डॉलर यानी 25 करोड़ रुपए के करीब मिलेंगे, जो पिछले साल की तुलना में 19 प्रतिशत अधिक है। पिछले सीजन यानकि सिनर और मैडिसन की ने खिताब जीता था।



### पहले राउंड में हारने वाले को एक करोड़

टेनिस ऑस्ट्रेलिया ने इस राशि के बंटवारे में खास तौर पर शुरुआती राउंड में हारने वाले खिलाड़ियों और क्वालिफायर्स को टारगेट किया है। मेन ड्रॉ के पहले राउंड में बाहर होने वाले खिलाड़ियों को अब एक करोड़ रुपये मिलेंगे, जबकि क्वालिफाइंग के पहले राउंड में बाहर होने वालों को साढ़े 24 लाख रुपए मिलेंगे।

### प्राइज मनी में अब तक 55 प्रतिशत की बढ़ोतरी

टेनिस ऑस्ट्रेलिया के सीईओ क्रेग टिली ने कहा कि यह 16 प्रतिशत की बढ़ोतरी हर लेवल पर टेनिस करियर को सपोर्ट करने की हमारी कमिटमेंट को दिखाती है। उन्होंने आगे कहा कि 2023 से क्वालिफाइंग प्राइज मनी को 55 प्रतिशत बढ़ाने से लेकर खिलाड़ियों के फायदों को बेहतर बनाने तक हम यह पक्का कर रहे हैं कि प्रोफेशनल टेनिस सभी खिलाड़ियों के लिए जीवित रहे। ऑस्ट्रेलियन ओपन 2026 की शुरुआत 18 जनवरी से होगी और एक फरवरी को इसका फाइनल खेला जाएगा।




## खबर संक्षेप

### इजराइल का लेबनान पर हवाई हमला, इमारत ध्वस्त



**सिडोन।** इजराइल की वायुसेना ने सोमवार देर रात और मंगलवार तड़के लेबनान के सिडोन समेत दक्षिणी एवं पूर्वी इलाकों पर हमले किए। सोमवार-मंगलवार की दरम्यानी रात करीब एक बजे हुए एक हमले में दक्षिणी तटीय शहर सिडोन में तीन मंजिला एक वाणिज्यिक इमारत ध्वस्त हो गई। ये हमले ऐसे समय में हुए हैं जब कुछ ही दिन बाद लेबनान के सेना प्रमुख इजराइल के साथ लगती सीमा वाले इलाके में चरमपंथी समूह हिज्बुल्ला के निरस्त्रीकरण के अपने मिशन के बारे में सरकार को जानकारी देने वाले हैं। लेबनान के राष्ट्रपति जोसेफ औन ने निंदा की।

### जापान में भूकंप के तेज झटके से कांपी धरती



**टोक्यो।** मंगलवार तड़के पश्चिमी जापान में कई भूकंप आए, जिनमें से एक की तीव्रता 6.2 थी। इनका केंद्र शिमाने प्रांत और पड़ोसी तोटोरी प्रांत में था। पहला भूकंप सुबह 10:18 बजे (जेएसटी) आया, जिसकी तीव्रता 6.2 थी और यह लगभग 6 मील की गहराई पर केंद्रित था। जापान के भूकंपीय तीव्रता पैमाने पर इसकी तीव्रता 5 से ऊपर दर्ज की गई। इसके तुरंत बाद दूसरा भूकंप आया, जिसकी तीव्रता 5 से नीचे दर्ज की गई। भूकंप के बाद लंबे समय और देर सुबह तक कई झटके आते रहे।

### पिता बोले- निकिता का रूममेट था अर्जुन



**चंडीगढ़।** अमेरिका के कोलंबिया में कत्ल की गई डेटा और स्ट्रैटेजी एनालिस्ट निकिता गोडिशला के पिता आनंद गोडिशला ने चंडीगढ़ के आरोपी युवक को लेकर नया खुलासा किया है। पिता ने कहा कि चंडीगढ़ का अर्जुन शर्मा उनकी बेटी का बॉयफ्रेंड नहीं था। वह सिर्फ उसका रूममेट था। रुपयों के लेन-देन को लेकर उनकी बेटी की हत्या की गई है। निकिता की चचेरी बहन सरस्वती गोडिशला ने भी आरोप लगाया युवक ने निकिता के अकाउंट से 3500 अमेरिकी डॉलर (3.16 लाख रुपए) निकलवाए थे। जो उसने वापस नहीं लौटाए। इसी को लेकर विवाद हो रहा था। परिवार ने अमेरिका स्थित भारतीय दूतावास से मांग की कि निकिता की पार्थिव देह को उसके पैतृक घर भेजने की व्यवस्था की जाए ताकि वह अंतिम संस्कार कर सकें। निकिता मूल रूप से हैदराबाद की रहने वाली थी। वहीं अर्जुन के चंडीगढ़ में घर के एड्रेस का अभी पता नहीं चल पाया है।

---

### सोशल मीडिया पर धार्मिक रूप से विवादित टिप्पणियों को लेकर दो समूहों के बीच टकराव

# नेपाल के बीरगंज में हिंसा के बाद तनाव, गोली मारने के आदेश, भारत में भी बढ़ाई गई सुरक्षा

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

नेपाल के बीरगंज में हिंसा के बाद तनाव बना हुआ है। सांप्रदायिक सोशल मीडिया वीडियो से उपजा पूरा विवाद धार्मिक स्थल से जुड़ा है। चिंताजनक स्थिति को देखते हुए स्थानीय पुलिस-प्रशासन ने एहतियाती कर्फ्यू लगाने का ऐलान किया। पड़ोसी देश में तनाव और उथल-पुथल के बीच भारत में भी सुरक्षा बढ़ा दी गई है।

स्थानीय मीडिया में आई खबरों के मुताबिक नेपाल की सरकार ने कहा है कि बहुत जरूरी होने पर ही घरों से बाहर निकलें। जिला प्रशासन कार्यालय, परसा ने तनावपूर्ण स्थिति के बीच कर्फ्यू मंगलवार शाम 6 बजे तक बढ़ा दिया है। इससे पहले प्रशासन ने कर्फ्यू का वक्त दोपहर एक बजे तक बढ़ाया था।

■ कर्फ्यू के बीच काबू में हालात

बता दें, बीरगंज की सीमा भारत में बिहार से लगती है। यहां रविवार से ही लगातार तनाव बढ़ रहा है। टिकटॉक पर धार्मिक रूप से विवादित टिप्पणियों को लेकर दो समूहों के बीच टकराव शुरू हुआ था।

इसकी शुरुआत धनुषा में कमला नगरपालिका से हुई। रिपोर्ट्स में धार्मिक किताबों को जलाने की बातें भी सामने आई।

*कर्फ्यू का उल्लंघन करने वालों पर कड़ी कार्रवाई का आदेश*



बीरगंज में प्रदर्शन करती भीड़

#### कर्फ्यू के बीच सशर्त रियायत भी मिलेगी

*प्रशासन ने यह भी स्पष्ट किया है कि कर्फ्यू की अवधि के दौरान सुरक्षाकर्मियों को आवश्यक सेवाओं में रियायत देने के निर्देश दिए गए हैं। कर्फ्यू की अवधि में एंबुलेंस, अग्निशमन वाहन, शव वाहन, स्वास्थ्यकर्मियों के वाहनों, मीडिया कर्मियों, पर्यटकों की गाड़ियों, मानवाधिकार और राजनयिक मिशनों के वाहनों और वैध टिकट के साथ यात्रा के लिए एयरपोर्ट जा रहे यात्रियों की आवाजाही को सुगम बनाने के दिशा-निर्देश दिए गए हैं।*

#### लोगों को घर से बाहर नहीं निकलने की सलाह

प्रशासन ने लोगों को चेतावनी देते हुए कहा कि कर्फ्यू के दौरान, सुरक्षाकर्मियों को देखते ही गोली मारने का अधिकार दिया गया है। इसलिए नागरिकों से अनुरोध है कि बहुत जरूरी होने पर ही अपने घरों से बाहर निकलें। बाहर निकलने की विवशता होने पर निकटतम सुरक्षाकर्मी से संपर्क करें। मोबाइल से 100 पर कॉल करें। कर्फ्यू का उल्लंघन करने वाले किसी भी व्यक्ति के खिलाफ कानून के अनुसार कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

**सभा जुलूस प्रदर्शन प्रतिबंधित**

*परसा जिला कार्यालय के मुख्य अधिकारी भोला दहाल द्वारा हस्ताक्षरित एक नोटिस के अनुसार शांति और सुरक्षा बनाए रखने के लिए निर्धारित क्षेत्रों में किसी भी प्रकार की सभा करने, जुलूस निकालने और प्रदर्शन करने पर पूर्णतः प्रतिबंध लगा दिया गया है। बस पार्क, नागवा, इनारवा (पूर्व), सिरसिया नदी (पश्चिम), गंडक चौक (उत्तर) और शंकराचार्य गेट (दक्षिण) को संवेदनशील इलाके के रूप में चिह्नित किया है।*

#### ओली-प्रचंड और देऊबा की पार्टियों में गठबंधन संभव

नेपाल में तीन पूर्व पीएम शेर बहादुर देउबा, केपी शर्मा ओली और पुष्प कमल दहल प्रचंड की पार्टियां गठबंधन की तैयारी कर रही हैं। ये गठबंधन संसद के ऊपरी सदन 'राष्ट्रीय सभा' के लिए चुनाव के लिए हो सकता है। इस गठबंधन में मधेस क्षेत्र की पार्टी को भी शामिल करने पर विचार हो रहा है। नेपाली कांग्रेस, सीपीएन-यूएमएल, नेपाली कम्युनिस्ट पार्टी और जनता समाजवादी पार्टी के बीच सीट बंटवारे और साझा रणनीति पर बात हो रही है। यह चुनाव 25 जनवरी को होना है। राष्ट्रीय सभा में कुल 59 सदस्य होते हैं। इनमें से हर दो साल में एक-तिहाई सदस्य रिटायर होते हैं। इस बार 4 मार्च को 18 सदस्यों का कार्यकाल पूरा हो रहा है। इन्हीं खाली होने वाली सीटों को भरने के लिए चुनाव कराया जाएगा।



नेपाल में तीन पूर्व पीएम पुष्प कमल दहल प्रचंड (बाएं), केपी शर्मा ओली (मध्य) और शेर बहादुर देउबा

---

### बांग्लादेश में 18 दिनों में 6 हिंदुओं की हत्या

## लक्षित हमलों को बांग्लादेश ने बताया सामान्य अपराध



अंतरिम सरकार के सलाहकार युनूस

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

बांग्लादेश में अल्पसंख्यक हिंदू समुदाय के खिलाफ हिंसा फिर से बढ़ रही है। पिछले 24 घंटों में दो हिंदुओं की हत्या ने कानून-व्यवस्था और अल्पसंख्यकों की सुरक्षा को लेकर गंभीर चिंताएं पैदा कर दी हैं। इन घटनाओं से 18 दिनों में हिंदुओं की हत्याओं की कुल संख्या छह हो गई है। एक हिंदू विधवा महिला के साथ बलात्कार भी किया गया है। पड़ोसी देश में हिंदुओं पर हो रहे हमले से भारत में भी माहौल तनावपूर्ण हो रहा है। भारत में कई जगहों पर विरोध-प्रदर्शन हो रहा है। बांग्लादेश ने हिंदुओं की हत्या को लेकर भारत द्वारा उठाए जा रहे सवालों पर अंतरिम सरकार के प्रमुख सलाहकार मोहम्मद युनूस ने अपनी सफाई दी है। उन्होंने कहा कि यह अपराध की सामान्य घटना है।

#### दो हिंदू व्यापारियों को लूटा

बांग्लादेश के चट्टोग्राम और लक्ष्मीपुर में दो अलग-अलग घटनाओं में दो हिंदू सोना व्यापारियों से बड़ी लूट की वारदात सामने आई है। इन घटनाओं के बाद सराफा कारोबारियों में सुरक्षा को लेकर चिंता बढ़ गई है। खास बात यह है कि दोनों मामलों में बदमाशों ने खुद को कानून-व्यवस्था से जुड़े लोग बताकर वारदात को अंजाम दिया। चट्टोग्राम के हाजारी गली इलाके में सोने का कारोबार करने वाले कृष्ण कर्मकार ने बताया कि रविवार तड़के उनके कर्मचारियों से करीब 350 वोरी पिघला हुआ सोना लूट लिया गया। यह वारदात पंचलैश थाना क्षेत्र के रूफाबाद हिलव्यू इलाके में हुई।

## लक्जमबर्ग के पीएम से मिले विदेश मंत्री जयशंकर, कई क्षेत्रों में सहयोग पर चर्चा

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

विदेश मंत्री एस. जयशंकर फ्रांस और लक्जमबर्ग की छह दिन की यात्रा पर हैं। वह मंगलवार को लक्जमबर्ग पहुंचे और यहां उन्होंने मंगलवार पीएम ल्यूक फ्रीडेन से मुलाकात की। इस मुलाकात के दौरान दोनों नेताओं के बीच वित्तीय सेवाओं, निवेश, प्रौद्योगिकी आदि के क्षेत्र में सहयोग पर चर्चा हुई।

मुलाकात के दौरान एस. जयशंकर ने लक्जमबर्ग के पीएम ल्यूक फ्रीडेन को भारत के पीएम नरेंद्र मोदी की ओर से शुभकामनाएं दीं। साथ ही उन्होंने भारत-यूरोपीय संघ के मजबूत रिश्तों के समर्थन के लिए उन्हें धन्यवाद दिया। उनकी यात्रा से भारत और लक्जमबर्ग के रिश्तों को नई मजबूती मिली है।

सोमवार को जयशंकर ने अंतरराष्ट्रीय ऊर्जा एजेंसी (आईईए) के कार्यकारी निदेशक फतीह बिरोल से मुलाकात की और तेल बाजारों, परमाणु ऊर्जा समेत वैश्विक ऊर्जा मुद्दों पर उनसे चर्चा की। मुलाकात के बाद विदेश मंत्री ने कहा कि वैश्विक ऊर्जा परिदृश्य के उनके आकलन और भारत के विकास में उनके समर्थन की सराहना करता हूं।

---

### इंडोनेशिया में मूसलाधार बारिश

## बाढ़ से16 की मौत, 140 मकान क्षतिग्रस्त, 'बचाव' में जुटी सेना

एजेंसी ▸▸ मनाडो

इंडोनेशिया के उत्तरी सुलावेसी प्रांत में मूसलाधार बारिश के कारण आई बाढ़ में 16 लोगों की मौत हो गई। राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन एजेंसी के प्रवक्ता अब्दुल मुहारी ने बताया कि कई दिनों से जारी मानसूनी बारिश के बाद सोमवार सुबह नदियां उफान पर आ गईं।

इसी के बाद कीचड़, पत्थरों और मलबे से भरा तेज बहाव सिआउ तागुलंदांग बियारो जिले में लोगों को बहा ले गया और कई गांव पानी में डूब गए। पुलिस और सेना की मदद से आपातकालीन बचाव दलों को सिआउ द्वीप के बुरी तरह प्रभावित चार गांवों में भेजा गया।

यह छोटा सा द्वीप सुलावेसी द्वीप के उत्तरी छोर से करीब 130 किलोमीटर दूर है। मुहारी ने बताया कि पहाड़ियों से पानी के तेज बहाव के कारण सात घर पूरी तरह बह गए और 140 से ज्यादा मकान क्षतिग्रस्त हो गए। बाढ़ के चलते 680 से अधिक लोगों को चर्चों और



बारिश के बाद बाढ़ से मची तबाही

सार्वजनिक इमारतों में बने अस्थायी राहत शिविरों में शरण लेनी पड़ी। मंगलवार को बचावकर्मियों ने 16 शव बरामद किए।

उत्तरी सुलावेसी खोज एवं बचाव कार्यालय के प्रवक्ता नूरियादियन गुमेलेंग ने बताया कि तीन अन्य लापता लोगों की तलाश जारी है, जहां पूरे के पूरे इलाके पानी में डूब गए थे। सिटारो जिले की प्रमुख चिंतिया इंग्रिड कालांगित ने सोमवार से 14 दिनों के लिए आपातकाल घोषित किया है, ताकि राहत सामग्री पहुंचाने, लोगों को सुरक्षित निकालने और बुनियादी ढांचे की मरम्मत का काम तेजी से किया जा सके। इस बाढ़ में 25 लोग घायल भी हुए हैं।

### नए साल में इसरो का पहला मिशन

## 10 जनवरी को ईओएस-01 सहित 18 छोटे उपग्रहों की होगी लॉन्चिंग

एजेंसी ▸▸ चेन्नई

भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) का इस वर्ष का पहला मिशन संभवतः 10 जनवरी को श्रीहरिकोटा अंतरिक्ष पोर्ट से विश्वसनीय पीएसएलवी-सी 62 रॉकेट द्वारा ईओएस-01 इमेजिंग उपग्रह और 18 छोटे उपग्रहों के प्रक्षेपण के साथ शुरू होगा। इसरो के अनुसार, प्रक्षेपण प्रथम लांच पैड से होगा और पीएसएलवी-सी62 का प्रक्षेपण अब अस्थायी रूप से 10 जनवरी को निर्धारित किया गया है। ईओएस-एन1 उपग्रह, जो पीएसएलवी-सी62 का पेलोड है वह 26 दिसंबर को श्रीहरिकोटा अंतरिक्ष पोर्ट पर पहुंच गया है और 10 जनवरी को इसके प्रक्षेपण की उम्मीद है। इसके तुरंत बाद फरवरी में व्यावसायिक रूप से निर्मित पहले ध्रुवीय उपग्रह प्रक्षेपण वाहन,पीएसएलवी-एन1 का प्रक्षेपण किया जाएगा। पीएसएलवी -एन1, ईओएस-10 उपग्रह और भारत-मॉरीशस संयुक्त उपग्रह



पीएसएलवी–सी 62 रॉकेट

(आईएमजेएस) को अंतरिक्ष में ले जायेगा। आधिकारिक सूत्रों के अनुसार, पीएसएलवी सी-62, बहुमुखी और सबसे विश्वसनीय पीएसएलवी की 64वीं उड़ान होगी और पीएसएलवी-सी61 के बाद इसकी वापसी का मिशन होगा। यह मिशन 10 जनवरी को कई पेलोड के साथ प्रक्षेपित किया जाना है। इस मिशन का प्राथमिक पेलोड डीआरडीओ द्वारा रणनीतिक उद्देश्यों के लिए निर्मित ईओएस-एन1 इमेजिंग उपग्रह होगा। इसके अलावा, स्पेन स्थित स्टार्टअप ऑर्बिटल डेमोंस्ट्रेटर द्वारा विकसित 25 किलो का एक छोटा फुटबॉल के आकार का प्रोब भी उड़ान भरेगा।इसे केस्ट्रेल इनिशियल डेमोंस्ट्रेटर (केआईडी) कहा जाता है।

---

### बीएम-04 मिसाइल से भारतीय सेना की ताकत में होगा बड़ा इजाफा

**मिसाइल की मारक क्षमता 400 से 1500 किलोमीटर**

## शॉर्ट रेंज मिसाइल तैयार करेगा डीआरडीओ, सरकार ने दी मंजूरी

**30 मीटर से कम की सटीकता पर लक्ष्य तबाह**



शॉर्ट रेंज बैलिस्टिक मिसाइल बीएम-04

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

रक्षा अनुसंधान और विकास संगठन (डीआरडीओ) भारतीय सेना के लिए एक और नया हथियार तैयार करने वाला है। डीआरडीओ अब बीएम-04 मिसाइल बनाने जा रहा है, जोकि एक शॉर्ट रेंज बैलिस्टिक मिसाइल है। इसे तैयार करने के लिए डीआरडीओ को सरकार से मंजूरी मिल चुकी है।

#### पिनाका और अग्नि मिसाइलों के बीच की कैटेगरी

मिसाइल भारतीय सेना की ताकत में बड़ा इजाफा करने वाली है। मिसाइल पर काम पूरा होने के बाद इसकी टेस्टिंग की जाएगी। रेंज के मामले में पिनाका रॉकेट और अग्नि मिसाइलों के बीच की कैटेगरी में बीएम-04 को रखा गया है। दरअसल पिनाका की रेंज काफी कम होती है, जबकि अग्नि मिसाइलों की रेंज ज्यादा होती है।

#### दुश्मन के लिए काल साबित

*बीएम-04 मिसाइल दुश्मन के लिए काल साबित हो सकती है। ये मिसाइल उनके इलाकों में बिना न्यूक्लियर लिमिट को पार किए मिलिट्री इंफ्रास्ट्रक्चर, कमांड सेंटर, एयरबेस और लॉजिस्टिक्स हब को नेस्तानबूत कर सकती है। इसके विकास से टैक्टिकल बैटलफील्ड रॉकेट और स्ट्रेटेजिक न्यूक्लियर-कैपेबल मिसाइल के बीच का गैप पूरा हो जाएगा। दो फेज वाले सॉलिड प्रोपल्शन सिस्टम का इस्तेमाल करने वाली बीएम-04 का वजन 11,500 किलो होगा।*

#### आईआरएफ बनाने की तैयारी में भारत

बीएम-04 खास फिक्स्ड-विंग कॉन्फिगरेशन वाली मिसाइल होगी। ये अपने आखिरी फेज के दौरान बचाव के लिए रास्ता तेजी से बदल सकती है। आने वाले वक्त में भारत इंटीग्रेटेड रॉकेट फोर्स (आईआरएफ) बनाने की कोशिश में है। अगर ये तैयार हो गए तो ब्रह्मोस, बीएम-04, पिनाका का एक इंटीग्रेटेड प्लेटफार्म तैयार होगा।




हरिभूमि कम्यूनिकेशंस प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक देवेन्द्र सिंह बाल्यान द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशंस, चुलियाना मोड़, दिल्ली रोड, रोहतक-124517 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, 129, ट्रांसपोर्ट सैंटर, पंजाबी बाग, पश्चिमी दिल्ली, नई दिल्ली-110035 से प्रकाशित। सम्पादक : डॉ.हिमांशु द्विवेदी। आरएनआई नं 69631/1998, फोन : 011-40451115/16, 40451109